राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 01 मार्च 2026
वर्ष 07,अंक 149, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

किसानों को बताये जैविक खेती के फायदे...........03

शासकीय कुषाभाउ ठाकरे जिला अस्पताल बना लूट का अड्डा....12

## दिवंगत अजित पवार और डिप्टी CM सुनेत्रा पवार को बड़ी राहत, 25000 करोड़ के घोटाले में क्लीन चिट

**● दिवंगत अजित पवार और सुनेत्रा पवार को 25 हजार करोड़ के MSC बैंक घोटाले में कोर्ट ने राहत दे दी है. कोर्ट ने दोनों नेताओं को क्लीन चिट दी है.**



**ब्यूरो प्रयागराज।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की उस रिपोर्ट को मान लिया है, जिसमें महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक (शिखर बैंक) में लोन बांटते समय करीब 25,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को क्लीन चिट दी गई थी। कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा है कि मामले में कोई भी सजा लायक अपराध साबित नहीं हुआ है। विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा की दिवंगत उपमुख्यमंत्री की 'सी-समरी' रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इससे अजित पवार समेत उन सभी राजनीतिक नेताओं को राहत मिली, जिसका नाम इस घोटाले में शामिल था। अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा कि कथित 25,000 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में कोई दंडनीय अपराध साबित नहीं हुआ है।

मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा 25,000 करोड़ रुपये के महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) मामले में दायर की गई क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिससे महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और इस मामले में 70 से अधिक अन्य लोगों को क्लीन चिट मिल गई।

यह मामला 2019 में बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा एमएससीबी और जिला सहकारी बैंकों पर लगे आरोपों के आधार पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश के बाद शुरू हुआ था। इन बैंकों ने चीनी कारखानों को ब्याज मुक्त ऋण जारी किए ताकि बैंक अधिकारियों और राजनेताओं से जुड़े लोगों के पक्ष में ऋण खाते बनाए जा सकें। यह भी आरोप लगाया गया कि कंपनियों ने बाद में अपनी यूनिट संपत्तियों को बेहद कम कीमतों पर बेच दिया। ईओडब्ल्यू की 35 पन्नों की क्लोजर रिपोर्ट में तीन प्रमुख लेन-देन की जांच की गई और ऋण स्वीकृत करने या सतारा में जरंदेश्वर शुगर सहकारी कारखाना सहित चीनी कारखानों की बिक्री में कोई आपराधिक अनियमितता नहीं पाई गई।

आरोप लगाया गया था कि कारखानों को अलाभकारी पाया गया, फिर उन्हें गैर-निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया और पवार परिवार के स्वामित्व वाली कंपनियों सहित बैंक अधिकारियों और राजनेताओं के रिश्तेदारों से जुड़ी कंपनियों को बहुत कम कीमतों पर बेच दिया गया। ईओडब्ल्यू ने अब कहा है कि बैंक को कोई नुकसान नहीं हुआ है, और यह भी कहा है कि उसने जांच के दायरे में आए ऋणों से 1343 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली कर ली है।

## फ्रंट कमांड के निर्देशों का पालन करें...हर समय चौकन्ने रहें, ईरान पर अटैक के बाद भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

**● अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान के तेहरान समेत 30 शहरों पर हमला किया है. इस बीच भारत की एडवाइजरी जारी की है. भारतीय दूतावास की तरफ से एडवाइजरी जारी करते हुए कहा गया, 'वे अगली सूचना तक इजराइल के अंदर सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचें.'**

अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान के तेहरान समेत 30 शहरों पर हमला किया है. भारत ने एडवाइजरी जारी की है. भारत ने इजराइल में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर उन्हें सतर्क रहने को कहा है. भारतीय दूतावास की तरफ से कहा गया, 'भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सुरक्षा गाइडलाइंस और निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

भारतीय दूतावास की तरफ से एडवाइजरी जारी करते हुए कहा गया, 'इलाके में मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे बहुत सावधानी बरतें और हर समय चौकन्ने रहें. सभी भारतीय नागरिकों को तय शेल्टर के पास रहना चाहिए और अपने रहने या काम करने के इलाके में सबसे पास की सुरक्षित जगहों के बारे में पता होना चाहिए. भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक इजराइल के अंदर सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचें।

एडवाइजरी में आगे बताया गया कि नागरिकों को लोकल न्यूज, ऑफिशियल अनाउंसमेंट और इमरजेंसी अलर्ट रेगुलर देखते रहने के लिए कहा जाता है. किसी भी इमरजेंसी में, भारतीय नागरिक 24×7 हेल्पलाइन के जरिए तेल अवीव में भारतीय एम्बेसी से संपर्क कर सकते हैंः टेलीफोनः +972-54-7520711 और ई-मेलः consv.telaviv@mea.gov.in ये है. एंबेसी संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और जरूरत के हिसाब से अपडेट जारी करती रहेगी।

### इजरायल में अभी काम करते हैं 20 हजार भारतीय

इजराइल में अभी 20 हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं. ये सभी इजराइल के अलग-अलग शहरों में रहते हैं. तेल अवीव में भारतीय दूतावास की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, इजरायल में





ज्यादातर भारतीय मुख्य रूप से इजरायली बुजुर्गों की देखभाल के लिए केयरगिवर के रूप में, हीरा व्यापारी, आईटी पेशेवर और छात्र शामिल हैं. इाके अलावा इजराइल में भारतीय मूल के लगभग 85,000 यहूदी भी रहते हैं।

### एअर इंडिया की फ्लाइट वापस लौटी

जंग के बीच इजराइल की राजधानी तेनल अवीव जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट वापस लौट आई है. एअर इंडिया ने इजराइल हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण अपनी दिल्ली-तेल अवीव उड़ान को मुंबई की ओर मोड़ दिया. एयरलाइन ने एक बयान में कहा, '28 फरवरी को दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली एआई139 फ्लाइट इस्त्राइल में हवाई क्षेत्र बंद होने और यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के हित में भारत लौट रही है.' एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया है।

### भारतीय नागरिक करें निर्देशों का करें पालन

एडवाइजरी में लोगों को निर्देश दिया गया है कि सभी भारतीय नागरिकों को तय शेल्टर के पास रहना चाहिए और अपने रहने या काम करने की जगह के सबसे पास की सुरक्षित जगहों के बारे में पता होना चाहिए।

भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक इजरायल के अंदर सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचें। नागरिकों को लोकल न्यूज, ऑफिशियल अनाउंसमेंट और इमरजेंसी अलर्ट पर रेगुलर नजर रखने के लिए कहा गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के कालकाजी दफ्तर में सेंधमारी, खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

**नई दिल्ली।** कालकाजी में नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के दफ्तर में शुक्रवार रात सेंधमारी का मामला सामने आया है। दफ्तर में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी होना की आशंका जताई जा रही है। सत्यार्थी के चिल्ड्रेन फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि शनिवार को अवकाश होने के चलते चोरी हुए दस्तावेजों का आंकलन नहीं हो पाया है। सोमवार को कर्मचारियों के पहुंचने पर ही स्थिति साफ हो सकेगी। शिकायत पर कालकाजी थाने में बीएनएस की धारा 305 और 331(4) के तहत एफआइआर दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

**ताला टूटने को लेकर पीसीआर कॉल आयी**

पुलिस के मुताबिक सुबह 10.08 बजे कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के आफिस का ताला टूटने को लेकर पीसीआर कॉल आयी। इस पर टीम मौके पर पहुंची और क्राइम सीन को सुरक्षित किया। शिकायतकर्ता एडमिन हेड फराज आलम ने पुष्ट किया कि सेंधमारी हुई थी। हालांकि, वह चोरी हुए सामान की लिस्ट नहीं दे सके। संस्था के प्रवक्ता के मुताबिक फाउंडेशन की ओर से इन्वेंट्री आडिट के बाद ही इसे उपलब्ध कराया जा सकेगा। क्राइम टीम के साथ ही फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। वहीं संदिग्धों की पहचान करने के लिए आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

**नौ वर्ष पहले घर पर हुई थी चोरी**

घटनास्थल से कुछ ही दूर पर कैलाश कालोनी में नोबेल पुरस्कार कैलाश सत्यार्थी का घर है। सात फरवरी 2017 को उनके घर से चोरों ने गहने और पैसों पर तो हाथ साफ किए ही, साथ ही नोबेल पुरस्कार की रेप्लिका, नोबेल डिप्लोमा और राष्ट्राध्यक्षों व अंतरराष्ट्रीय गणमान्य लोगों से मिले कई मेडल चोरी चुरा ले गए थे। उस मामले में भी कालकाजी थाने में शिकायत दर्ज हुई थी। हालांकि गनीमत ये थी कि उस समय असली नोबेल मेडल सुरक्षित था, जो राष्ट्रपति भवन म्यूजियम में रखा हुआ है।

## बसपा विधायक के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी समाप्त, जल्द ही भेजा जाएगा पूछताछ का नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर के ठिकानों पर चार दिनों से चल रही आयकर विभाग की छापेमारी समाप्त हो गई है। आयकर विभाग की टीमें कंप्यूटरों की हार्ड डिस्क, कई मोबाइल, भूखंडों के पट्टों के दस्तावेज लेकर लखनऊ लौट आई है। अब दस्तावेजों की पड़ताल कर संबंधित को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा जाएगा।

आयकर विभाग ने पिछले बुधवार को बलिया के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र से बसपा के विधायक के लखनऊ, बलिया, प्रयागराज, मीरजापुर, सोनभद्र स्थित 30 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी सीएजी की पिछले वर्ष आई रिपोर्ट के आधार पर की गई थी। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, अभी तक की कार्रवाई में 10 करोड़ रुपये की नकदी सहित कई संपत्तियों के दस्तावेज बरामद किए जा चुके हैं। दूसरी तरफ मीरजापुर, बलिया व सोनभद्र में भी अवैध खनन के मामले की जांच कर आयकर विभाग की टीमें लखनऊ लौट आइ हैं। सूत्रों के अनुसार विधायक के खनवर स्थित पैतृक आवास, फार्म हाउस, छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट, रसड़ा के स्काई होटल समेत अन्य ठिकानों से आयकर की टीम ने कई दस्तावेज बरामद किए हैं। चार दिनों तक चली इस कार्रवाई में आयकर विभाग ने बसपा विधायक व उनके करीबियों तथा कंपनी के 100 से अधिक बैंक खातों व लॉकर्स की जानकारी एकत्र की है। जल्द ही बैंकों के लाकर्स को भी खोला जाएगा। आयकर विभाग ने अभी तक छापेमारी की इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। उम्मीद है कि बरामद वस्तुओं का मूल्यांकन करने के बाद आयकर विभाग इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी साझा करेगा।

## झूठ फैलाकर एक शख्स से सरकार छीन ली गई, केजरीवाल के बरी होने पर अखिलेश का BJP पर हमला

**● अखिलेश यादव ने आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के बरी होने पर कहा कि झूठ फैलाकर और आरोप लगाकर एक व्यक्ति से सरकार छीन ली गई. उन्होंने कहा कि बीजेपी केजरीवाल द्वारा गरीबों के लिए किए जा रहे कार्यों को पचा नहीं पाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अखिलेश यादव ने आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के बरी होने पर कहा कि झूठ फैलाकर और आरोप लगाकर एक व्यक्ति से सरकार छीन ली गई. उन्होंने कहा कि बीजेपी केजरीवाल द्वारा गरीबों के लिए किए जा रहे कार्यों को पचा नहीं पाई।

कन्नौज में पत्रकारों से बात करते हुए सपा प्रमुख ने बीजेपी पर तीखा हमला करते हुए कि झूठ फैलाकर और आरोप लगाकर एक व्यक्ति से सरकार छीन ली गई. अखिलेश ने कहा कि बीजेपी अरविंद केजरीवाल द्वारा गरीबों के लिए किए जा रहे कार्यों को पचा नहीं पाई।

### बीजेपी पर अखिलेश का तीखा हमला

उन्होंने कहा कि अब तो अदालत ने भी स्थिति स्पष्ट कर दी है. कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को निर्दोष बताया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी इससे अधिक निंदनीय कुछ नहीं कर सकती. यह नैतिकता का अंत है।

### 'केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं'

इससे पहले अखिलेश यादव ने कहा था कि दिल्ली के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं. उन्होंने कहा था कि आरोप कभी इतना बड़ा नहीं हो सकता कि वो सच को आच्छादित कर ले. उन्होंने कहा कि आज हर ईमानदार आशा भरी सांस लेगा और बीजेपी के समर्थक शर्म के मारे घोर आत्म-लज्जित हो रहे होंगे.बीजेपी ने दिल्ली के निवासियों से विश्वासघात किया है.

### कोर्ट ने किया केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को बरी

दरअसल दिल्ली के शराब घोटाले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बीते शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को बरी कर दिया. कोर्ट ने कहा कि केवल बिना ठोस और पर्याप्त सबूत के लगाए गए आरोपों पर भरोसा नहीं किया जा सकता. कोर्ट ने जांच एजेंसी के साक्ष्यों को कमजोर और अपर्याप्त पाते हुए दोनों नेताओं को राहत दी वहीं सीबीआई इस फैसले से असंतुष्ट नजर आ रही है. जांच एजेंसी के वकीलों ने संकेत दिया है कि वो कोर्ट के आदेश का विस्तृत अध्ययन करने के बाद इसे हाई कोर्ट में चुनौती देंगे. इधर इस फैसले को आम आदमी पार्टी के लिए बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है।

## राजीव गांधी का नाम हटेगा! पटियाला की आरजीएनयूएल का नया नाम क्या होगा?

**● पटियाला स्थित राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) की अकादमिक काउंसिल ने विश्वविद्यालय के नाम से 'राजीव गांधी' का नाम हटाने की सिफारिश की है. अकाल तख्त के जत्थेदार की मांग पर यह प्रस्ताव आया, जिसमें 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़ी भावनाओं का हवाला दिया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पंजाब के पटियाला स्थित राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) की अकादमिक काउंसिल ने विश्वविद्यालय के नाम से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाने की सिफारिश की है. पारित प्रस्ताव के मुताबिक, विश्वविद्यालय का नया नाम केवल 'नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी' रखा जा सकता है. दरअसल नवंबर 2024 में अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने केंद्र सरकार से विश्वविद्यालय का नाम बदलने की मांग की थी। उनका तर्क था कि 1984 के सिख विरोधी दंगों की पृष्ठभूमि में ये नाम सिख समुदाय की भावनाओं को आहत करता है. ये विश्वविद्यालय 2006-07 में पंजाब सरकार द्वारा राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पंजाब एक्ट के तहत स्थापित किया गया था।

### बलबीर सिंह ने क्या कहा?

इस बीच, पंजाब के हेल्थ मिनिस्टर बलबीर सिंह ने कहा कि उन्हें इस प्रपोजल के बारे में पता नहीं है और जब तक उन्हें पूरी डिटेल्स नहीं मिल जातीं, वे कोई कमेंट नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि मैं कोई भी बयान देने से पहले मामले की स्टडी करूंगा और पूरी जानकारी इकट्ठा करूंगा. हेल्थ मिनिस्टर



पटियाला रूरल सीट से रिप्रेजेंट करते हैं जहां यूनिवर्सिटी है।

पटियाला के MP धर्मवीर गांधी ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है, जिन्होंने इसे फिर से असेंबली इलेक्शन से पहले वोटर्स को पोलराइज़ करने की जान-बूझकर की गई कोशिश बताया. उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू और राजीव गांधी के समय में बनाए गए इंस्टीट्यूशन्स एजुकेशन को मज़बूत करने, साइंटिफिक सोच को बढ़ावा देने, टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने और सोशल वेलफेयर पक्का करने के विजन के साथ बनाए गए थे. उन्होंने कहा कि ये इंस्टीट्यूशन्स देश बनाने और प्रोग्रेसिव डेवलपमेंट की विरासत दिखाते हैं।

उन्होंने कहा कि BJP-RSS सिस्टमैटिक तरीके से इतिहास को फिर से लिखने और देश भर में कांग्रेस की विरासत से जुड़ी संस्थाओं के नाम बदलने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि ऐसे कदम शिक्षा, हेल्थकेयर, बेरोजगारी, पर्यावरण की गिरावट प्रभावित करने वाली बढ़ती सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों जैसे मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए हैं।

## होली यात्रा: ट्रेन टिकट की किल्लत, बस-हवाई किराए में भारी उछाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** होली पर घर जाने या टूरिस्ट जगहों पर रंगों का त्योहार मनाने की चाहत महंगी पड़ रही है। ट्रेन में कन्फर्म सीटें नहीं मिल रही हैं, और बस और हवाई जहाज का किराया दो से तीन गुना बढ़ गया है। यह उन लोगों के लिए महंगा पड़ रहा है जिन्होंने पहले से प्लान बना रखा है। उदाहरण के लिए, होली के दौरान बढ़ी डिमांड के कारण, दिल्ली से वाराणसी का बस किराया 3,000 रुपये तक पहुंच गया है, जबकि आम तौर पर यह 1,000 रुपये होता है। इसी तरह, टूर बुकिंग पोर्टल पर पटना का हवाई किराया औसतन 5,000 रुपये से बढ़कर 9,000 से 12,000 रुपये हो गया है।

### लोगों ने बदले ट्रिप प्लान

लक्ष्मी नगर की अनिका ने वाराणसी में घर पर होली मनाने की कोशिश में ट्रेन बुकिंग ऐप सर्च करने के बाद बताया कि किसी भी ट्रेन में बुकिंग नहीं हो रही है। स्पेशल ट्रेनों में भी वेटिंग लिस्ट आ रही है। इस बीच, इंटरस्टेट बसों का किराया भी बढ़ गया है। नतीजतन, उनके लिए घर जाना मुश्किल हो रहा है। कुछ लोग बिना बुकिंग के निकल रहे हैं या वेटिंग लिस्ट वाली ट्रेनों में चढ़ रहे हैं।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

# संक्षिप्त खबरें

## गोवंश क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत 3 गिरफ्तार




**जौनपुर के युवक पकड़े गए, 2 साथी पहले ही जेल भेजे गए**

**सुल्तानपुर** – लंभुआ कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित एक मामले में जौनपुर के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। इन गिरफ्तार आरोपियों के दो साथियों को बीते रविवार को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद जावेद, मोहम्मद परवेज और सैद उर्फ सलमान के रूप में हुई है। ये तीनों जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र स्थित सारी जहांगीरपट्टी के निवासी हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इन्हें चौकिया रोड से सरैया गौतमपुर को जाने वाली नहर पट्टी के पास से हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, ये अभियुक्त अपने सह-अभियुक्तों के साथ मिलकर गोवंश पशुओं का वध कर गोमांस बेच रहे थे। इस संबंध में लंभुआ कोतवाली में एक अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मामले में अरबाज पुत्र लल्लन (निवासी सारी जागीरपट्टी, थाना सरपतहा, जौनपुर) और सुभान पुत्र नजरुद्दीन (निवासी बघरवारा, थाना सरपतहा, जौनपुर) को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। अरबाज और सुभान की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वाहन (UP50BT4367) से एक गाय और तीन बछड़े बरामद किए थे, जिन्हें वध के लिए ले जाया जा रहा था। बरामद किए गए गोवंश को सुरक्षित रूप से गौशाला भेज दिया गया था, जबकि पिकअप वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था।

## बस्ती हाईवे पर हादसा: खड़ी डीसीएम में ट्रेलर ने मारी टक्कर, चालक की मौत

**हर्रैया, बस्ती।** राष्ट्रीय राजमार्ग बस्ती अयोध्या लेन पर हाईवे के किनारे खड़ी डीसीएम में पीछे से आ रहे एक ट्रेलर ने ठोकर मार दी, जिससे डीसीएम चालक की मृत्यु हो गई।

**हाईवे पर खड़ी डीसीएम में पीछे से भिड़ी ट्रेलर, चालक की मृत्यु**

53 वर्षीय दयाराम सिंह पुत्र मक्खन सिंह निवासी शहजादे सराय एसडीएम कोर्ट के सामने थाना संभल कोतवाली जनपद संभल अपने डीसीएम वाहन को लेकर शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे बस्ती से अयोध्या की तरफ जा रहे थे। अभी वह हर्रैया थाना क्षेत्र के बड़हर गांव स्थित पेट्रोल पम्प के सामने पहुंचे ही थे कि किसी कार्य के चलते वाहन हाईवे के किनारे खड़ा कर दिया।

**टेलर ने मारी डीसीएम में ठोकर**

उसी समय पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने डीसीएम में पीछे से ठोकर मार दी, जिससे डीसीएम चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची हर्रैया पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी हर्रैया पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस बारे में कोतवाल हर्रैया तहसीलदार सिंह ने बताया कि मृतक के स्वजन को सूचना दे दी गई है, दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को मर्चरी भिजवाया गया है।

## अलीगढ़: होली मिलन समारोह से लौट रहे युवकों को गोली मारी, एक की मौत; दूसरा घायल



**अलीगढ़।** गांधी पार्क थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे वासने कॉलेज में चल रहे होली मिलन समारोह से लौट रहे युवकों पर बाइक सवार युवकों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक गोली अंशु नाम के युवक की पीठ में लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अंशु कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरी का निवासी बताया जा रहा है।

**रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देने की आशंका**

क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रंजिश के चलते वारदात की आशंका है। उन्होंने बताया कि धीरज ठाकुर और गोलू ठाकुर ने घटना को अंजाम दिया है। कुछ समय पहले धीरज ठाकुर ने पृथ्वीराज और अंशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें पृथ्वीराज को जेल भेजा गया था एक महीना पहले ही वह जेल से छुट कर आया था।

**पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामले की जांच जारी है। मामला रैंगिंग का भी हो सकता है

# बाजार शुकुल में शिव पंचायन मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

● भव्य शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाता है अमरनाथ गुप्ता का परिवार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाजार शुकुल अमेठी।** धनेशा राजपूत गुड़ाही कटरा स्थित शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश, कार्तिकेय, माता पार्वती एवं नंदी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। धार्मिक अनुष्ठान कस्बा के प्रतिष्ठित व्यापारी अमरनाथ कसौधन के द्वारा सम्पन्न कराया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शिव मंदिर से एक भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में माताओं-बहनों की उल्लेखनीय सहभागिता रही, वहीं जनप्रतिनिधियों और व्यापारी बंधुओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज हुई। जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।शोभायात्रा शिव पार्वती धर्मशाला से प्रारंभ होकर चार धाम, प्राचीन शिव मंदिर, गायत्री नगर चौराहा होते हुए महावीरन मार्ग से गुजरकर कटरा स्थित महादेव मंदिर पहुंची और अंततः शिव पंचायन मंदिर में समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।कार्यक्रम के आयोजक शुकुल बाजार कस्बा के प्रतिष्ठित व्यापारी राम शंकर कसौधन ने बताया कि मंदिर परिसर में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया जाएगा। शोभायात्रा में अमरनाथ (रिंकू) गुप्ता, विजय गुप्ता, लालता गुप्ता, अमन गुप्ता, ध्रुव गुप्ता (डब्लू), शुभम कसौधन, राम जी सहित हजारों भक्तगण शामिल रहे।पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं ने इसे क्षेत्र की धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया, वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि ध्रुव गुप्ता का परिवार सामाजिक धार्मिक कार्यों कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाता है तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर्य रहता है।

## बड़े धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव कार्यक्रम



**बलरामपुर हरैया सतधरवा** – आज दिनांक 27 फरवरी दिन शुक्रवार को जी आर पब्लिक स्कूल करमैती चौराहे पर भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वार्षिकोउत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरण वंदन कर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी द्वारा किया गया । तिवारी जी ने अपनी वक्तव्यों से बच्चों का मार्गदर्शन किया। वार्षिकोत्सव के मौके पर बच्चों ने देश भक्ति गीत तथा झांकियां प्रस्तुत की विद्यालय के प्रबंधक अमरेंद्र वर्मा ने बताया कि यह वार्षिकोत्सव समारोह गत वर्षो की भाति बड़े से धूमधाम से मनाया गया है यह वार्षिक उत्सव कार्यक्रम विद्यार्थियों के उत्साह वर्धन तथा क्षेत्र में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने का एक माध्यम है। इस मौके पर जिला पंचायत प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, रामजी वर्मा ,डॉ जगदंबा विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान राम बहादुर कैराती, तेज प्रकाश गुप्ता, शिक्षामित्र जगदीश प्रसाद वर्मा प्रधानाचार्य गौतम पाठक विद्यालय के समस्त शिक्षक तथा क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या लोग मौजूद रहे।

# थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में थाना दिवस संपन्न

●16 शिकायतों में एक का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार।** थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस का आयोजन थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए गए।थाना दिवस में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 12 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित तथा 4 शिकायतें पुलिस विभाग से जुड़ी रहीं। पुलिस से संबंधित एक प्रकरण का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कर दिया गया, जिससे फरियादी ने संतोष व्यक्त किया। शेष शिकायतों के शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। गठित टीमें मौके पर जाकर जांच कर निर्धारित समयावधि में शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करेंगी।इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक संतराम, राजस्व निरीक्षक अमरनाथ पांडे सहित राजस्व विभाग की टीम एवं थाना पुलिस के कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा पारदर्शिता बनाए रखते हुए न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना अध्यक्ष द्वारा फरियादियों के उठने बैठने और जलपान का उत्तम प्रबंध कराया गया फरियादियों द्वारा बताया गया कि थाना स्तर पर सक्षम अधिकारियों द्वारा सभी समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कराया जाता है जिसके चलते जिला मुख्यालय और तहसील मुख्यालय के चक्कर लगाने से निजात मिलती है। जिससे जहां धन की बचत होती है वही समय की भी बचत होती है।

# चीनी मिल बंदी की असली वजह 250-300 करोड़ की बहुमूल्य जमीन: विपिन प्रकाश सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुलतानपुर।** जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल को अचानक बंद करने का फैसला जिले की सियासत में गर्मी ला रहा है। समाजवादी पार्टी के युवा नेता विपिन प्रकाश सिंह दीपक ने इसे किसानों के साथ बड़ा धोखा बताते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने खुलासा किया कि मिल बंद करने का मुख्य मकसद 14 हेक्टेयर की कीमती जमीन को बेचना है, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत 250 से 300 करोड़ रुपये तक आंकी जा रही है। श्री सिंह ने कहा, यह सोंची समझी साजिश है। मिल को बिना किसी पूर्व सूचना, नोटिस या गन्ना समितियों से चर्चा के पेराई प्रक्रिया रोक दी। यह नियमों का खुला उल्लंघन है। हजारों किसान प्रभावित हैं उनके गन्ने खेतों में खड़े हैं, अब मजबूरन कम दाम पर निजी मिलों में बेचने को विवश हैं, जिससे करोड़ों का नुकसान हो रहा है।

नेता ने आरोप लगाया कि मिल की मरम्मत के नाम पर आए करोड़ों रुपये में गड़बड़ी हुई, फंड का दुरुपयोग किया गया, जबकि कोई ठोस मरम्मत नहीं हुई। इस सत्र में मिल की क्षमता 22 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करने की थी, लेकिन जानबूझकर रोका गया। श्री सिंह ने बताया कि मिल की 14 हेक्टेयर (लगभग 25-30 लाख विश्वा) जमीन आज बाजार में 250 से 300 करोड़ रुपये मूल्य की है। यही जमीन बंदी का असली कारण है। बसपा शासन में मिल बेचने की कोशिश हुई थी, जिसमें बाजाज ग्रुप, बलराम ग्रुप और जेपी ग्रुप जैसे बड़े नाम इच्छुक थे, लेकिन किसानों-कर्मचारियों के विरोध और हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से रुकी। पूर्व सांसद मेनका गांधी और मुख्यमंत्री ने नवीनीकरण का वादा किया था, जो महज जुमला साबित हुआ।

सपा नेता ने किसानों से एकजुट होकर विरोध करने की अपील की और कहा कि सपा सत्ता में लौटते ही मिल को मजबूत बनाकर किसानों का हक सुनिश्चित किया जाएगा।

**तौल ठप, गन्ना सूख रहा,किसानों में आक्रोश**

हैदरगढ़ चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर पिछले तीन दिनों से तौल कार्य पूरी तरह बंद है। परिणामस्वरूप केंद्र परिसर में डेढ़ हजार कुंतल से अधिक गन्ना पड़ा सूख रहा है। किसानों को तेजी से वजन घटने के कारण भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिससे भुगतान भी प्रभावित होगा। कुड़वार के प्रभावित किसान आनन्द प्रकाश मिश्रा, लल्लू लाल पाठक, विवेक सिंह, प्रदीप पाठक आदि ने बताया कि समय पर तौल न होने से गन्ने की गुणवत्ता और वजन दोनों घट रहे हैं। वे कहते हैं, हमारा मेहनत का फसल बर्बाद हो रहा है, जिम्मेदार कौन।

चीनी मिल के गन्ना विकास अधिकारी अभिजीत ने बताया कि मजदूरों से वार्ता जारी है। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि स्थिति जल्द सामान्य की जाएगी और तौल कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# शंकराचार्य का काम धर्म का प्रचार करना, मुख्यमंत्री से लड़ना- ओपी राजभर

●1ओम प्रकाश राजभर का शंकराचार्य विवाद पर बयान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर शनिवार को सुल्तानपुर में समन्वय समिति की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य विवाद पर बयान दिया। उन्होंने कहा शंकराचार्य का काम ये नहीं कि वो मुख्यमंत्री से लड़े, उनके खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करें। प्रधानमंत्री के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी देना। ओम प्रकाश राजभर ने कहा शंकराचार्य का काम है जिस धर्म के होते हैं उस धर्म का प्रचार प्रसार करना। लोगों को उस धर्म से जोड़ना। संत महात्मा अगर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के खिलाफ बोल रहे हैं तो अपने दायरे से हटकर बोल रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा सत्ता के खिलाफ बयान क्यों? सरकार ने आपका कौन सा नुकसान कर दिया है। आप कानून अपने हाथ में लेंगे तो कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा हम मान लेते हैं इस बार उनके खिलाफ कार्रवाई ग़लत हुई लेकिन 1990 में समाजवादी पार्टी की सरकार में उनके खिलाफ एफआईआर क्यों हुई। क्यों उन्हीं के खिलाफ होता है। और भी तो शंकराचार्य हैं।

वहीं शराब मामले में केजरीवाल और सिसौदिया आदि के बरी होने के सवाल पर उन्होंने कहा चाहे सीबीआई हो, चाहे ईडी हो ये स्वतंत्र एजेंसी है। जब उसको कोई एप्लिकेशन देता है तो वो जांच करती है। इससे सरकार का क्या लेना देना है। सरकार अगर कोई मुकदमा लिखाए तब तो सरकार दोषी है। जब खुद एजेंसी मुकदमा लिखा रही है, वो कोर्ट में साबित नहीं कर पा रही है तो उसमे सरकार का क्या दोष है। ऐसे अधिकारी जो भ्रष्ट काम कर रहे हैं उन पर कार्रवाई होना चाहिए हम इसके पक्षधर हैं। पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने फिर कहा है कि 15 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रकाशन होने जा रहा है। लोगों में जो भ्रम की स्थिति है, वो ये कि एसआईआर में सारे अधिकारी लगे हुए हैं। बोर्ड परीक्षा चल रही है। जनगणना सामने है इसको लेकर लोगों में भ्रम है। चुनाव समय पर होगा।

# वाराणसी सीआईबी टीम ने पकड़ा रेलवे टिकट दलाल

●रेलवे एक्ट में केस दर्ज, 200 से 300 रुपये अधिक लेकर उपलब्ध कराता था टिकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – शनिवार को वाराणसी की सेंट्रल इंटेलिजेंस ब्रांच (CIB) टीम ने एक रेलवे टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउंटर पर की गई। आरोपी यात्रियों से टिकट के निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे लेकर अनाधिकृत रूप से टिकट बनवाता था। सीआईबी/बीएसबी स्टाफ, जिसमें आईपीएफ नीलेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुनील कुमार, एएसआई राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार यादव और आरपीएफ पोस्ट सुल्तानपुर के कांस्टेबल अंकुश शामिल थे, ने जांच के दौरान मोहम्मद कासिम खान (45) नामक व्यक्ति को पकड़ा। वह सुल्तानपुर के मोहल्ला गोरा बारीक का निवासी है। पूछताछ में उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए बताया कि वह पैसों के लालच में यात्रियों से 200 से 300 रुपये अधिक लेकर टिकट उपलब्ध कराता था। आरोपी के मोबाइल फोन की जांच करने पर, पूर्व की यात्रा के तीन तत्काल आरक्षित रेलवे टिकट बरामद हुए। इसके अलावा, टिकट बनवाने और दलाली से संबंधित व्हाट्सएप चैट भी मिलीं, जो उसके अवैध धंधे की पुष्टि करती हैं। इस मामले में मोहम्मद कासिम खान के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत कार्रवाई की गई है। आरपीएफ/ पोस्ट/ एसएलएन में मु.अ.सं. 193/26 के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वाराणसी टीम की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय जीआरपी और आरपीएफ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। यह चर्चा का विषय बन गया है कि क्या टिकटों की कालाबाजारी स्थानीय पुलिस को दिखाई नहीं देती, या यह धंधा किसी 'सेटिंग' के कारण फल-फूल रहा है।

# पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

●तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइकें और स्पेयर पार्ट्स बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुलतानपुर** – पुलिस ने एक वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिलें, कटी हुई गाड़ियां और स्पेयर पार्ट्स बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विकास कुमार (पुत्र मन्तराम, निवासी अठैसी, थाना जयसिंहपुर), विकास (पुत्र प्रेमनाथ, निवासी जासापारा पश्चिमी पट्टी, थाना गोसाईगंज) और प्रवेश कुमार (पुत्र पदम प्रकाश, निवासी बेलहरी, थाना मोतिगरपुर) के रूप में हुई है। इन्हें रतनपुर मोड़ के पास से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मुकदमे से संबंधित एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक (लाल-काली रंग) बरामद की है। इसके अतिरिक्त, एक चोरी की टीवीएस अपाचे बाइक, एक खुली हुई हीरो कंपनी की बाइक, दो हीरो कंपनी के बाइक इंजन, पांच बाइक की टंकी और एक सीट भी बरामद की गई है।

यह मामला सूरज पाठक (पुत्र स्व0 उदय भानु पाठक, निवासी बभनगवा, थाना कोतवाली देहात) की शिकायत से जुड़ा है। 7 अक्टूबर 2025 को रात करीब 12:15 बजे, सूरज पाठक ने अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक (नंबर U P 44 BF 2597) सुलतानपुर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित जीआरपी थाने के सामने खड़ी की थी। वह अपने रिश्तेदार को लेने स्टेशन के अंदर गए थे। लगभग 45 मिनट बाद जब वह वापस लौटे, तो उनकी बाइक गायब मिली। उन्होंने तुरंत जीआरपी थाने के कर्मचारियों से जानकारी ली, जिन्होंने बताया कि उन्हें या उनके स्टाफ को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और थाने का कैमरा भी खराब चल रहा है। उन्हें बाहर खोजने की सलाह दी गई। पीड़ित सूरज पाठक ने काफी खोजबीन की और 112 नंबर PRV को भी सूचना दी। उन्होंने 9 अक्टूबर 2025 को अपनी बाइक चोरी होने की ऑनलाइन सूचना भी दी थी। इसके बाद, 21 अक्टूबर 2025 को उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को भी अपनी बाइक चोरी होने की सूचना दी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया था।

# रक्तदाताओं का हुआ सम्मान समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर**– बलरामपुर,स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर स्थित रक्तकेंद्र द्वारा रक्तदाताओं एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली विभिन्न संस्थाओं व संस्थानों का सम्मान समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस समारोह में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राज कुमार वर्मा, रक्त केंद्र की प्रभारी डॉ आकांक्षा शुक्ला सहित अन्य लोग मंचासीन रहे। समारोह में वर्ष 2025-26 में रक्तदान शिविर का आयोजन करने वाली विभिन्न संस्थाओं व संस्थानों में एस एस बी की 9वीं एवं 50वीं वाहिनी, निफा की जिला ईकाई बलरामपुर, अग्रवाल सभा, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ग्रेटर, रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन अयोध्या, अग्रसेन सेवा समिति पचपेड़वा, गायत्री मंदिर परिवार, बलरामपुर चीनी मिल, अमर उजाला सहित लगभग 50 संस्थाओं व संस्थानों को सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत रक्तदान श्रेणी के रक्तदाताओं में बलरामपुर के चर्चित ब्लडमैन आलोक अग्रवाल, ए सी एम ओ डॉक्टर अजय शुक्ला, दिलजीत कौर, वैभव त्रिपाठी, अविनाश पांडेय, आशीष अग्रवाल, विनीत सिंह, गुरुअंश सिंह, अनुज अग्रवाल, रवि गुप्ता, आयुष अग्रवाल सहित कुल 19 लोगों को सम्मानित किया गया।

व्यक्तिगत रक्तदाताओं में जिनके किसी संस्था के शिविर के माध्यम से 15 या उससे अधिक रक्तदान हो चुके हैं उन सभी को सम्मानित किया गया। सभी को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर उनका सम्मान किया गया। जनपद बलरामपुर में रक्तदान शिविर आयोजित करने में प्रथम स्थान पर सबसे अधिक रक्त संग्रह जनपद के ब्लडमैन आलोक अग्रवाल द्वारा 180 यूनिट किया गया, जिसके लिए उनका विशेष सम्मान किया गया। उनके द्वारा वर्ष 2025 में व्यक्तिगत रूप से भी चार बार रक्तदान किया गया। द्वितीय स्थान पर एस एस बी की दोनों वाहिनी द्वारा 65 यूनिट एवं तृतीय स्थान पर अग्रसेन सेवा समिति पचपेड़वा द्वारा 61 यूनिट का रक्त संग्रह किया गया। अयोध्या की राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आकाश गुप्ता एवं महासचिव विजय वर्मा का विशेष सम्मान किया गया जिनके द्वारा विगत दो वर्षो से आयोजित रक्तदान महोत्सव में बलरामपुर ब्लड बैंक को आमंत्रित करते हुए रक्त संग्रह कराया गया।

सम्मान समारोह कार्यक्रम का सफल संचालन विकास पांडेय एवं सोनम तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजित करने में रक्तकेंद्र के लैब टेक्नीशियन सी पी श्रीवास्तव, काउंसलर हिमांशु तिवारी सहित अशोक पांडेय, अंजली सिंह, अजीत श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह एवं अन्य का विशेष योगदान रहा।

# सेवार्थम फाउंडेशन फिर बनी सहारा, पहुंचाई मदद



●मदनपुर देवरार में भीषण आग, 8 घरों की गृहस्थी जलकर खाक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** लंभुआ तहसील क्षेत्र के मदनपुर देवरार गांव की निषाद बस्ती में गुरुवार रात लगी भीषण आग ने 8 परिवारों को बेघर कर दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते विक्रमजीत (सुत गया प्रसाद), राकेश निषाद (सुत गया प्रसाद), जगदीश प्रसाद (सुत गया प्रसाद), मुकेश निषाद (सुत गया प्रसाद), विजय प्रकाश (सुत राम आसरे), अजय निषाद (सुत राम आसरे), राम विलास (सुत जगई) तथा अरविंद के घरों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग की चपेट में घरों में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर, जरूरी दस्तावेज और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना के बाद सभी प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डॉ. आशीष तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और फाउंडेशन की ओर से तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई। राहत के रूप में आवश्यक गृहस्थी का सामान, राशन सामग्री तथा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। डॉ. तिवारी ने कहा कि विपत्ति की इस घड़ी में पूरा फाउंडेशन परिवार पीड़ितों के साथ खड़ा है और आगे भी हर संभव सहायता की जाएगी। फाउंडेशन की इस पहल से प्रभावित परिवारों को कुछ राहत जरूर मिली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपने जीवन को पुनः पटरी पर ला सकें।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर




**कोंच(जालौन)**– कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कोंच में अध्ययनरत छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण टूर शनिवार की सुबह मंडल मुख्यालय झांसी के लिए रवाना हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए छात्राओं को ले जाने वाली बस को पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।झ पालिकाध्यक्ष ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं को नई दिशा मिलती है। विद्यालय की चाहरदीवारी से बाहर निकलकर जब छात्राएं ऐतिहासिक और शैक्षणिक स्थलों को देखती हैं तो उनका ज्ञानवर्धन होता है। विद्यालय की वार्डन वंदना वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक भ्रमण दल में कुल 105 छात्राएं शामिल हैं। झांसी पहुंचकर छात्राओं को ऐतिहासिक इमारतों, किला और संग्रहालय सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा ताकि छात्राओं को इतिहास, संस्कृति और विरासत से परिचित कराया जा सके और पाठ्यक्रम रूपी ज्ञान के साथ ही व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हो सके। भ्रमण दल में शामिल छात्राएं बेहद उत्साहित नजर आईं। इस मौके पर शिक्षिका करुणा विश्वकर्मा, प्रतीक्षा, बबिता, अनीता, ऋतु वर्मा आदि मौजूद रहीं।

# संक्षिप्त खबरें

## उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी उपलब्ध कराये जाने का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया

**रायबरेली:-** मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में 1500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के रायबरेली क्लब, सिविल लाइन में किया गया। इस कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के लगभग 500 लाभार्थी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के उज्ज्वला कार्यक्रम के सम्बोधन को सुना गया। इस कार्यक्रम में मा0 विधायक सदर अदिति सिंह, मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों अतिथियों द्वारा एवं उपस्थित अन्य समस्त उज्ज्वला लाभार्थियों को होली के त्यौहार पर सब्सिडी के रूप में रू0 901.00 का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान, उप जिलाधिकारी सचिन यादव, जिला पूर्ति अधिकारी उबेदुर्रमान एवं ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधि व लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

# किसानों को बताये जैविक खेती के फायदे

● गन्ने के साथ जायद में करें मूंग की खेती : डॉ सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर,** 28 फ़रवरी गोदलामऊ स्थित समसापुर ग्राम पंचायत में एकदिवसीय जैविक किसान मेले एवं प्रदर्शनी का आयोजन परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत आर्मोन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के द्वारा किय गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि बी जे पी मंडल अध्यक्ष अतुल कुमार गौतम द्वारा फीता काटकर किया गया मंडल अध्यक्ष तथा कृषि वैज्ञानिकों ने मेले में लगी जैविक कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण किया। बक्शी का तालाब स्थित रिद्धि विराज किसान सेवा एवं शोध केंद्र के कृषि विशेषज्ञ डॉ एस के सिंह ने प्रमुख रूप से समसामयिक बिंदुओं पर चर्चा की उन्होंने बताया कि मौसम शिफ्ट हो रहा है इस समय प्रमुख रूप से आम की फसल पर कीट व रोगों का खतरा बढ़ रहा है किसानों को सचेत रहने की आवश्यकता है। इस समय आम की फसल पर भुंनगा कीट का आक्रमण प्रारंभ हो गया है तथा दहिया बीमारी भी तेजी से फैलने लगी है भुनगा कीट को प्रबंधित करने के लिए क्यूनालफास 25 प्रतिशत ई सी अथवा क्लोरोपीरीफोस 50% ई सी 1 एम एल मात्रा को प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी। तथा दहिया बीमारी के प्रबंधन के लिए कॉपर ऑक्सिक्लोराइड की 2 ग्राम मात्रा को 1 लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करने से इस बीमारी से बचाव किया जा सकता है। डॉ सिंह ने मीठे फलों की खेती पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को इस समय खरबूजा तरबूज खीर मक्का भिंडी की खेती करनी चाहिए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में खरबूजा की बांबी प्रजाति एवं भिंडी की आभा तथा मक्का 3501 काफी उपयोगी रहेगी किसानों को अपना रकबा बढ़ाना चाहिए। गन्ने की प्रमुख रूप से 1401, 16235 तथा 15023 एवं 94184 प्रजातियां की बुवाई पर ज़ोर दिया कहा कि इन प्रजातियों में चीनी का परता अच्छा होता है और यह प्रजातियां रोग प्रतिरोधी हैं। डॉ सिंह ने बताया कि गन्ने के साथ में मूंग की खेती बहुत लाभकारी होगी इसे किसानों को करना चाहिए। उन्होंने जंगली पशुओं के प्रबंधन पर भी चर्चा किया। आर्मोन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कृष्ण मोहन ने बताया कि कीटनाशकों के प्रयोग से बीमारियां बढ़ रही हैं किसानों को बिजामृत, जीवामृत का प्रयोग करके जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। कृषि विज्ञान अंबरपुर के कृषि विशेषज्ञ अमरनाथ सिंह ने बताया कि आज के समय में मोटे अनाज तथा जैविक कृषि आवश्यक हो गई है उन्होंने अपने व्याख्यान में किसानों के प्रश्नों का उत्तर दिया। इस अवसर पर गोंदलामऊ के मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गौतम ने सरकार की योजनाओं पर चर्चा की तथा कसमंडा के मंडल अध्यक्ष सोनू शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र में गन्ने के उत्पाद को बढ़ाने पर योजना लाने पर काम करेंगे। आर्मोन इंटरनेशनल लिमिटेड के जिला प्रभारी धीरेंद्र कुमार चौरसिया समसापुर के प्रगतिशील किसान अरविंद कुमार सिंह, सुशील कुमार जैविक मेले में 356 प्रगतिशील किसानो ने प्रतिभाग किया किसानों को जलपान कराया गया तथा कृषि सार संग्रह वितरित किए गए।

## सेंट जेवियर स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ उद्घाटन



**बिसवां सीतापुर** सेवा भारती के तत्वाधान में नगर के मोहल्ला बदालपुरवा स्थित सेंट जेवियर स्कूल में प्रतिदिन रविवार को संचालित होने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन क्षेत्र सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश, युद्धवीर जी ने फीता खोलकर किया। उन्होंने बताया की प्रत्येक रविवार को सुबह 10:00 से शाम 4:00 तक निशुल्क ओपीडी संचालित होगी जिसमें संस्था की तरफ से मरीज को निशुल्क दवाइयां और परामर्श के अलावा निशुल्क जांच भी कराई जाएगी। शिविर में डॉ विमल गुप्ता और डॉ देवेश तिवारी मरीज को निशुल्क परामर्श प्रदान करेंगे। ओपीडी उद्घाटन के मौके पर भास्कर जी, सेवा भारती अवध प्रान्त के प्रचार प्रमुख अभिषेक सिंह, मोहित जायसवाल आनंद मिश्रा मनोज वर्मा डॉ विमल गुप्ता विमलेश अवस्थी अमित जायसवाल, प्रखर शुक्ला, पंकज सिन्हा एवं तमाम मरीज और तीमारदार मौजूद रहे।

## एस.एम.एस. में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 पर विज्ञान व नवाचार पर संगोष्ठी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 फरवरी 2026 को, जब पूरा देश भारत के महान वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज पर प्राप्त नोबेल पुरस्कार की स्मृति में यह दिवस मना रहा था, उसी क्रम में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वर्ष 1986 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विज्ञान के प्रति जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्थान के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह रहे, जिन्होंने 'विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान एवं नवाचार की भूमिका' विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं को वैज्ञानिक सोच विकसित करने, अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से वैश्विक स्तर पर नेतृत्व स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी श्री शरद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सर सी.वी. रमन की लगन और वैज्ञानिक खोजों ने भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। डॉ. अमरजीत सिंह ने सर सी.वी. रमन के जीवन एवं वैज्ञानिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डॉ. पी.के. सिंह, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण), अनूप सिंह ने क्रमशः स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. आशा कुलश्रेष्ठ, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. कमलेश सिंह, डॉ. अशोक सेन गुप्ता, डॉ. वेद कुमार, सुनीत मिश्रा, उमेश कुमार सिंह, गौरव ओझा, अनूप कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जर्नलिस्ट प्रोटक्शन एसोसिएशन द्वारा बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला जी की माता जी को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन रजि0 उत्तर प्रदेश संगठन के पत्रकार साथियों के साथ राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम अंतर्गत बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला की माता जी के त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया एवं पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य आत्मा की शांति की कामना की, साथ में संगठन के संरक्षक सदस्य शिव शंकर मिश्रा, विवेक विश्व पांडे, अमित राज यादव, भगवानदास कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, मीडिया प्रभारी सौरभ निगम, जिला अध्यक्ष जे पीए सनी शाह, वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिंह, निशांत सिंह, शरद चंद्र, प्रियंका निगम, रोशनी सोनकर, पूर्णिमा सोनकर, ज्योति गुप्ता समेत अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# जे पी एस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया होली का पावन पर्व

● बच्चों ने उड़ाया रंग बिरंगा गुलाल एक दूसरे से गले मिल दी होली की बधाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रायबरेली।** गुरुबक्शगंज स्थित सीएस सी बाल विद्यालय जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में आज नन्हे बच्चों द्वारा रंगो का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला प्रबन्धक मोहित शुक्ला डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा सभी नन्हे बच्चों को गुलाल लगाकर इस पावन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्थल चल के बच्चों तथा शिक्षिकाओं ने मनमोहक रंगोली बनाकर तथा रंगों का पर्व मनाते हुए प्रेम का संदेश दिया। विद्यालय के डायरेक्टर रोहित शुक्ला ने बताया कि होली एकता और खुशियों का पर्व है तथा बच्चों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने बताया कि होली , यह ना केवल रंगों और उल्लास का पर्व है, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है।

इस शुभ अवसर पर नन्हे बच्चो तथा शिक्षिकाओं ने विद्यालय कैंपस में विभिन्न प्रकार के रंगों से इस पावन होली के पर्व को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओ द्वारा रंगो से व फूलों से विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई गई, विद्यालय की शिक्षिकाओ द्वारा इस शुभ अवसर पर सभी बच्चों को मिठाईयां दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता, श्रेयांशी, आस्था आकृति, हर्षिता, सिमरन, दामिनी, रंजना, पायल, रेहा तथा अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्रम प्रवर्तन अधिकारी सीतापुर का विदाई समारोह धूमधाम से हुआ सम्पन्न



**सीतापुर** श्रम प्रवर्तन अधिकारी सीतापुर का विदाई समारोह आज सहायक श्रमायुक्त कार्यालय परिसर में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। आयोजित समारोह में गदगद होते हुए रिटायर्ड श्रम प्रवर्तन अधिकारी लीलाधर ने कहा की सीतापुर जनपद में अपने चार वर्षो के कार्यकाल में उन्हें सभी साथियों का जो प्यार और स्नेह मिला है वह उन्हें जीवन भर याद रहेगा कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त सीतापुर उमेश कुमार व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हिमानी भारद्वाज कंप्यूटर ऑपरेटर अक्षय सिंह अमरनाथ दीक्षित सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रंगों की बौछार के बीच बच्चों को मिली होली की सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली):** कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर में होली के पावन अवसर पर उषा एजुकेशनल सोसायटी द्वारा प्राथमिक विंग के बच्चों को होली की शर्ट एवं रंग वितरित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर खुशियों की चमक साफ नजर आई। उषा देवी एजुकेशनल सोसाइटी के प्रबंध निदेशक योगेंद्र त्रिवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और प्रेम व सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मिथिलेश कुमारी ने बच्चों को संदेश दिया कि होली प्राकृतिक अबीर-गुलाल से ही मनाएं और केमिकल युक्त रंगों से दूर रहें, ताकि सभी सुरक्षित और स्वस्थ रहें।

इस अवसर पर चित्रकार गब्बर सिंह एवं अधिवक्ता नितिन शर्मा ने भी बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे मिलजुल कर मनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर खूब उत्साह के साथ होली खेली और जमकर धमाल मचाया। विद्यालय में होली पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अनूप सिंह, विवेक कुमार, अंकिता, पूनम सिंह, पुष्पांजलि पांडे, सोनिका, शिवदेवी, स्वाती सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।


## बिसवां बार एसोसिएशन में हर्षोल्लास से मनाया गया होली उत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)** बिसवां बार एसोसिएशन परिसर में होली का रंगारंग कार्यक्रम बड़े उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश गुप्ता,अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव तथा सचिव मनोज गुप्ता सहित अनेक अधिवक्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक वर्मा, पुत्ती लाल वर्मा, संतोष कठोरिया, नीरज कुमार श्रीवास्तव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, अनमोल कन्हैया, राम किशोर वर्मा, जितेन्द्र मिश्रा, प्रीती श्रीवास्तव, कीर्ती शुक्ला, प्रमोद यादव, प्रदीप विश्वकर्मा, शिशुपाल यादव, विपिन यादव, रवी मौर्य, अनुज यादव, आनन्द मिश्रा, शानू कनौजिया सहित समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिवक्ताओं ने अपने मुखारविन्द से रोचक प्रसंग, प्रेरक कथाएँ तथा भगवान भोलेनाथ के मंत्रों का उच्चारण कर वातावरण को आध्यात्मिक और उल्लासपूर्ण बना दिया। समारोह का मुख्य उद्देश्य बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा की एकता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करना रहा। उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे आपसी मतभेद, ईर्ष्या और द्वेष को त्यागकर सदैव एकजुट रहेंगे तथा अधिवक्ता समाज की गरिमा और प्रतिष्ठा को बनाए रखेंगे। कार्यक्रम का समापन आपसी शुभकामनाओं और सौहार्दपूर्ण मिलन के साथ हुआ,जिसने सभी के मन में भाईचारे और एकता का संदेश स्थापित किया।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान




**देवरिया,** 28 फरवरी। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं 'शक्ति दीदी' अभियान चलाया गया। थाना बरहज व थाना भाटपाररानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबर–112, 181, 1090, 1098, 1076, 102, 108, 1930 आदि–की जानकारी दी गई। सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों पर पंपलेट वितरित कर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया।

## थाना समाधान दिवस आयोजित, 30 का मौके पर निस्तारण




**देवरिया, 28 फरवरी।** जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। पुलिस व राजस्व अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जनता की शिकायतें सुनीं। एसपी संजीव सुमन के निर्देशन में डेस्क सिस्टम के तहत बीट व हल्का प्रभारियों ने समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया। कुल 130 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 30 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के लिए संयुक्त टीमें गठित की गई।

# सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का हुआ भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिधौली (सीतापुर)।** श्री गांधी महाविद्यालय सिधौली की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का समापन समारोह महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। यह शिविर सामुदायिक पंचायत भवन, लोधपुरवा मोहल्ला बहादुरपुर सिधौली में आयोजित किया गया था, जिसमें स्वयंसेवकों ने सात दिनों तक विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों में सहभागिता की। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. रविंद्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला तथा स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय उपस्थित रहे। मुख्य समागत के रूप में शिया पीजी कॉलेज लखनऊ के प्रोफेसर डॉ. सुधाकर वर्मा ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्य वक्ता प्रो. सुनील कुमार, आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सीतापुर ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंशु केडिया, प्राचार्य खुन-खुन जी महाविद्यालय लखनऊ मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र कश्यप एवं निडर कवयित्री पिंकी अरविंद प्रजापति ने कविता पाठ प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति तथा संघ प्रचारक कमल किशोर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय वर्मा द्वारा किया गया। शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिसकी व्यवस्था डॉ. गोपाल सिंह द्वारा की गई। अंत में सभी स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के संकल्प के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया।

## अजमेर से प्रधानमंत्री ने किया एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ, बलरामपुर में हुआ सजीव प्रसारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) वैक्सीन के वैक्सीनेशन कार्यक्रम का राजस्थान में विधिवत शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार, बलरामपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ मीनाक्षी चौधरी, डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, विनोद, आलोक रंजन, डॉ जावेद अख्तर, अमित, सुशील सहित आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

माननीय विधायक श्री पलटूराम जी ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है और यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान करेगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे इस टीकाकरण कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण से सर्वाइकल कैंसर का खतरा बढ़ता है, जिसे समय पर टीकाकरण द्वारा रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस अभियान को सफल बनाने हेतु कार्य करेगा। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने तथा अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक वैक्सीन पहुंचाने के निर्देश दिए।

## यातायात चेकिंग अभियान के तहत 129 वाहनो का हुआ चालान




**देवरिया, 28 फरवरी।** एसपी संजीव सुमन के निर्देश पर यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड व बस स्टैंड पर ई-रिक्शा व ऑटो की जांच की गई। बिना फिटनेस, बिना लाइसेंस व अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 129 वाहनों का ई-चालान किया गया। अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करना व दुर्घटनाओं की रोकथाम है।

## श्री श्याम सतरंगी फागुन महोत्सव के अंतर्गत भव्य भजन संध्या श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां सीतापुर** कोतवाली के निकट स्थित स्थानीय श्री श्याम मंदिर में आयोजित श्री श्याम सतरंगी फागुन महोत्सव के अंतर्गत भव्य भजन संध्या श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ गायक मयूर वर्मा ने गणेश वंदना एवं हनुमान स्तोत्र की प्रस्तुति से किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। भजन संध्या में देव शुक्ला द्वारा प्रस्तुत भजन 'कोई खाली हाथ ना लौटा दरबार से' ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से भाव-विभोर कर दिया। भजन के दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा और भक्तगण झूमते नजर आए। प्रसिद्धि भजन गायिका दीपांशी तिवारी 'सनातनी' ने 'वृंदावन में डोलोगे तो राधे-राधे बोलोगे' एवं 'जगन्नाथ चक नेना लीलांचल वाले, तू न संभाले तो हमें कौन संभाले' जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। वहीं कुमार शुभम ने 'कीर्तन की है रात बाबा, आज ठाणे आना है' भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।

भारी संख्या में उपस्थित श्याम भक्तों ने भजन संध्या का आनंद लिया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। इस अवसर पर शिव कुमार खेतान, नरेश खेतान, मुकेश खेतान, मनीष खेतान, सौरभ बंसल, रमेश बंसल, अंकित बंसल, अमित नौसरिया, अंकित धवन, सचिन सिंह, संतोष गुप्ता, संजू, श्रवण गुप्ता, डॉ. विमल गुप्ता, विजय अवस्थी, दीपक अग्रवाल, सचिन गुप्ता, राम मिश्रा, श्याम मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, लकी सरदार, अनिल रस्तोगी, अनमोल गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम एमडी का एक्शन जारी, हटाए गए अमौसी क्षेत्र के चीफ इंजीनियर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल का लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी है। आठ इंजीनियर्स को बीते दिनों निलंबित करने वाली प्रबंध निदेशक ने शनिवार को अमौसी क्षेत्र के चीफ इंजीनियर का ट्रांसफर कर दिया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने अमौसी क्षेत्र के मुख्य अभियंता महफूज आलम को हटा दिया है। मुख्य अभियंता महफूज आलम को मुख्यालय से अटैच किया गया है। उनके स्थान पर राम कुमार को तैनात किया गया है। राम कुमार मुख्यालय से अटैच थे। इससे पहले रिया केजरीवाल ने बिजली कनेक्शन जारी करने और बिल वसूली में लापरवाही के आरोपों पर 24 फरवरी को लखनऊ में तैनात आठ इंजीनियरों को निलंबित कर दिया था। इनके साथ ही मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 24 क्लर्क का तबादला लखनऊ से बाहर कर दिया था।

## ओटीएस के नाम पर 'करंट' मार गया सीएसपी संचालक, लाखों की ठगी का खुलासा

बलिया। सलेमपुर विद्युत उपकेंद्र पर बिजली बिल सुधार और ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के नाम पर बड़े पैमाने पर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में सीएसपी संचालक दीपक राव को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। मामला तब उजागर हुआ जब नगरा क्षेत्र के दो विद्युत उपभोक्ताओं ने एसडीओ नगरा जाहिद इकबाल से शिकायत की कि पूरा बकाया जमा करने के बावजूद उनके बिल में भुगतान दर्ज नहीं हुआ। देवरिया गांव निवासी ललन राजभर ने जनवरी में 16 हजार रुपये जमा किए, लेकिन उन्हें मात्र दो हजार रुपये की रसीद दी गई। वहीं पिपरा पट्टी निवासी आशा देवी ने दो हजार रुपये ओटीएस योजना के तहत और छह हजार रुपये बकाया के रूप में जमा किए, लेकिन उनका भुगतान भी सिस्टम में अपडेट नहीं हुआ।

शिकायत के बाद एसडीओ ने जेई जयप्रकाश यादव को जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान सलेमपुर उपकेंद्र पर तैनात सीएसपी संचालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। रिकॉर्ड खंगालने पर गड़बड़ी की पुष्टि हुई। इसके बाद एसडीओ व जेई, पीड़ितों को साथ लेकर नगरा थाने पहुंचे और साक्ष्य सहित तहरीर दी। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने बताया कि मामला गंभीर है और कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में करीब एक लाख रुपये की ठगी सामने आई है, जबकि 30 लाख रुपये तक के गोलमाल की आशंका जताई जा रही है। पूरे ओटीएस की सूची मंगाकर विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया 40 से अधिक लोगों के साथ धोखाधड़ी की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर और पीड़ित सामने आ सकते हैं।

# अजमेर से देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ,प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना, विकास और सुरक्षा पर दिया जोर

राजस्थान के अजमेर की कायड़ विश्रामस्थली शनिवार को राष्ट्रीय महत्व के एक बड़े कार्यक्रम की साक्षी बनी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने जहां बेटियों के स्वास्थ्य को राष्ट्र की प्राथमिकता बताया, वहीं अपने संबोधन में कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक प्रहार भी किया। विकास, सुरक्षा, जल प्रबंधन, ऊर्जा और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को भी उन्होंने विस्तार से रखा।

सभा की शुरुआत एचपीवी वैक्सीनेशन की औपचारिक प्रक्रिया से हुई। प्रधानमंत्री ने कुछ छात्राओं से संवाद कर यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें इस टीके के महत्व के बारे में कितनी जानकारी है। उन्होंने बालिकाओं से पढ़ाई और परीक्षाओं को लेकर भी चर्चा की और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का उद्देश्य देश में हर वर्ष हजारों महिलाओं की जान लेने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करना है। सरकार का मानना है कि समय पर टीकाकरण से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम स्थल पर विशेष डोम बनाकर टीकाकरण की शुरुआत की गई और पूरे आयोजन का लाइव प्रसारण भी किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कभी इंडियन नेशनल कांग्रेस के नाम से जानी जाने वाली पार्टी अब अपने मूल स्वरूप से भटक चुकी है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि कांग्रेस के कृत्यों को देश कभी माफ नहीं करेगा। हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की प्रगति की सराहना कर रही है, लेकिन विपक्ष देश को बदनाम करने में लगा है। उनके इस बयान पर सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने जोरदार समर्थन जताया।

राजस्थान के विकास पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य अब 'सूरज की ताकत से समृद्धि' कमा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना और सौर ऊर्जा परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि धूप अब आम लोगों की आय और बचत का साधन बन रही है। जल संकट से जूझते प्रदेश के लिए नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं को उन्होंने वरदान बताया। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना और यमुना-राजस्थान लिंक प्रोजेक्ट जैसे प्रयासों से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और भूजल स्तर में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार इन परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सेना की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर देश का मान बढ़ाया है। सर्जिकल स्ट्राइक और अन्य अभियानों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने ऐसे मुद्दों पर भी सेना के मनोबल को कमजोर करने का प्रयास किया। सभा में मौजूद लोगों ने सेना के समर्थन में नारे लगाए और प्रधानमंत्री के वक्तव्य का स्वागत किया।

राजस्थान के वीर सपूतों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की वीरता का इतिहास विश्वभर में सम्मानित है। उन्होंने इजराइल के हाइफा शहर में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान शहीद हुए भारतीय सैनिकों, विशेषकर मेजर दलपत सिंह के शौर्य को याद किया। उन्होंने कहा कि उन्हें इजराइल की संसद में इन वीरों को नमन करने का अवसर मिला था और यह पूरे राजस्थान के लिए गर्व की बात है। इस प्रसंग ने सभा में भावनात्मक वातावरण बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। लगभग 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की 43 परियोजनाओं से शहरी विकास, सड़क, पेयजल, ऊर्जा, रेलवे और औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, फ्लाईओवर निर्माण और पेयजल परियोजनाओं से प्रदेश के अनेक जिलों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। बिजली पारेषण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और नए ग्रिड सब-स्टेशनों की स्थापना से ऊर्जा आपूर्ति में सुधार होगा। साथ ही जोधपुर-पाली औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को विकसित करने के प्रयासों को भी गति दी जाएगी।

सभा में युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करना भी एक प्रमुख आकर्षण रहा। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित हजारों युवाओं को प्रधानमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिले। इससे न केवल युवाओं में उत्साह देखा गया, बल्कि सरकार की रोजगार सृजन नीति का भी संदेश गया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में महिलाएं, साधु-संत और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा एजेंसियों ने अपने नियंत्रण में रखा था।

अजमेर की यह सभा केवल एक टीकाकरण अभियान की शुरुआत भर नहीं थी, बल्कि इसमें स्वास्थ्य, विकास, राजनीति और राष्ट्रवाद के विभिन्न आयाम एक साथ दिखाई दिए। एक ओर बेटियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा का संकल्प था, तो दूसरी ओर राजनीतिक विरोधियों पर तीखा प्रहार। राजस्थान की धरती से दिया गया यह संदेश स्पष्ट था कि सरकार स्वास्थ्य सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास और राष्ट्रीय गौरव को अपनी प्राथमिकता मानती है। आने वाले समय में एचपीवी टीकाकरण अभियान का प्रभाव और इन परियोजनाओं की प्रगति ही इस आयोजन की वास्तविक सफलता का पैमाना तय करेगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# होली: परिवार, समाज और राष्ट्र का हो लेने का पर्व

**होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारतीय जीवन-दर्शन का जीवंत उत्सव है। यह ऐसा पर्व है जो व्यक्ति को परिवार से, परिवार को समाज से और समाज को राष्ट्र की व्यापक चेतना से जोड़ देता है। 'हो लेना' अर्थात् स्वयं को अहंकार, भेदभाव और संकीर्णताओं से मुक्त कर समष्टि के साथ एकात्म कर लेना।होली इसी भाव की अभिव्यक्ति है। परिवार के स्तर पर होली स्नेह, क्षमा और पुनर्संयोजन का पर्व है। वर्षभर की व्यस्तता, मतभेद और मौन इस दिन रंगों में घुलकर समाप्त हो जाते हैं। बड़े-बुजुर्गों के चरणों में गुलाल, बच्चों की खिलखिलाहट, घर-आंगन में गूंजते फाग आदि सब मिलकर पारिवारिक संबंधों में नई ऊष्मा भर देते हैं। होलिका-दहन की अग्नि प्रतीक है कि ईर्ष्या, क्रोध और कटुता जलकर राख हो जाए और परिवार प्रेम के रंग में रंग जाए।**

**समाज के स्तर पर होली समानता और समरसता का संदेश देती है। इस दिन रंग जाति, वर्ग, भाषा और आर्थिक भेद नहीं देखते। सब एक-दूसरे को रंग लगाते हैं।यह व्यवहारिक रूप से सामाजिक समता का पाठ है। लोकगीत, नृत्य, ढोल-नगाड़े और सामूहिक उल्लास समाज को जोड़ते हैं। होली यह सिखाती है कि सामाजिक जीवन में संवाद, हास्य और सहभागिता कितनी आवश्यक है; कठोरता नहीं, बल्कि अपनत्व समाज को मजबूत बनाता है।**

**राष्ट्रीय स्तर पर होली सांस्कृतिक एकता का उत्सव है। विविधताओं से भरे भारत में यह पर्व उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक समान भाव से मनाया जाता है।कहीं फाग, कहीं शिगमो, कहीं रंगपंचमी के रूप में। अलग-अलग परंपराएँ होते हुए भी उत्सव का मूल भाव एक है: आनंद, मेल-मिलाप और नवसृजन। यह सांस्कृतिक एकात्मता ही राष्ट्र की आत्मा है। होली हमें याद दिलाती है कि हमारी विविधता विभाजन नहीं, बल्कि शक्ति है।**

**होली का आध्यात्मिक संकेत भी उतना ही गहरा है। यह ऋतु परिवर्तन का पर्व है।**

**वसंत के आगमन के साथ जीवन में नई ऊर्जा का संचार। रंग यहाँ केवल बाह्य नहीं, आंतरिक भी हैं - विवेक, करुणा, साहस और सत्य के रंग। होलिका-दहन असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है; प्रह्लाद की कथा हमें बताती है कि आस्था और नैतिकता अंततः विजयी होती है। आज के समय में होली का संदेश और भी प्रासंगिक है। जब समाज में वैमनस्य, अविश्वास और तनाव बढ़ रहा हो, तब होली हमें 'हो लेने' का मार्ग दिखाती है,परिवार के लिए समय निकालने का, समाज के प्रति संवेदनशील होने का और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने का। यह पर्व हमें संयम, सौहार्द और पर्यावरण-संवेदनशीलता के साथ उत्सव मनाने की प्रेरणा भी देता है।**

**अंततः, होली रंग लगाने का नहीं, रंग बनने का पर्व है। प्रेम का, एकता का और राष्ट्रभाव का। जब व्यक्ति परिवार में, परिवार समाज में और समाज राष्ट्र में 'हो' जाता है, तभी होली अपने पूर्ण अर्थ में साकार होती है। यही होली का शाश्वत संदेश है।**

**डा. मनमोहन प्रकाश**

# न्यायपालिका के आत्मावलोकन की जरूरत को स्वीकार करें मीलार्ड!

एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आपत्ति जताने के बाद सरकार द्वारा न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाने का निर्णय लिया है।गुरुवार सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित अध्याय पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।सवाल उठता है कि माननीय शीर्ष अदालत ने जिस तरह इस मामले में तत्परता दिखाते हुए तथ्यपरक अध्याय पर गंभीर आपत्ति और कारवाई की है क्या ऐसी ही तत्परता न्यायपालिका की साख पर धब्बा लगाने वाले न्यायिक व्यवस्था से जुड़े भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी अमल में लायी गयी।

आपको बता दें कि शीर्ष अदालत ने बाजार में उपलब्ध सभी प्रतियां जब्त करने और डिजिटल संस्करण हटाने के साथ ही पुस्तक को सार्वजनिक पहुंच से हटाने के आदेश दिए हैं। इतना ही नहीं कोर्ट ने अध्याय तैयार करने वाली कमेटी के सदस्यों का ब्योरा तलब किया हैं। एनसीईआरटी के निदेशक और स्कूल शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि बताएं क्यों न जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दो सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को 11 मार्च को फिर सुनवाई के लिए लगाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठोस पहुंचाने की सुनियोजित साजिश है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने माफी मांगते हुए कहा कि इस अध्याय को तैयार करने वाले दो लोग अब कभी भी एनसीईआरटी या किसी भी मंत्रालय में काम नहीं करेंगे तो चीफ जस्टिस सूर्यकांत की टिप्पणी थी कि तब तो ये बहुत आसान हो जाएगा और वो बरी हो जाएंगे। उन्होंने गोली चलाई है, न्यायपालिका आज खून से लथपथ है।चीफ जस्टिस ने कहा कि पुस्तक की प्रतियां बाजार में हैं। ये एक सोची समझी चाल है। पूरे शिक्षण समुदाय को बताया जाएगा कि भारतीय न्यायपालिका भ्रष्ट है और मामले लंबित हैं।

यह स्वीकार्य तथ्य है कि देश की न्यायपालिका केवल एक संवैधानिक संस्था नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। जब इस संस्था की छवि, भूमिका या विश्वसनीयता से जुड़ा कोई प्रश्न उठता है, तो उसका असर पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों की सोच पर पड़ता है। आम नागरिक जब अन्य सभी दरवाजों से निराश हो जाता है, तब वह अदालत की चौखट पर दस्तक देता है। ऐसे में यदि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका को 'भ्रष्टाचार' जैसी गंभीर चुनौती के संदर्भ में प्रस्तुत किया जाए, तो हो सकता है कि बच्चों का विश्वास न्यायपालिका पर से बचपन में ही डगमगा जाएगा।

आपको बता दें कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में विवादित अध्याय 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। पहले के संस्करणों में जहां न्यायालयों की संरचना, कार्यप्रणाली और न्याय तक पहुंच पर ध्यान केंद्रित था, वहीं नये संस्करण में व्यवस्था की चुनौतियों पर भी चर्चा की गयी है। 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' शीर्षक खंड में कहा गया है कि विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ सकता है और गरीब तथा वंचित वर्गों के लिए इससे न्याय तक पहुंच और कठिन हो सकती है। पुस्तक में यह भी लेख है कि राज्य और केंद्र स्तर पर पारदर्शिता बढ़ाने तथा तकनीक के उपयोग से सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। पुस्तक में लंबित मुकदमों के आंकड़े भी दिये गये हैं। इसमें बताया गया है कि उच्चतम न्यायालय में लगभग 81 हजार मामले लंबित हैं, उच्च न्यायालयों में लगभग 62.40 लाख और जिला तथा अधीनस्थ न्यायालयों में करीब 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। ये आंकड़े न्याय प्रणाली पर बढ़ते बोझ को दर्शाते हैं। पुस्तक में केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के जरिये प्राप्त शिकायतों का भी अलेख है और बताया गया है कि 2017 से 2021 के बीच 1600 से अधिक शिकायतें दर्ज की गयीं। नयी पुस्तक के 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। इस अध्याय में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई का कथन भी उद्धृत किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाएं जन विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं, किंतु त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई से इस विश्वास को पुन स्थापित किया जा सकता है।

हाल ही में यह मामला मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष लाकर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर गंभीर आपत्ति जताई। सिब्बल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्कूली बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जाना न केवल अनुचित है, बल्कि निंदनीय भी है। । मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने तत्काल संज्ञान लिया।

आपको बता दें कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक तत्व हैं। न्यायपालिका भी इससे अछूती नहीं है। समय-समय पर अदालतों ने स्वयं यह कहा है कि आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, बशर्ते यह तथ्यात्मक और मर्यादित हो। बेशक न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक पाठ्यपुस्तक के आलेख पर न्याय के देवता बुरी तरह बिफर रहें हैं इससे न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न ओझल होने वाला नहीं है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आ चुके हैं और उन पर व्यापक चर्चा भी होती रहती है। हाल में सबसे अधिक चर्चा हुई दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे यशवंत वर्मा के भ्रष्टाचार की। उनके आवास से करोड़ों के अधजले नोट बरामद किए गए थे। चूंकि उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है, इसलिए वे अपने पद पर बने हुए हैं।

यहां गौर तलब है कि भ्रष्टाचार के कारण अन्य अनेक न्यायाधीश भी कठघरे में खड़े हो चुके हैं। इनमें से कई न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन किसी के भी विरुद्ध वह अंजाम तक नहीं पहुंच सकी। इसका यह मतलब नहीं हो सकता कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है ही नहीं।एनसीईआरटी की पहले की पुस्तक में भी न्यायपालिका के बारे में उल्लेख था, लेकिन वह न्यायालयों की संरचना और भूमिका तक सीमित था। लेकिन इस पूरे प्रकरण में कुछ बुनियादी प्रश्न उठते हैं। पहला, क्या पाठ्यपुस्तकों में संस्थागत भ्रष्टाचार जैसे विषयों का उल्लेख पूरी तरह से प्रतिबंधित होना चाहिए? दूसरा, यदि आलोचना हो, तो उसका स्वर, संदर्भ और प्रस्तुति कैसी होनी चाहिए? और तीसरा, बच्चों को संवैधानिक संस्थाओं के बारे में किस प्रकार की समझ दी जानी चाहिए ? यह स्वीकार करना चाहिए कि कक्षा आठ के विद्यार्थी किशोरावस्था की दहलीज पर होते हैं जटिल संस्थागत संदर्भों को पूरी गहराई से समझने की स्थिति में नहीं होते। ऐसे में यदि उन्हें यह बताया जाए कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो यह आवश्यक है कि साथ ही यह भी बताया जाए कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की व्यवस्था क्या है, न्यायिक जवाबदेही की प्रणाली कैसे काम करती है, और कैसे अधिकांश न्यायाधीश निष्पक्षता व ईमानदारी से अपना दायित्व निभाते हैं। ऐसे में न्यायपालिका को लेकर कोई भी कथन संवेदनशील हो जाता है। मुख्य न्यायाधीश की यह टिप्पणी कि चाहे वह कितना भी ऊंचा पद पर हो, कानून अपना काम करेगा, यह संकेत देती है कि यदि किसी ने जानबूझकर संस्था की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है। न्यायपालिका देश की आशा और विश्वास का केंद्र है। उसकी प्रति अक्षुण्ण रहनी चाहिए, पर वह प्रतिष्ठा तथ्यों आलोचना या समीक्षा को दबाने से नहीं, बल्कि सत्य का साहसपूर्वक सामना करने से और भी सुदृढ़ होती है। सवाल है कि क्या इस चैप्टर को स्नातक या परास्नातक के पाठ्यक्रम में शामिल करने पर अपनी स्वीकृति मीलार्ड देंगे अथवा उन्हें न्यायपालिका की वास्तविकता पर कोई विश्लेषण स्वीकार नही है? सरकार बैकफुट पर है सफाई में कहा गया है कि एनसीईआरटी एक स्वायत्त संस्था है, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एनसीईआरटी की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करना दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही । इस मामले पर खेद व्यक्त करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का जो भी आदेश होगा। मंत्रालय उसका पालन करेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के सचिव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि एनसीईआरटी की पुस्तक में इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना अध्याय जोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।जाहिर है आगामी दिनों मे कुछ लोगों को कटु सच बयानी की सजा मिलेगी न्याय के शिखर का अहम तुष्ट होगा लेकिन भ्रष्टाचार का सवाल यथावत बना रहेगा।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## संस्थागत साख और सत्ता का खेल

एक समय था जब राजनीति को महज विचारधाराओं का टकराव माना जाता थाए लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जो हमने देखा हैए वह किसी साधारण राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से कहीं अधिक गहरा और भयावह है। इसे केवल एक व्यवस्था की विफलता नहीं कहा जा सकताए बल्कि यह एक सुनियोजित ढांचे का हिस्सा प्रतीत होता हैए जहां सत्ता के गलियारों में बैठकर यह तय किया गया कि लोकतंत्र के उन खंभों को कैसे कमजोर किया जाएए जो जनता और शासन के बीच संतुलन का काम करते हैं। हममें से बहुत से लोग जो उस समय इन घटनाओं को देख रहे थेए उन्हें यह महसूस हो सकता है कि हम एक प्रकार के सामूहिक सम्मोहन का शिकार थेए लेकिन अबए फरवरी 2026 के इस मोड़ पर खड़े होकरए जब धुंध छंट रही है और अदालतों के फैसले हमारे सामने हैंए तो यह स्पष्ट हो गया है कि वह अंधभक्ति नहीं थीए बल्कि एक ऐसा जाल था जिसे बहुत बारीकी से बुना गया था। इस जाल की सबसे बड़ी ताकत वह प्रचार तंत्र थाए जिसने सच को झूठ और झूठ को राष्ट्रभक्ति का चोला पहनाकर परोसा।

दिल्ली की आबकारी नीति का मामला इसका सबसे बड़ा उदाहरण बनकर उभरा है। जब 2021.22 में नई आबकारी नीति लाई गईए तो इसका घोषित उद्देश्य राजस्व में वृद्धि और शराब कारोबार में पारदर्शिता लाना था। यह नीति तकनीकी रूप से एक प्रशासनिक सुधार की तरह थीए लेकिन इसे रातों.रात एक ऐसे श्महाघोटालेश् के रूप में चित्रित किया गयाए जिसने पूरे देश के मीडिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे नेताओं को कटघरे में खड़ा करना महज एक जांच नहीं थीए बल्कि यह विपक्ष की छवि को कलंकित करने की एक सोची.समझी कोशिश थी। जिस तरह से सीबीआई और ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल किया गयाए उसने नागरिकों के मन में एक गहरा अविश्वास पैदा कर दिया। वर्षों तक चले मीडिया ट्रायल के दौरानए आम आदमी को यह बताया गया कि सबूतों का अंबार लगा हैए लेकिन जब फरवरी 2026 में दिल्ली की विशेष अदालत ने इन सभी को बरी किया और यह कहा कि न केवल साक्ष्यों का अभाव हैए बल्कि यह पूरा मामला ही साजिश के तहत गढ़ा गया थाए तो उस दिन उस पूरे प्रचार तंत्र का नकाब उतर गया। यह फैसला केवल एक जीत नहीं थीए बल्कि यह आईना था उस व्यवस्था के लिए जिसने टीवी डिबेट्स के जरिए अदालत से पहले ही अपना फैसला सुना दिया था। जब हम उन दिनों को याद करते हैंए तो दुख होता है कि कैसे एक राज्य के उपमुख्यमंत्री को जेल की सलाखों के पीछे रहने पर मजबूर किया गयाए सिर्फ इसलिए क्योंकि वे सत्ता के लिए एक चुनौती बन रहे थे।

शिक्षा का क्षेत्रए जिसे समाज को प्रबुद्ध बनाने का केंद्र होना चाहिए थाए वह भी इस साजिश से अछूता नहीं रहा। जनवरी 2026 में यूजीसी द्वारा जारी श्प्रमोशन ऑफइक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंसश् को जिस तरह से पेश किया गयाए वह शिक्षा सुधार नहींए बल्कि समाज के ताने.बाने को तोड़ने की एक कोशिश थी। जाति.आधारित भेदभाव को खत्म करने के नाम परए जिस तरह से एक नया श्अगड़े.पिछड़ेश् का विभाजन पैदा किया गयाए वह संविधान की भावना के खिलाफ था। विश्वविद्यालयों के परिसरों में जिस तरह का असंतोष देखा गयाए वह इस बात का सबूत था कि समाज अब इसे सुधार के रूप में नहींए बल्कि एक दमनकारी उपकरण के रूप में देख रहा था। यह एक खतरनाक खेल थाकृहिंदू समाज की एकता के दावे करने वालों द्वारा ही उसी समाज को टुकड़ों में बांटना ताकि वे कभी एकजुट होकर सत्ता से सवाल न पूछ सकें। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन नियमों पर रोक लगाना इस बात का संकेत था कि न्यायपालिका अभी भी लोकतंत्र के उन मूल्यों की रक्षा करने के लिए खड़ी हैए जिन्हें सरकार शायद नजरअंदाज करना चाहती थी।

इसी तरहए शिक्षा की किताबों के साथ किया गया खिलवाड़ एक लंबी अवधि की साजिश का हिस्सा था। एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में न्यायपालिका को भ्रष्ट दिखाने वाला अध्याय जोड़ना यह दर्शाता है कि सत्ता का ध्यान बच्चों के कोमल मन में संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने पर था। यह सोची.समझी रणनीति थी ताकि भविष्य की पीढ़ी यह मान ले कि लोकतंत्र के स्तंभ खुद ही भ्रष्ट हैं और इसलिए एक मजबूत श्अधिनायकवादीश् नेतृत्व की आवश्यकता है। जब चीफजस्टिस ने इस पर कड़ा रुख अपनाया और उस सामग्री को हटाने का आदेश दियाए तो यह केवल एक किताब पर बैन नहीं थाए बल्कि यह उस विचारधारा के प्रति एक सख्त संदेश था जो लोकतंत्र के आधारभूत ढांचे को ही खोखला करना चाहती थी। यह कोई संयोग नहीं था कि एक तरफ अदालतों को बरी करने पर मजबूर किया जा रहा थाए तो दूसरी तरफ किताबों के जरिए उन्हीं अदालतों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जा रहे थे। संवैधानिक गरिमा के साथ जो खिलवाड़ हुआए वह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी त्रासदी रही है। मई 2023 में नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निमंत्रण न देना केवल एक शिष्टाचार की चूक नहीं थीए बल्कि यह सत्ता के अहंकार का प्रदर्शन था। एक आदिवासी महिलाए जो देश की सर्वोच्च संवैधानिक प्रमुख हैंए उन्हें दरकिनार कर देना यह बताने के लिए काफी था कि सत्ता की नजर में संवैधानिक पदों की क्या अहमियत है। और फिरए जुलाई 2025 में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा एक ऐसे घटनाक्रम की परिणति थाए जिसे शायद ही कभी सार्वजनिक रूप से पूरी तरह समझा जा सके। एक जज के खिलाफलगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर महाभियोग के प्रस्ताव को स्वीकार करनाए उनके लिए काल बन गया। यह स्पष्ट था कि जो व्यक्ति सत्ता की लाइन से बाहर जाकर काम करने की हिम्मत करेगाए उसे रास्ते से हटा दिया जाएगा।

इन सारी घटनाओं को अगर एक साथ रखकर देखेंए तो एक स्पष्ट पैटर्न उभरता है। यह कोई बिखरी हुई घटनाएं नहीं हैंए बल्कि यह एक बड़े श्ब्लूप्रिंटश् का हिस्सा हैं। विपक्ष को फंसाकर राजनीति से बाहर करनाए शिक्षा को बांटने का हथियार बनानाए संस्थाओं को बदनाम करना और संवैधानिक पदों को रबर स्टैंप की तरह इस्तेमाल करनाकृयह सब लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करने का प्रयास है। हममें से कई लोगों ने इसे तब नहीं देखाए क्योंकि हमारा ध्यान उन कहानियों पर था जो टीवी स्क्रीन पर सुनाई जा रही थीं। लेकिन आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैंए तो पाते हैं कि जिसे हमने राष्ट्रवाद का हिस्सा समझाए वह दरअसल लोकतंत्र के खिलाफएक युद्ध था।

आज के समय में जागरूकता का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। 2026 का यह दौर हमें सिखाता है कि लोकतंत्र में श्सवाल पूछनाश् सबसे बड़ा कर्तव्य है। यदि हम सवाल पूछना बंद कर देंगेए तो हम फिर से उस जाल में फंस जाएंगे जो अदृश्य रहकर भी बहुत गहरा है। सच भले ही देर से सामने आएए लेकिन अदालती फैसलों ने यह साबित कर दिया है कि सच्चाई को पूरी तरह दबाना नामुमकिन है। यह समय है एकजुट होने काए न केवल किसी राजनीतिक दल के समर्थन मेंए बल्कि उन संस्थाओं की रक्षा के लिए जिन्होंने हमारे लोकतंत्र को जीवित रखा है। हमें उन सभी षड्यंत्रों का पर्दाफाश करना होगा जो छद्म वेष में लोकतंत्र के मंदिर को कमजोर कर रहे हैं। भविष्य की राह अब हमारे ही हाथों में हैए और यह राह केवल तथ्यों के आधार पर ही तय की जा सकती हैए न कि प्रचार तंत्र के शोरगुल से। लोकतंत्र की असली शक्ति किसी एक नेता या दल में नहींए बल्कि उन जागरूक नागरिकों में है जो अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर देते हैं। आइएए हम सब मिलकर इस जागरूकता को अपनी नई पहचान बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसा समाज छोड़ें जो न तो अंधभक्ति का शिकार हो और न ही सत्ता के किसी अनैतिक खेल का मोहरा। यही सच्ची राष्ट्रभक्ति है और यही वह एकमात्र रास्ता है जिससे हम अपने देश की आत्मा को बचा सकते हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

# मध्य पूर्व में युद्ध की आहट वैश्विक राजनीति और भारत पर संभावित असर

मध्य पूर्व एक बार फिर बड़े सैन्य टकराव के मुहाने पर खड़ा दिखाई दे रहा है। इजराइल द्वारा ईरान के कई शहरों पर एयरस्ट्राइक और उसके जवाब में ईरान द्वारा सैकड़ों मिसाइलें दागे जाने की खबरों ने क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। इन घटनाओं में अमेरिका की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भागीदारी की चर्चाओं ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। साथ ही कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाए जाने की सूचनाओं ने पूरे खाड़ी क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है।

इस घटनाक्रम का प्रभाव केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार, सुरक्षा समीकरण और कूटनीतिक संतुलन पर भी पड़ेगा। भारत जैसे देश, जिनके पश्चिम एशिया से गहरे आर्थिक, सामरिक और जनसांख्यिकीय संबंध हैं, उनके लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर इसका सीधा प्रभाव पड़ सकता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आयात करता है। यदि क्षेत्र में युद्ध का विस्तार होता है या होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो वैश्विक तेल कीमतों में उछाल आ सकता है। इससे भारत में महंगाई बढ़ने, चालू खाता घाटा बढ़ने और आर्थिक विकास दर पर दबाव आने की आशंका रहेगी।

दूसरा बड़ा पहलू भारतीय प्रवासियों का है। खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। किसी भी बड़े सैन्य संघर्ष की स्थिति में उनकी सुरक्षा प्राथमिक चिंता होगी। अतीत में भारत ने युद्धग्रस्त क्षेत्रों से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए बड़े ऑपरेशन चलाए हैं। यदि स्थिति गंभीर होती है, तो भारत सरकार को फिर से बड़े पैमाने पर निकासी अभियान चलाना पड़ सकता है। इससे न केवल मानवीय चुनौती खड़ी होगी बल्कि आर्थिक रूप से भी असर पड़ेगा क्योंकि प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

तीसरा आयाम कूटनीतिक संतुलन का है। भारत के इजराइल और ईरान दोनों के साथ रणनीतिक संबंध हैं। इजराइल भारत का महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार है, जबकि ईरान के साथ ऊर्जा, चाबहार बंदरगाह और क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं को लेकर सहयोग है। यदि संघर्ष बढ़ता है तो भारत को बेहद सावधानी से अपनी विदेश नीति का संतुलन बनाए रखना होगा ताकि वह किसी एक पक्ष के करीब दिखते हुए दूसरे के साथ संबंध खराब न करे।

वैश्विक राजनीति में भी इस टकराव के व्यापक परिणाम हो सकते हैं। यदि अमेरिका खुलकर युद्ध में शामिल होता है तो यह संघर्ष क्षेत्रीय युद्ध से बढ़कर अंतरराष्ट्रीय टकराव का रूप ले सकता है। इससे संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका भी कसौटी पर होगी। रूस और चीन जैसे देशों की प्रतिक्रिया भी समीकरण बदल सकती है, जिससे विश्व व्यवस्था में नए ध्रुवीकरण की संभावना बन सकती है।

धार्मिक और वैचारिक आयाम भी इस संघर्ष को जटिल बनाते हैं। मध्य पूर्व में पहले से ही शिया-सुन्नी तनाव, अरब-ईरान प्रतिद्वंद्विता और इजराइल-फिलिस्तीन विवाद जैसे मुद्दे मौजूद हैं। ऐसे में किसी भी सैन्य कार्रवाई को अलग-अलग समुदाय अलग नजरिए से देख सकते हैं। इससे दुनिया भर में विरोध प्रदर्शन, कूटनीतिक तनाव और सामाजिक ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। भारत जैसे बहुधार्मिक समाज के लिए यह जरूरी होगा कि वह आंतरिक सामाजिक सद्भाव बनाए रखे और बाहरी घटनाओं का असर घरेलू स्तर पर न फैलने दे।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का भी क्षेत्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ेगा। यदि पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया दोनों क्षेत्रों में अस्थिरता बढ़ती है तो भारत को दोहरे सामरिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। सीमा पार आतंकवाद, शरणार्थी संकट और उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों में वृद्धि जैसी चुनौतियां उभर सकती हैं।

आर्थिक दृष्टि से वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ेगी। शेयर बाजारों में गिरावट, मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव और निवेशकों की अनिश्चितता भारत समेत उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकती है। रक्षा खर्च बढ़ने की संभावना से सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं पर संसाधन दबाव में आ सकते हैं।

साथ ही यह भी संभव है कि इस संकट से नए कूटनीतिक अवसर पैदा हों। यदि भारत संतुलित और रचनात्मक भूमिका निभाता है, तो वह मध्यस्थ या संवाद समर्थक देश के रूप में अपनी छवि मजबूत कर सकता है। भारत की पारंपरिक नीति रही है कि वह संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता है। वर्तमान परिस्थितियों में यह रुख और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

दुनिया में नाराजगी बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। किसी भी सैन्य कार्रवाई को अलग-अलग देश अपने राजनीतिक और वैचारिक दृष्टिकोण से देखेंगे। यदि नागरिक हताहत होते हैं या बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विरोध तेज हो सकता है। सोशल मीडिया के दौर में सूचनाएं तेजी से फैलती हैं, जिससे जनमत प्रभावित होता है और सरकारों पर दबाव बढ़ता है।

अंततः यह स्थिति केवल सैन्य शक्ति का सवाल नहीं है, बल्कि धैर्य, कूटनीति और वैश्विक जिम्मेदारी की परीक्षा भी है। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण है अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना, अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और क्षेत्रीय शांति की दिशा में संतुलित भूमिका निभाना। यदि बड़े देश संयम नहीं बरतते, तो इसका असर केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल सकता है। ऐसे समय में संवाद, समझदारी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग ही स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह की पहल पर सचौली पटवनिया को मिली सड़क

**रुद्रपुर, देवरिया।** क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए डॉ. रतनपाल सिंह (एमएलसी) द्वारा विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई है। स्वीकृत परियोजना के तहत सचौली पटवनिया मार्ग से मोनू सिंह के घर होते हुए पटवानियां प्राथमिक विद्यालय तक संपर्क मार्ग का नव निर्माण कराया जाएगा।प्रस्ताव के अनुसार सड़क की लंबाई लगभग 2 किलोमीटर होगी। निर्माण कार्य पर लगभग 198.15 लाख रुपये लागत निर्धारित की गई है।इस सड़क के निर्माण से गांव के सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। खासकर स्कूली बच्चों, किसानों और स्थानीय को आवागमन में सहूलियत होगी। बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत मिलने की उम्मीद है। एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराया जाएगा। ग्रामीणों ने इस स्वीकृति पर खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधि के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## घर ताला तोड़कर नकदी और गहने चोरी केस दर्ज

**सहजनवां :-** गोरखपुर ' सहजनवां तहसील के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पकड़ी निवासी संजय उपाध्याय पुत्र स्व मार्कण्डेय उपाध्याय जो नगर पंचायत सहजनवां वार्ड 9 धनश्याम नगरी में मकान बना कर रहते है। माता की तबियत खराब थी। जिनका गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित परिजन के साथ अस्पताल में थे। घर में ताला बंद था। 26 फरवरी की रात्रि में चोर घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखा सोने की हार,दो चैन,सोने की चार अंगूठी,सोने की दो जीडी बाली,सोने की नथुनी और 10 हजार नकद चोर चुरा ले गए थे। सुबह जब घर पर पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरे हुए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण आयोजित



**मनकापुर गोण्डा-** ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम वर्ष 2026 ब्लॉक संसाधन केंद्र बभनजोत (गिन्नी नगर) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने उपस्थित होकर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर औपचारिक शुभारंभ किया।अपने संबोधन में विधायक जी ने कहा कि जब तक ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों के बीच समन्वय स्थापित नहीं होगा, तब तक विद्यालयों का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कराए जा रहे विकास कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए प्रधानाध्यापकों से मन लगाकर कार्य करने की अपील की। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी रियाज अहमद, एडीओ पंचायत बभनजोत हुकुम सिंह , राम विलास वर्मा, घनश्याम पांडेय , विमलेश बहादुर सिंह, दक्षराज वर्मा, दिनेश वर्मा (प्रधान), हकीमुल्ला, श्री बृज किशोर, पप्पू मौर्य, चिंटू मौर्य, अरविंद शर्मा सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब ललितपुर गर्व ने डा.यशपाल सिंह बुंदेला का किया सम्मान

**ललितपुर।** लायंस क्लब ललितपुर गर्व द्वारा न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ डा. यशपाल सिंह बुंदेला (डायरेक्टर, न्यूरो सर्जरी, मेदांता हॉस्पिटल नोएडा) को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया। डा.बुंदेला प्रतिमाह के चौथे शुक्रवार को नोएडा से ललितपुर आकर नदीपुरा स्थित अस्पताल में मरीजों को अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को उन्नत न्यूरो चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रही है। क्लब पदाधिकारियों ने उनके इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान डा.बुंदेला ने आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में लायंस क्लब ललितपुर गर्व के तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर्ड अध्यक्ष संजय जैन रिंकू, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र जैन टिंकू, सचिव जितेंद्र शर्मा जीतू, अमित लिंकन एवं प्रभात चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस थाना खजनी से लोगों का विश्वास खत्म होता नजर आ रहा है

### ● पांच आवेदन पत्र आए मगर एक का मौके पर निस्तारण कर कोरम पूरा किया गया।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी गोरखपुर-** खजनी थाने मे फरवरी माह के अंतिम शनिवार को थाना प्रांगण में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी खजनी व तहसीलदार खजनी ने किया जिसमें पांच मामले आए एक का मौके पर निस्तारण करते हुए कोरम पूरा किया गया शेष 4 शिकायती पत्र एक ही गांव के भूमि धरी व पट्टे का विवाद था जिसके लिए संबंधित राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि इस प्रकरण का एक हफ्ते के अंदर निस्तारण करें जबकि शासन का सख्त आदेश है कि 2:00 बजे के बाद भूमि विवाद में आए शिकायती पत्रों का पुलिस व राजस्व की टीम गठित कर मौके पर भेज कर मामलों का निस्तारण कराया जाय। सूच्य हो कि शेष चारों प्रकरण राजस्व के थे और चारों एकही गांव के थे यदि आज राजस्व व पुलिस की टीम का गठन कर 2:00 बजे के बाद मौके पर टीम रवाना किया गया होता तो शायद यह मामला आज ही निस्तारित हो जाता इससे स्पष्ट है कि जिम्मेदार अधिकारी शासनादेश का ध्यान न देकर मनमानी कर जनता को परेशान कर रहे हैं इस अवसर पर इंस्पेक्टर खजनी जयंत सिंह राजस्व निरीक्षक के अलावा एक भी उपनिरीक्षक और लेखपाल उपस्थित नही था यह हाल मुख्यमंत्री के जिले का है जहां शासनादेश का माखौल उड़ाया जा रहा है तो अन्य जिलों के थाना दिवस का क्या हाल होगा।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर स्कूल में मनाया गया विज्ञान दिवस, बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी



**गोलाबाजार, गोरखपुर-** गोला उपनगर के वार्ड नंबर 6 स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्कूल में शनिवार को विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक विज्ञान प्रदर्शनी प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सभासद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक वर्मा रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान मानव जीवन का अभिन्न अंग है। इसके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। आज शिक्षा, चिकित्सा, संचार, कृषि सहित लगभग हर क्षेत्र विज्ञान पर आधारित है। उन्होंने बच्चों को वैज्ञानिक सोच अपनाने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पूर्व सभासद राम पुरन गुप्ता, पूर्व सभासद प्रतिनिधि विकास कसौधन एवं बजरंगी लाल निगम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्रों के मॉडल और प्रयोगों की सराहना की। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या मीना राय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं छात्रों का आभार व्यक्त।

# देसी शराब की दुकान से एक पेटी शराब व नकदी चोरी

### ●पुलिस की हनक को ठेंगा दिखा रहे चोर

### खजनी थाना क्षेत्र में चोरियों का पर्दाफाश न होने से चोरों के हौसले बुलंद




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी गोरखपुर-** खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान स्थित है जो की बीती रात को लगभग 11 बजे मुनीब जीत नारायण यादव शौच करने के लिए गये तभी दो अज्ञात चोरों ने एक पेटी देसी शराब व दो हजार रुपये नकदी चोरी कर फरार हो गए इस दौरान चोर दुकान पर लगे चार सीसीटीवी कैमरे मे तिजोरी से पैसा निकालते हुए व देसी शराब ले जाते हुए उनका वीडियो रिकार्ड हो गया। दुकान मालिक गौरव पांडे ने बताया मुनीब के पास मोबाइल नहीं था सुबह उसने सूचना दिया जिसकी तहरीर लिखित रूप से खजनी.थाने पर दे दी गई है।बताते चलें कि अभी हाल ही में ग्राम गाजर वंसमन में तीन पेड़ सागौन के रात में चोर काट कर गाड़ी में भरकर उठा ले गए शिकायत कर्ता पर्ची लेकर थाने का चक्कर लगा रहा है चोरी का अभी तक दर्ज नहीं हुआ खजनी थाना क्षेत्र में चोरों की दिलेरी इतनी है पुलिस क्षेत्र मे तथा कथित तौर पर भ्रमण करती रहती है और चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं । उक्त के संबंध मे थाना प्रभारी खजनी जयंत सिंह ने बताया कि हमे इसकी सूचना नहीं मिली है सूचना मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# विकास खण्ड बभनजोत मे नीति आयोग द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 का स्थलीय भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा -** विकास खंड बभनजोत की ग्राम पंचायत बनगवा एवं दौलतपुर माफी में नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों का स्थलीय भ्रमण किया गया।भ्रमण के दौरान जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अरुण कुमार सिंह, नीति आयोग से यंग प्रोफेशनल सुश्री अदिति त्यागी, खंड विकास अधिकारी राम लगन वर्मा, सीएम फेलो गौरव मिश्रा, स्वास्थ्य अधीक्षक तरुण कुमार मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अहमद, सीडीपीओ दुर्गेश कुमार गुप्ता सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इस क्रम में प्राथमिक विद्यालय बनगवा, आंगनवाड़ी केंद्र बनगवा, प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर माफी, आंगनवाड़ी केंद्र दौलतपुर माफी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुक्कनपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर का भ्रमण किया गया। इस दौरान वहां प्रदान की जा रही शैक्षणिक, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का अवलोकन किया गया। विद्यालयों में पठन-पाठन व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन (Mid-Day Meal), आधारभूत सुविधाएं तथा बालिकाओं हेतु शौचालय की स्वच्छता एवं उपयोगिता की भी समीक्षा की गई । आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण ट्रैकर पर डेटा प्रविष्टि, टेक-होम राशन (ज्ञाक्र) वितरण, वृद्धि निगरानी (Growth Monitoring) एवं लाभार्थियों की उपस्थिति की समीक्षा की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुक्कनपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर में उपलब्ध चिकित्सीय सेवाओं, दवा उपलब्धता, टीकाकरण व्यवस्था तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त विकास खंड कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ संपूर्णता अभियान 2.0 की मासिक कार्ययोजना (Monthly Action Plan) एवं अब तक की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रम को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। नीति आयोग द्वारा निर्धारित संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत तय 6 संकेतकों की गहन समीक्षा की गई। इनमें से 4 संकेतक आईसीडीएस विभाग, 1 संकेतक बेसिक शिक्षा विभाग एवं 1 संकेतक पशुपालन विभाग से संबंधित हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी 6 संकेतकों में संतृप्ति (Saturation) प्राप्त करना है।उल्लेखनीय है कि संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ दिनांक 2 फरवरी 2026 को विकास खंड सभागार में किया गया था, जो 14 अप्रैल 2026 तक संचालित रहेगा।अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के सुझाव दिए गए।

# दिल्ली में विशाल भंडारे की तैयारी तेज, ललितपुर से सहयोग हेतु अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्री शिव सेवक दिल्ली द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ललितपुर से धर्मेंद्र, शुभम और हरिमोहन बांके बिहारी चौरसिया के नेतृत्व में सहयोग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष विभिन्न सेवादारों के सहयोग से लगभग पांच लाख रुपये से अधिक की राशि दिल्ली भेजी गई थी। इस वर्ष भी मुख्य सेवादार हरिमोहन बांके बिहारी चौरसिया ने ललितपुर जनपद की जनता से अपील की है कि वह स्वेच्छा से दान राशि देकर पुण्य अर्जित करें और इस धार्मिक आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भंडारे में देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और सेवा का लाभ उठाते हैं। अब तक ललितपुर से गणेशाराम चौरसिया, राजकुमार साहू, सुनील मालवीय, राजा भैया, हर देनिया, आशु, संजीव भरे खटीक, मुकेश राठौर, अंतिम त्यागी, रामरतन शर्मा, मनीष शर्मा, संजीव आकाश, प्रमोद चौरसिया, संदीप शर्मा, राजेंद्र राजपूत, रामदास डोड, बानी अजमेरी, दारा सिंह संभल ग्वाला, अभिषेक निरंजन, भूपेंद्र, दीपेश, राजेंद्र राजपूत, भारत चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, लक्ष्मी नारायण, पीतांबर ज्वेलर्स तथा कुशल गुप्ता के माध्यम से सहयोग प्राप्त हो चुका है। मुख्य सेवादार हरिमोहन ने बताया कि इस वर्ष भी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विशाल भंडारे में अधिक से अधिक लोग पहुंचकर सेवा और धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की है।

# शादी के जश्न में चली गोली, 8 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बुलंदशहर-** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में शादी के जश्न के दौरान हुई फायरिंग की घटना में एक आठ वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना कोतवाली नगर क्षेत्र में 19 फरवरी को हुई थी। आरोपी के घर पर उसकी बेटी की शादी से एक दिन पहले अनुष्ठान चल रहा था, उसी दौरान गोली चलने से आठ वर्षीय रेयांश सोनी घायल हो गया।

**लाइसेंसी पिस्तौल से चली गोली**

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के नाबालिग बेटे ने कथित तौर पर अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से गोली चला दी। गोली सीधे बच्चे के सिर में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**अस्पताल में चल रहा इलाज**

घटना के बाद घायल बच्चे को तुरंत गौतम बुद्ध नगर जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर उसकी हालत पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

**पुलिस ने बरामद किया हथियार**

पुलिस ने आरोपी के पास से एक लाइसेंसी पिस्तौल, एक मैगजीन, एक कारतूस और दो खाली खोखे बरामद किए हैं। मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**शिकायत के आधार पर दर्ज हुआ केस**

पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने बताया कि पीड़ित के पिता की शिकायत के आधार पर 20 फरवरी को आरोपी पिता और उसके नाबालिग बेटे के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस का कहना है कि घटना में इस्तेमाल की गई पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## शैक्षिक भ्रमण के लिए निकली बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सहजनवां-** शासनादेश के क्रम में शनिवार को पी एम श्री कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय खिरीड़ाड और पी एम श्री कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय महैता के बच्चे शैक्षिक भ्रमण पर चिड़ियाघर,रेलवे म्युजिअम और वाटर पार्क आदि स्थानों पर जाने के लिए बस में बड़े ही उत्साह से बैठे।बस को प्राथमिक शिक्षक संघ सहजनवां के अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल एवं ग्राम प्रधान विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार राय,रुबी मेहर, सहायक अध्यापक प्रतिमा राय, सत्यवीर सिंह एवं अनुदेशक सुनील कुमार सहित दोनों विद्यालय के कुल 62 बच्चे मौजूद रहे।

# पूर्व चेयरमैन ने की विजयम् के बाल वैज्ञानिकों की सराहना

### ●-विज्ञान प्रदर्शनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रूद्रपुर, देवरिया।** विज्ञान दिवस के अवसर पर द्वाबा के विजयम् पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका अवलोकन करते हुए पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छट्ठे लाल निगम ने बाल वैज्ञानिकों की जमकर सहाना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बच्चों के अंदर जो प्रतिभा है उसे निखारने का काम स्कूल कर रहा है। वह दिन दूर नहीं जब इस स्कूल के बच्चे देश दुनिया में अपना नाम रोशन करेंगे। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने तैरते हुए खेत, चोरों से सुरक्षा के लिए मॉडर्न तकनीक, फसल बचाने के लिए सायरन, बाढ़ आने की सूचना देने के लिए सिग्नल, वायु प्रदूषण कम करने के लिए कार्बन अब्जॉर्बर संयंत्र, रिवर क्लीनिंग डिवाइस, हाइजीनिक और अनहाइजीनिक फूड, डिफरेंट टाइप ऑफ़ पॉल्यूशन, हाइड्रोलिक ब्रिज, आग की लपटों से सोलर प्लेट की चार्जिंग सहित लगभग एक दर्जन मॉडल बनाए। विज्ञान के मॉडल बनाने में पवन साहनी अंजली पांडे चांदनी साहनी , के एमउपाध्याय बसंत यादव व शुभम तिवारी एकता शुक्ला आदि का विशेष योगदान रहा। प्रदर्शनी में अंशिका यादव खुशी रावत गुलशन यादव रोशन यादव विद्या राव तस्मिया खातून अनुष्का यादव अलीशा अंसारी अभय मिश्रा अंश यादव आस्था पांडे आदित्य यादव तरुण यादव आदि बाल वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# फाइल व आईजीआरएस फीडिंग पर डीएम सख्त, एसआईआर की धीमी प्रगति पर वेतन बाधित करने की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार, गोरखपुर।** दीपक मीणा ने शुक्रवार देर शाम गोला तहसील मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। करीब दो घंटे तक तहसील परिसर में डटे रहे डीएम ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की और ई-गवर्नेंस से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि ई-परवाना सहित जनसुनवाई के सभी मामलों की अनिवार्य रूप से आईजीआरएस पर फीडिंग की जाए, चाहे शिकायत तहसील दिवस की हो या दैनिक। कलेक्ट्रेट व विकास भवन की तर्ज पर तहसील व ब्लॉक स्तर पर भी ई-फाइल प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके लिए प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। लेखागार निरीक्षण के दौरान अभिलेखों को अद्यतन रखने, लंबित नक्शा, खसरा-खतौनी व अन्य दस्तावेजों की सूची तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कोर्ट मामलों में लेखपाल व आरआई को समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करने और न्यायालय आदेशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। एसआईआर व फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में धीमी प्रगति पर पशु चिकित्साधिकारी विजय गुप्ता पर नाराजगी जताते हुए वेतन बाधित करने की चेतावनी दी। तहसील निरीक्षण के बाद डीएम ने सीएचसी गोला का भी औचक निरीक्षण किया। उपस्थिति रजिस्टर जांच में सभी कर्मचारी ड्यूटी पर मिले। इस दौरान सीआरओ हिमांशु वर्मा, एसडीएम अमित कुमार जायसवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** प्रदेश सरकार ने शनिवार से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से तथा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ से अभियान का शुभारंभ किया। देवरिया में महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कॉलेज के सभागार में सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, प्राचार्या डॉ. रजनी व अन्य अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की। डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने बताया कि 14-15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन की एकल डोज लगाई जाएगी, जिससे सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव है। वैक्सीन सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध होगी और अभिभावकों की सहमति आवश्यक होगी। सीएमओ ने बताया कि महिलाओं में होने वाले कैंसर में सर्वाइकल कैंसर का प्रतिशत लगभग 22.86 है, लेकिन यह एकमात्र ऐसा कैंसर है जिसकी रोकथाम टीकाकरण से संभव है। बताया कि गार्डासिल-4 की सिंगल डोज तीन माह तक प्रतिदिन लगाई जाएगी, इसके बाद नियमित टीकाकरण दिवसों में भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक व मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## होली अवकाश को लेकर यूटा ने सौंपा ज्ञापन, अधिकारियों ने दिया आश्वासन

**ललितपुर।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की जिला टीम ने होली अवकाश के मुद्दे को लेकर जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि होली पर्व के लिए 02 मार्च 2026 और 04 मार्च 2026 का अवकाश घोषित है, जबकि 03 मार्च 2026 का अवकाश घोषित न होने से बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है और त्योहार मनाने में असुविधा की स्थिति बन रही है। यूटा पदाधिकारियों ने शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए 03 मार्च को भी अवकाश घोषित करने की मांग की। इस पर दोनों अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि उक्त तिथि के अवकाश के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी और उस दिन अवकाश रहने का प्रयास किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने दोनों अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की भावनाओं को समझते हुए सकारात्मक रुख अपनाया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सतीश सहित अन्य शिक्षक नेता उपस्थित रहे।

# दबंगों ने दुकानदार को पीटा, सीसीटीवी और डीवीआर भी तोड़ा

### ●कोतवाली थाना क्षेत्र के आरएमवी कॉलोनी के पास की घटना

### आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना कोतवाली अंतर्गत आरएमवी कॉलोनी कट पर एक दुकानदार के साथ मारपीट और तोड़फ़ोड़ का मामला सामने आया है। दबंगों ने न केवल पीड़ित के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, बल्कि साक्ष्य मिटाने की नीयत से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित मोहल्ला रावतयाना निवासी रोहित यादव पुत्र राजेंद्र सिंह यादवने बताया कि 27 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी क्षेत्र के कुछ नामजद युवक अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। जब रोहित ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई।घटना के दौरान आरोपियों ने दुकान में तोड़फ़ोड़ की और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर को तोड़ दिया ताकि हमले की कोई फुटेज रिकॉर्ड न हो सके। पीड़ित के मुताबिक, उसका डीवीआर भी मौके से गायब है। मारपीट के शोरगुल के बीच जब पीड़ित के पिता वहां पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर ग्राम खोंखरा निवासी मुकुन्द सिंह पुत्र नाहर सिंह, खोंखरा निवासी बॉबी राजा पुत्र शेर सिंह, मोहल्ला चौबयाना निवासी बब्बू राजा पुत्र राजेन्द्र सिंह, खिरिया छतारा निवासी बड़े राजा पुत्र राजाराम, मोहल्ला चौबयाना निवासी बुद्ध सिंह और अज्ञात साथियों के खिलाफबीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सदर चौकी इंचार्ज उप-निरीक्षक प्रशांत राणा को सौंप दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# छात्रों की प्रतिभा ही राष्ट्र निर्माण में सहायकः मयंक तिवारी

### ●राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर डोंगरा खुर्द में छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मड़ावरा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर ब्लॉक मड़ावरा के ग्राम डोंगरा खुर्द स्थित आचार्य श्री विद्यासागर पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं स्टॉल लगाकर अपनी प्रदर्शनी प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभाओं से अतिथियों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल महामंत्री शुभम सोनी, एबीवीपी नगर अध्यक्ष मयंक तिवारी आदि सम्मिलित हुए। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि छात्रों के हाथों में ही देश का भविष्य होता है। बच्चों की प्रतिभा राष्ट्र निर्माण में सहायक होती है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा निखार लाती है। उन्होंने स्कूली बच्चों को नशा मुक्त रहने में देश का सहयोग करने की बात कही और कहा कि यदि आपके परिवार व आस-पास कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का नशा करता है तो उसे नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने इसरो वाटर बल्ग ग्रीन हाउस, पेट्रोल पंप, भारतीय बैंक, प्रयोगशाला, विद्यालय आदि से सम्बंधित मॉडल तैयार कर स्टॉल लगाए। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अजय जैन, रुवी जैन, रोशनी जैन, रिद्धि श्रीवास्तव के अलावा अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# संक्षिप्त खबरें

## संस्कार भारती बरेली द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित




**बरेली**/अखिल भारतीय साहित्य एवं ललित कलाओं को समर्पित संस्था संस्कार भारती बरेली द्वारां मिनी बाई पास स्थित उमेश चंद गुप्ता के निवास स्थान पर रंगारंग गीत, संगीत, नाट्य एवं काव्य के कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कवि आचार्य देवेंद्र देव एवं अध्यक्ष हिमांशु श्रोतीय निष्पक्ष थे। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा नृत्य एवं गायन की प्रस्तुतियां दी गई। पप्पू वर्मा द्वारा अंधा युग नाटक की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, तथा आचार्य देवेंद्र देव,ऋषि कुमार शर्मा च्यवन, हिमांशु श्रोत्रीय निष्पक्ष, उपमेंद्र सक्सेना, कुलदीप वर्मा, राजकुमार सक्सेना, प्रदीप रावत, डॉ मुकेश मीत आदि कवियों द्वारा अपनी-अपनी काव्य की प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया गया। कार्यक्रम का सुंदर एवं सफल संचालन डॉक्टर मुकेश मीत द्वारा किया गया।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, उज्बेकिस्तान की दो महिलाएं समेत चार घायल

> **आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कार अनियंत्रित होकर पलटी।**
> **तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना गया।**



**फिरोजाबाद।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार दोपहर हादसा हो गया। लखनऊ से दिल्ली के लिए जा रही कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें उज्बेकिस्तान की दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना माइल स्टोन 59.90 पर हुई। डायल 112 के माध्यम से मिली सूचना के आधार पर पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर नगला खंगर गिरीश कुमार ने बताया कि लखनऊ से आगरा जा रही इनोवा कार अनियंत्रित होकर दूसरी तरफ जाकर पलट गई। कार को मुहम्मद अफजल निवासी ऊषहना थाना समुलतल जिला जमुई बिहार चला रहा था। उसके साथ संदीप चौरसिया निवासी सियार पार्क थाना कालिका दिल्ली और उज्बेकिस्तान की दो महिलाएं थीं। उन्हें एंबुलेंस से पीजीआई सैफई भेजा गया। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से हटवाया गया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

## होली पर नहीं होगा हुड़दंग, खुराफात की तो पुलिस कर देगी दो मिनट में सही; 584 बदमाशों को रेड कार्ड



**फिरोजाबाद।** होली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पिछले वर्ष हुड़दंग कर माहौल खराब करने वाले 584 बदमाशों को रेड कार्ड देकर पाबंद किया गया है। इसके साथ ही शांति भंग करने के संदेह पर 7371 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनकी निगरानी के लिए थाना स्तर पर टीमें भी बनाई गई हैं। अब तक 504 डीजे संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए 522 डीजे संचालकों को चिह्नित किया है।

इनमें से 504 संचालकों को नोटिस जारी कर सख्त हिदायत दी गई है कि त्योहार के दौरान तय मानकों का उल्लंघन न किया जाए। शहरी क्षेत्र में 301 और ग्रामीण क्षेत्रों में 221 डीजे संचालकों पर कड़ी नजर रखी जा रही हैं। वहीं, पुराने विवादों को देखते हुए चिह्नांकन करने के बाद पुलिस ने अब तक 584 लोगों को रेड कार्ड जारी किए गए हैं। इसमें शहरी क्षेत्र में 288 और ग्रामीण में 296 लोग शामिल हैं। इसके अलावा शांति भंग करने के संदेह पर 7371 लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें 3739 लोग शहर और 3632 लोग ग्रामीण में शामिल हैं।

# सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले और रास्ता बंद करने वाले दबंगों के खिलाफ समाधान दिवस में की शिकायत लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली**/क्योलडिया।थाना क्षेत्र के गांव बिजासन के विश्व देव राठौर ने आज समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया जिसमें उन्होंने बताया कि उनके खेत को जाने वाले रास्ते को दबंग सुरेश चंद्र उर्फ महेश ने कब्जा कर रखाहै और रास्ते में अपनी ट्राली खड़ी कर कर रख कर ट्राली से नाली को तोड़कर उसकी ईटे गायब कर दी है ज्ञात रहे 24 सितंबर को दबंग ने जाने वाले रास्ते पर दीवार खड़ी कर रास्ता पूर्ण तरीके से बंद कर दिया है जिसकी तत्काल शिकायत पीड़ित ने पीआरवी पर की लेकिन पुलिस ने आरोपी को बगैर कार्यवाही के ही छोड़ दिया।

जिससे दबंग के हौसले बुलंद हो गये इसके बाद दबंग ने रास्ते में पुआल लगा दिया पीड़ित ने कई बार इसकी शिकायत की जिस पर 25 अक्टूबर 2025 को राजस्व टीम के गठन किया गया जिसमें नायव तहसीलदार दिवाकर सिंह द्वारा कब्जा हटा दिया गया था इसके बाद एसडीएम प्रशासन से पीड़ित ने शिकायत की जिस पर एसडीएम प्रशासन ने अधिकारियों को ?कडी फटकार लगाई इस पर 25नवंबर को नायव तहसीलदार सोभित सिंह ने कब्जा हटवाया।

अधिकारियों के जाने के बाद दबंग ने फिर कब्जा कर लिया 20 फरवरी 26 को तहसीलदार दुष्यंत प्रताप स्वयं मौके पर पहुंचे और वहां पर कब्जा हटवाया लेकिन टीम के जाते ही फिर दबंग ने नाली में पड़े पाइप उखाड़दिए जिससे रास्ता बंद हो गया पीड़ित की 6 माह से अब तक कोई फसल नहीं हुई है और उसका खेत खाली पड़ा है पीड़ित ने समाधान दिवस में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांगकी है।

# कैलाश नदी में दो मगरमच्छ दिखने से दहशत, ग्रामीणों में डर का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/क्योलड़िया गांव मुड़िया चौधरी के पास बहने वाली कैलाश नदी में दो मगरमच्छ देखे जाने पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने नदी किनारे धूप सेंकते दो बड़े मगरमच्छों को देखा। इसके बाद नदी में मगरमच्छ होने की खबर गांव में फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार, नदी में पहले मगरमच्छ नजर नहीं आए थे। अचानक दो मगरमच्छों के दिखने से खासकर नदी किनारे खेतों में काम करने वाले किसानों और पशु चराने जाने वाले लोगों में भय बना हुआ है। अभिभावकों ने बच्चों को नदी की ओर जाने से मना कर दिया है।

सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान वेदपाल कन्नौजिया ने वन विभाग को इससे अवगत कराया । पूरे दिन ग्रामीण वन विभाग का इंतजार करते रहे लेकिन कोई वन कर्मी सूचना पर नहीं पहुंचा।

गांव के सुरेश पाल, विजेंद्र कुमार, चंद्रपाल, दीनदयाल, राधेश्याम, आदि ने कहा कि यदि समय रहते मगरमच्छों को सुरक्षित स्थान पर नहीं ले जाया गया तो किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल गांव में दहशत का माहौल है।

### होली पर रंगों और पानी से जमकर खेलिए, दिन में तीन बार होगी सप्लाई, वाटर वर्क्स की टीम ने की तैयारी

**फिरोजाबाद।** होली पर पानी का संकट न रहे, इसके लिए जलकल विभाग के अधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। इसके लिए विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और जल निगम और सिंचाई विभाग को नहर से अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा गया है। जेड़झाल नहर से आने वाले पानी की शहर में आपूर्ति कराई जा रही है। इसके अलावा शहर में स्थापित नलकूप और सबमर्सिबल के माध्यम से हजारों घरों तक सीधे पानी पहुंचता है। पूरे शहर में प्रतिदिन 120 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है। होली के त्योहार पर पानी की खपत काफी बढ़ जाती है। इसके लिए जलकल विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खराब नलकूप और सबमर्सिबल ठीक कराने के लिए टीमें निरंतर क्षेत्र में दौड़ रही हैं। गली-मुहल्लों में लीकेज लाइनें ठीक कराई जा रही हैं। जीएम जलकल सतीश कुमार ने बताया कि होली के त्योहार पर 24 घंटे कंट्रोल रूम संचालित रहेगा। आठ-आठ घंटे की अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# यूपी के इस टोल प्लाजा पर गुंडागर्दी रोकने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती, बिना फास्टैग लगेगा दोगुना जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**इटावा।** इटावा-फर्रुखाबाद मार्ग पर बख्तियारपुरा टोल प्लाजा एनएचएआई द्वारा गत चार फरवरी से वाहनों से टोल लिया जा रहा है। वाराणसी की अंशिका इंटरप्राइजेज कंपनी को टोल तीन महीने के लिए ट्रायल पर दिया गया है। शुरू में टोल लेने के लिए केबिन काउंटर पर युवकों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन अब युवतियों को केबिन काउंटर पर लगाया गया है। यहां से गुजरने वाले वाहनों को फास्टटैग न होने पर दो गुना टोल देना होगा।

टोल प्लाजा मैनेजर अनुराग सिंह चौहान ने बताया एनएचएआई की गाइड लाइन के अनुसार चार युवतियों की टोल पर आठ घंटे के लिए तैनाती की गई है। नीलम, अंजलि, रचना, अंजलि निवासी ग्राम खेड़ा हेलू की तैनाती हो गई है। नया टोल चालू होने से लोकल वाहन चालकों द्वारा वाहन निकालने को लेकर गुंडागर्दी, गाली गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग टोल कर्मियों के साथ किया जा रहा था, जिस पर पाबंदी लगेगी।

चार दिन पूर्व ही टोल से फ्री में गाड़ी पास करने को लेकर प्लाजा मैनेजर की ओर से गंगापुरा के एक युवक पर गाली गलौज व मारपीट का मुकदमा थाना चौबिया में पंजीकृत कराया गया था। टोल न देने को लेकर कई लोगों द्वारा गाली गलौज व झगड़ा टोल कर्मियों के साथ किया जा चुका है। जबकि लोकल वाहनों के लिए 340 रुपये का पास बन रहा है। जो एक माह तक मान्य रहेगा। प्लाजा मैनेजर अनुराग सिंह चौहान टोल पर रहकर इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों व लोकल के वाहन चालकों से अपील कर रहे हैं कि जिनके वाहन में फास्टटैग नहीं है, वह लगवा लें। अन्यथा नगद व ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से टोल ज्यादा लगेगा।

# ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी, अलीगढ़ में 2900 होलिका दहन स्थलों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा

- **जिले में लगभग 2900 स्थानों पर होगा होलिका दहन**
- **अतिरिक्त पुलिस बल, ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी**
- **संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अलीगढ़।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की है। दो मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। जिले में इस बार करीब 2900 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी।

**ग्रामीण एरिया में इगलास में सबसे ज्यादा 250**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक होलिका दहन के स्थान चिन्हित किए गए हैं। इसमें इगलास क्षेत्र में सर्वाधिक 250 स्थानों पर होलिका जलाई जाएगी। जबकि टप्पल क्षेत्र दूसरे स्थान पर है। जहां 121 स्थानों पर होलिका दहन होगा। वहीं अकराबाद में 115 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा।

**शहर में सबसे ज्यादा सासनी गेट में 121 स्थानों पर जलेगी होली**

शहरी क्षेत्र की बात करें तो सासनी गेट में 121, क्वार्सी थाना क्षेत्र में 84 स्थानों पर होलिका दहन निर्धारित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक होलिका स्थल पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। कई स्थानों पर एक-एक पुलिसकर्मी को तीन से चार होलिका स्थलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा थाना प्रभारियों और क्षेत्राधिकारियों को लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**दो मार्च की रात में होगा होलिका दहन**

पुलिस कंट्रोल रूम से पूरे जिले की निगरानी की जाएगी। किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम और डायल 112 पुलिस भी अलर्ट रहेगी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## अलीगढ़ में होली मिलन समारोह से लौट रहे युवकों को बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, एक की मौत; एक घायल

**अलीगढ़।** गांधी पार्क थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे वासने कालेज में चल रहे होली मिलन समारोह से लौट रहे युवकों पर बाइक सवार युवकों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक गोली अंशु नाम के युवक की पीठ में लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अंशु कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरी का निवासी बताया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रंजिश के चलते वारदात की आशंका है। उन्होंने बताया कि धीरज ठाकुर और गोलू ठाकुर ने घटना को अंजाम दिया है। कुछ समय पहले धीरज ठाकुर ने पृथ्वीराज और अंशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें पृथ्वीराज को जेल भेजा गया था एक महीना पहले ही वह जेल से छूट कर आया था।

**ये भी हो सकता है मामला**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपितो की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामले की जांच जारी है। मामला रैगिंग का भी हो सकता है।

## स्कूलो में छात्र छात्राओं ने जमकर गुलाल उड़ाया मनाई होली



**बरेली**/क्योलडीया होली से पूर्व आज स्कूलों में स्कूली छात्र-छात्राओं ने जमकर गुलाल उड़ाया खेली होली नगर के गोल्डन पब्लिक स्कूल मेप्रधानाचार्य ने होली पर्व की जानकारी दी और छात्र-छात्राओं से गुलाल से होली खेलने की अपील की एवं केमिकल वाले रंगों से बचने की सलाह दी इसके बाद छात्र छात्राओं ने जमकर होली खेली और अपने गुरुजनों के रंग लगाकर उनसे आशीर्वाद लियास्कूलों में छात्र-छात्राओं ने खूब गुलाल उड़ाया इस दौरान मुकेश कुमार महेश कुमार तिलक राम सत्यभामा कुमारी रजनी प्रवेश कुमारी मो फुरकान समेत सभी छात्र-छात्राएं मैजूद रहे।

# मिश्रित आबादी वाले गांव का निरीक्षण करने एसडीम एवं सी ओ क्यों लड़ियां पहुंच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/होली के पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आज एसडीम उदित पवार क्षेत्राधिकार निलेश मिश्रा विकासखंड भदपुरा पहुंचे यहां पहुंचने पर उन्होंने होली रखने के विवाद को लेकर अल्लापुर गांव का निरीक्षण किया साथ ही क्यों लड़िया भऊआ बाजार मिश्रित आबादी वाले गांव का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा होली और रमजान दोनों पर्व एक साथ होने पर प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है के वह क्षेत्र में शांति से और सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाए शांति बनाए रखें।

इसके लिए आज उन्होंने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया साथ ही दोनों समुदायों के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई किसी भी तरह की सुविधा होने पर वह तुरंत सूचना दें समस्या का समाधान किया जाएगा यदि किसी ने कानून तोड़ने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी जिसके तहत लोगों को मुचलके से पाबंद किया गया है यदि वहां पर किसी भी तरह का हुड़दंग किया जाता है। तो उनके विरुद्ध कार्यवाही तो की जाएगी परंतु जो मुचलके में दर्शी गई धनराशि भी उसकी वसूली भी की जाएगी इसलिए लोगों को शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील की जाती है यहां पर उपस्थित प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने बताया 500 से अधिक लोगों को मुचलके पर पाबंद किया गया है कुछ लोगों को विरुद्ध गुंडा एक्ट जैसी कार्यवाही के लिए भी लिखा गया है होली का पर्व है सभी शांतिपूर्वक मनाएं यदि पुलिस प्रशासन को दिक्कत होगी तो हुड़दंग करने वालों को भी इसका खामयाजा भुगतना पड़ेगा।

# एक-दूसरे के प्यार में पागल हुई दो युवतियां, फिरोजाबाद थाना पहुंचकर बोलीं- मंदिर में हमने कर ली है शादी, अब...

- **दो सहेलियों ने साथ रहने की जिद की**
- **परिवार के विरोध पर हरियाणा भाग गई थीं**
- **थाने में मंदिर में शादी का दावा किया**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** इंटर तक पढ़ाई के दौरान 20 वर्षीय दो युवतियों के एक-दूसरे से करीबी संबंध हो गए। स्थिति यह हो गई कि दोनों एक दूसरे से दूर नहीं रह पा रही थीं। वे एक साथ रहने का बहाना खोजती रहती थीं। जब स्वजन ने सख्ती की तो तीन माह पहले वे हरियाणा भाग गई।

मोबाइल की लोकेशन की मदद से पुलिस ने बरामद कर घर भेजा। इसके बाद भी वे एक साथ रहने की जिद पर अड़ी थीं। साथ न रहने देने पर जान देने की धमकी दी। शुक्रवार को विवाद इतना बढ़ गया कि मामला थाना उत्तर तक पहुंच गया। सहेलियों ने पुलिस से कहा कि वे साथ रहना चाहती हैं। घर जाने पर स्वजन मार देंगे। घंटों पंचायत के बाद पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर दोनों को स्वजन के साथ भेजा।

मंदिर में शादी का किया दावा, तीन माह पहले भाग गई थीं हरियाणा

एक युवती लाइन पार और दूसरी थाना उत्तर क्षेत्र की रहने वाली है। वे हम उम्र हैं और दोनों के पिता नहीं हैं। वे एक ही कालेज से इंटर तक साथ पढ़ी हैं। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी, जो बाद में प्यार में बदल गई। स्थिति यह हो गई कि स्वजन ने उनके एकदूसरे से मिलने पर पाबंदी लगा दी, तो वे घर से भागकर हरियाणा चली गई थीं।

**इंटर तक साथ पढ़ाई के दौरान हुआ एक-दूसरे प्यार, वीडियो प्रसारित**

दो दिन पहले एक युवती दूसरी के घर पहुंची। स्वजन ने विरोध किया, तो वे जिद पर अड़ गईं। एक ने तो साथ न रहने देने पर आत्महत्या की धमकी दी। वहीं दूसरी युवती ने अपने ही घर वालों से जान का खतरा बताया। शुक्रवार दोपहर दोनों थाना उत्तर पहुंच गई। पीछे-पीछे उनके स्वजन भी आ गए। स्वजन उन्हें साथ लेने जाना चाहते थे। लेकिन वे साथ रहने की जिद पर अड़ी थीं।

**लोगों ने बनाया दोनों का वीडियो**

दोनों ने दावा कि वे एक मंदिर में शादी कर चुकी हैं। हंगामे के चलते थाने के बाहर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। उनके स्वजन सामाजिक लोक-लाज का हवाला देकर उन्हें साथ ले जाना चाह रहे थे। फिर भी वे किसी कीमत पर घर नहीं जाने को तैयार थीं। यह नजारा देखकर थाने के बाहर भीड़ जमा हो गई। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों को समझा-बुझाकर स्वजन के साथ घर भेज दिया गया है। किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# अलीगढ़ एयरपोर्ट पर 429 दिन से सन्नाटा... रनवे पर थमी हवाई उड़ान, पीएम मोदी ने किया था लोकार्पण

- **429 दिनों से अलीगढ़ एयरपोर्ट पर उड़ानें बंद**
- **करोड़ों रुपये के उपकरण निष्क्रिय, खराब होने का डर**
- **उद्यमी-व्यापारी हवाई सेवा ठप होने से निराश**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अलीगढ़।** जिस रनवे पर उड़ानों की रफ्तार का सपना बुना गया था, वहां 429 दिनों से सन्नाटा है। अलीगढ़ एयरपोर्ट पर दिसंबर, 2024 के बाद से एक भी विमान ने उड़ान नहीं भरी। 15 महीने से अधिक समय से संचालन ठप होने से करोड़ों रुपये के उपकरण निष्क्रिय पड़े हैं और उनके खराब होने की आशंका बढ़ती जा रही है। उद्यमियों से लेकर व्यापारी तक उड़ान का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं हो पा रहा है। केंद्र सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना 'उड़ान' में धनीपुर हवाई पट्टी को एयरपोर्ट में विकसित किया गया था। अलीगढ़, मुरादाबाद समेत प्रदेश के पांच जिले इसमें शामिल थे। करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से बुनियादी ढांचा तैयार हुआ और 10 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका लोकार्पण किया था।

**संचालन की जिम्मेदारी फ्लाईबिग एयरलाइंस को दी गई**

संचालन की जिम्मेदारी फ्लाईबिग एयरलाइंस को दी गई। 11 मार्च, 2024 से 19 सीटर विमान ने लखनऊ के लिए उड़ान भरनी शुरू की। शुरुआत में सप्ताह में एक दिन सेवा रही। बाद में पांच दिन कर दिया गया। लखनऊ के साथ आजमगढ़ तक उड़ानें संचालित हुई और सप्ताह में 60 से 70 यात्री यात्रा करने लगे। 23 दिसंबर, 2024 को कोहरे के चलते उड़ानें रोकी गई और फिर रोक बढ़ती गई।

**बंद रहने से कई उपकरण हुए निष्क्रिय**

कंपनी की ओर से संचालन दोबारा शुरू करने के लिए डीजीसीए में आवेदन भी किया गया, पर अब तक ठोस निर्णय नहीं हो सका। उड़ानों के बंद रहने से एयरपोर्ट परिसर में स्थापित नेविगेशन, संचार व सुरक्षा उपकरण लंबे समय से निष्क्रिय हैं। तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार उपयोग न होने से संवेदनशील उपकरणों के खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। रनवे व टर्मिनल भवन की नियमित देखरेख के बावजूद संचालन ठप रहने से संसाधनों का उपयोग शून्य है।

**15 माह से संचालन बंद, करोड़ों के उपकरण हो रहे बेकार**

शहर से लखनऊ के लिए काफी लोगों का आना-जाना होता है। उड़ानों के संचालन से उम्मीद थी कि बिना समय बर्बाद किए यात्रा जा सकेगी। अब ये बंद हैं। आशीष गुप्ता, कारोबारी एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत अच्छी पहल थी, लेकिन अब इनके बंद होने से दिक्कतें बढ़ गई हैं। अब ट्रेन व बस से लखनऊ की यात्रा करनी पड़ती है। भोलानाथ अधिकारी, व्यापारी

**उद्यमियों से लेकर व्यापारी तक उड़ान का इंतजार कर रहे**

उद्यमी व व्यापारी वर्ग निराश उद्यमी व व्यापारी वर्ग हवाई सेवा ठप होने से निराश हैं। इनका कहना है कि एयर कनेक्टिविटी से निवेश व कारोबार को गति मिल सकती थी, लेकिन उड़ानों के बंद होने से उम्मीदों पर पानी फिर गया। इंतजार ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि अलीगढ़ एयरपोर्ट की उड़ानें कब फिर आसमान छूएंगी।

## रिंकू सिंह पर अब और बढ़ गई जिम्मेदारी, पिता की ख्वाहिश थी; बेटा उठाए टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी

**अलीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य रिंकू सिंह के पिता खानचंद टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने बेटे को उठाते हुए देखना चाहते थे। अपने इस सपने के पूरा होने के बारे में उन्होंने 30 जनवरी को डीपीएस अलीगढ़ में दमदारी से दावा किया था। मौका था डीपीएस में वर्ल्ड कप ट्रॉफी के प्रदर्शन कार्यक्रम का, क्योंकि रिंकू इस विद्यालय के छात्र रहे हैं। इसलिए यहां ट्रॉफी प्रदर्शित की गई थी। तब पिता ने बेटे को वीडियो कॉल कर ट्रॉफी दिखाते हुए कहा था, इसे देख लो, ये तुमको ही लेकर आनी है।

**पिता का सपना पूरा करने की रिंकू सिंह पर बढ़ी जिम्मेदारी** रिंकू सिंह पर अब अपने पिता के सपने को पूरा करने की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। अगर वर्ल्ड कप में आगे के मैचों में वे बेहतर प्रदर्शन कर टीम को ट्रॉफी जिताने में योगदान दे सके तो ये उनके पिता को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। हालांकि ये ट्रॉफी जिताऊ प्रदर्शन उनको पिता की फटकार व सुझाव के बिना ही करना होगा। क्योंकि प्रदर्शन में कोई खामी रहने पर रिंकू पिता से सलाह-मशविरा करते थे। **अब पिता के सुझावों के बिना ही करना होगा बेहतर प्रदर्शन** खानचंद बेटे को सुझाव भी देते थे और फटकारते भी थे। ऐसा जिक्र उन्होंने डीपीएस में ट्रॉफी प्रदर्शन के दौरान किया था। उन्होंने बताया था कि न्यूजीलैंड से पांच टी-20 मैचों की सीरीज के चौथे मैच में रिंकू ने तेजी से रन बनाते हुए 30 गेंदों पर 39 रन बनाए। तीन चौके व दो छक्कों के साथ 130 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे। तभी नीची रही गेंद पर रिंकू एलबीडब्ल्यू से आउट हो गए। इस पर उनको फोन करके डांट भी लगाई। कहा कि स्वीप शाट खेलकर इस गेंद को बाउंड्री के बाहर भी भेज सकते थे। रिंकू ने जवाब दिया हां, उस समय टाइमिंग मिस हो गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता के हित में बेहतरीन बजट से जनमानस प्रसन्न : प्रतिभा कुशवाहा



**ज्ञानपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के लोकमनपुर गांव में महिला गोष्ठी एवं बजट चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण रहा। महिलाओं ने अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान अब जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है और प्रदेश में महिलाएं निर्भय होकर आवागमन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हालिया बजट में आम जनता की आवश्यक वस्तुओं व दवाओं पर मामूली कर रखकर सरकार ने जनहितैषी होने का परिचय दिया है। इस जनकल्याणकारी बजट का स्वागत व अभिनंदन किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में भजन सम्राट वशिष्ठ मिश्र ने मातृशक्ति को समर्पित गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रेनू पाण्डेय, खेदौपुर ग्राम प्रधान बिंदू पाण्डेय, विजय बहादुर सिंह (अध्यक्ष भूमि विकास बैंक), जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मातृशक्ति के सम्मान और जनहितकारी नीतियों के समर्थन के संकल्प के साथ हुआ।

### कोतवाली में डीएम व एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक



**भदोही।** आगामी पर्वों होलीकोत्सव, होली, ईद-उल-फितर, नवरात्रि व रामनवमी—को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना भदोही परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी शैलेश कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों, ग्राम प्रधानों व डिजिटल वॉलिंटियर्स के साथ संवाद कर सुझाव सुने और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि त्योहार आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाए जाएं। बिना अनुमति किसी भी प्रकार की शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस न निकालने तथा सड़क बाधित कर आयोजन न करने की हिदायत दी गई। शासन की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा गया कि असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर सतर्क निगरानी की बात दोहराते हुए अफवाह या भ्रामक पोस्ट से बचने की अपील की गई। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना पुलिस को देने को कहा गया, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाए और जनपद में शांति व्यवस्था बनी रहे।

### प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न



**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली में शनिवार को होलीका दहन एवं होली पर्व को लेकर कोतवाल विजय शंकर सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में होलिका दहन को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए।शांतिपूर्वक त्यौहार बनाने की अपील करते हुए प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द का पर्व है,इसे आपस में मिल जुलकर शांतिपूर्वक मनाएं । सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी किसी प्रकार की कोई विवाद की स्थिति होने पर पुलिस को सूचित करें। इस दौरान प्रीत कुमार सिंह, लल्लन गिरी,कस्बा चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, कजराहट चौकी प्रभारी सदानंद सिंह सहित आस पास के लोग उपस्थित रहे।

# एसपी ने की कानून-व्यवस्था की समीक्षा, होली-ईद पर सख्ती के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोह।** आगामी पर्वों होली, होलिका दहन व ईद को सकुशल संपन्न कराने तथा जनपद में कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक ने समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल सहित समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी, थाना व शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अराजक तत्वों की पहचान कर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अवैध शराब के निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, सूखा नशा करने-बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा होली के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कराने को कहा गया। ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रमुख स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित करने और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

यूपी-112 पर प्राप्त सूचनाओं पर पीआरवी की त्वरित पहुंच, पीआरवी वाहनों पर अधिकतम पुलिसकर्मियों की तैनाती, सभी वाहनों में लाउड हेलर/पब्लिक एड्रेस सिस्टम सक्रिय रखने तथा ड्यूटीरत कर्मियों को बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट व दंगा-नियंत्रण उपकरण के साथ रहने की हिदायत दी गई। प्रत्येक थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल व क्लस्टर मोबाइल से निरंतर गश्त, लम्बित विवेचनाओं व प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की सतत निगरानी कर भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खंडन करने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने आमजन से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और किसी भी छोटी घटना पर भी गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित की।

## पोखरी में जहर डालने से मछलियों की मौत



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी निवासी श्रीपति यादव पुत्र रामसुभग यादव ने स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपने निजी पोखरी में मछली पालन कर रखा है, जिसमें अज्ञात लोगों द्वारा पोखरी में जहर डाल दिया गया है जिसके प्रभाव से लाखों रूपए की लागत की मछलियों की मौत हो गई है। पीडित ने अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी निवासी श्रीपति यादव ने पत्र में लिखा है कि हम प्रार्थी की पत्नी आरती देवी के नाम से आराजी संख्या 135,136,137 में पोखरी है जिसमें मछली पालन किया गया है। बीते गुरुवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा पोखरी में जहर डाल दिया गया जिससे लाखों रुपए की मछलियां मर गई है। पोखरी में अज्ञात लोगों द्वारा जहर डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि पोखरी में जहर डालने वालों की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी।

# थाना समाधान दिवस पर आई 69 शिकायतों के आठ का त्वरित निस्तारण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शनिवार आयोजित होने वाले 'थाना समाधान दिवस' के तहत जनपद के सभी थानों पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी शैलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में फरियादियों की समस्याएं सुनी गई और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान कुल 69 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 61 मामले राजस्व विभाग से संबंधित तथा 8 मामले पुलिस विभाग से जुड़े थे। पुलिस विभाग से संबंधित सभी 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष राजस्व प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जमीन से जुड़े मामलों में फरियादियों को अलग-अलग विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त दो टीमों का गठन कर संयुक्त रूप से जांच व निस्तारण के निर्देश दिए गए। थाना चौरी पर आयोजित समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी औराई, एसडीएम औराई व थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का पारदर्शी, समयबद्ध और न्यायपूर्ण निस्तारण प्राथमिकता है, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

# हरिहर नाथ मंदिर में एआरपी की अहम बैठक, नई कार्यकारिणी का गठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** हरिहर नाथ मंदिर ज्ञानपुर परिसर में शनिवार को एआरपी साथियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा जनपद स्तर पर एआरपी एसोसिएशन के गठन पर विचार-विमर्श रहा। उपस्थित सदस्यों ने एआरपी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संगठित मंच के माध्यम से समस्याओं के समाधान हेतु जनपद में एआरपी एसोसिएशन का गठन किया जाए।

बैठक में सर्वसम्मति से मुकुल सिंह एवं डॉ. भास्करानंद मिश्र को जिला संरक्षक, देवेंद्र कुमार मिश्र को जिलाध्यक्ष, चंद्रकांत पटवा को जिला उपाध्यक्ष, अखलाक अहमद को कोषाध्यक्ष, मुकेश सिंह को मीडिया प्रभारी तथा लव कुश मिश्र 'निश्चल' को जिला महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया।



ब्लॉक स्तर पर भी कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए ज्ञानपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर इबरार अहमद, सुरियावां से संतोष गौतम तथा भदोही से अखलाक अहमद को (जिला कोषाध्यक्ष के अतिरिक्त) ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही जिला कार्यकारिणी को ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन के लिए अधिकृत किया गया। बैठक का समापन संगठन की मजबूती और एआरपी साथियों के हितों की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ।

## सेवानिवृत्त दो उपनिरीक्षकों को दी गई विदाई



**भदोही।** जनपद भदोही में तैनात दो उपनिरीक्षक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन ज्ञानपुर में आयोजित विदाई समारोह में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन बलराम ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर उनके सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त उपनिरीक्षकों में रणबहादुर सिंह तथा जटाशंकर सिंह शामिल हैं। समारोह में प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे और भावभीनी विदाई दी।

# सतीश वर्मा बने 'भदोही हाफ मैराथन' के विजेता, देशभर के धावकों ने दिखाई दमखम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** युवा फ्रेन्ड फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 12वीं ''भदोही हाफ मैराथन'' का भव्य शुभारंभ जंगीगंज पुलिस चौकी से हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेश कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य व साध्वी राजलक्ष्मी मंदा ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया और स्वयं भी दौड़ में सहभागिता की। करीब 21.975 किलोमीटर लंबी इस मैराथन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए 370 पंजीकृत धावकों ने हिस्सा लिया। नारेपार सीतामढ़ी, भदोही के एथलीट सतीश वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और 71 हजार रुपये का पुरस्कार जीता।



वाराणसी के चंदन राजभर दूसरे (41 हजार रुपये) तथा राजस्थान के भरतपुर निवासी विक्रम सिंह तीसरे स्थान (21 हजार रुपये) पर रहे। अन्य विजेताओं को भी नकद पुरस्कार, मेडल, ट्रॉफी व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मैराथन का समापन मूसीलाटपुर स्थित जिला स्टेडियम में हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने तिरंगा गुब्बारे और सफेद कबूतर उड़ाकर खेल भावना का संदेश दिया। पूरे रूट पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता व पेयजल की व्यवस्था की गई थी। स्कूली छात्र-छात्राओं और जनपदवासियों ने पुष्पवर्षा कर धावकों का उत्साहवर्धन किया। उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित यह आयोजन स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाला बताया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इसे युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने वाला सराहनीय प्रयास कहा।

# बेरासपुर में चकबंदी के विरोध में मुखर हुए किसान

- गांव में चकबंदी प्रक्रिया को बंद कराने की मांग की।

**गांव में बैठक कर भरी हुंकार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** ज्ञानपुर तहसील के बेरासपुर में चकबंदी प्रक्रिया के विरोध में शनिवार को ग्रामसभा में किसानों ने एक मंदिर परिसर पर बैठक करके जिला प्रशासन से बेरासपुर ग्रामसभा में हो रही चकबंदी प्रक्रिया को बंद करने की मांग की। बैठक में किसानों ने कहा कि बेरासपुर तरी की चकबंदी नहीं हो रही है केवल उपरवार की चकबंदी प्रक्रिया हो रही है। जिससे ग्रामीण और किसान संतुष्ट नहीं है और ग्राम सभा में किसान चकबंदी को बंद कराना चाहते है, ग्राम सभा में चकबंदी की कोई जरूरत नहीं है। किसानों ने कहा कि कि चकबंदी से किसानों को कोई लाभ नहीं होगा और आपसी विवाद और मनमुटाव भी होगा इसलिए ग्रामसभा में चकबंदी प्रक्रिया को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। गांव के किसान पूर्व में जो जोत है उससे संतुष्ट है किसान और चकबंदी नहीं कराना चाहते है। किसानों ने कहा कि यदि गांव में चकबंदी प्रक्रिया को बंद नहीं किया गया तो ग्राम सभा के किसान इसका खुले रूप से विरोध करेंगे। बैठक में सभी किसानों ने जिला प्रशासन से बेरासपुर में हो रही चकबंदी प्रक्रिया को बंद कराने की मांग की।

बैठक में ग्रामसभा के ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार ने कहा कि चकबंदी शासन के मंशा के अनुरूप होती है यदि ग्रामसभा के लोगो का चकबंदी को लेकर विरोध है तो जिला प्रशासन को इसकी जानकारी दी जाएगी और जो भी निर्देश होगा उसके हिसाब से कार्य होगा। बैठक में फूल चन्द तिवारी, तूफानी तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, लक्ष्मकांत तिवारी, दिनेश कुमार पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, गया प्रसाद मिश्रा, लवकुश तिवारी, प्रदीप मिश्रा, अनिल मिश्रा, रमाकांत तिवारी, तिलेश्वर नाथ पाण्डेय श्यामा चरण पाण्डेय, देव कुमार पाण्डेय, सतेन्द्र तिवारी, आनन्द तिवारी, कडेदीन पाल, विनोद तिवारी और राकेश तिवारी समेत भारी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।


# स्टांप शुल्क में करीब दस लाख की कमी का खुलासा, डीएम-एसपी के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद में पंजीकृत बड़े विलेखों की गहन जांच के क्रम में जिलाधिकारी शैलेश कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने भदोही कस्बे के मौजा महबूबपुर स्थित एक विक्रय विलेख का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टांप व निबंधन शुल्क में बड़ी अनियमितता सामने आई, जिससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। बताया गया कि आराजी संख्या 54, रकबा 2114 वर्ग मीटर अकृषिक भूमि का 31 जनवरी 2026 को निबंधन कराया गया था। विलेख में भूमि को शून्य से तीन मीटर रास्ते की दर दर्शाते हुए मूल्यांकन कम दर्शाया गया था। जबकि मौके पर जांच में पाया गया कि संबंधित भूमि तीन से नौ मीटर चौड़े रास्ते से मात्र 17 फीट की दूरी पर स्थित है। सर्किल रेट के प्रावधानों के अनुसार गैर चिह्नित रास्ते से 100 मीटर की गहराई तक रास्ते की दर लागू होती है। इसके अतिरिक्त स्थल पर चहारदीवारी अपेक्षा से अधिक व ऊंची पाई गई, जिससे वास्तविक मूल्यांकन और अधिक बनता है। जांच के उपरांत कुल 9,92,830 रुपये की स्टांप व निबंधन शुल्क की कमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान सहायक महा निरीक्षक निबंधन, उप निबंधक व नायब तहसीलदार भदोही भी मौजूद रहे। मामले में नियमानुसार अग्रिम विधिक एवं राजस्व कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

## रंगभरी एकादशी के अवसर पर निकला डोला




**चुनार, मीरजापुर।** श्री प्रभात भजन बोल बम सेवा समिति द्वारा रंगभरी एकादशी के पावन पर्व के अवसर पर शुक्रवार को भूत भावन महादेव शिव जी एवं माता पार्वती जी के स्वरूप का सुसज्जित डोला यात्रा रामलीला भवन से प्रारंभ हो कर नगर के मुख्य बाजार सद्दुपुर,चौक बाजार,सराफा बाजार,गंगेश्वर नाथ आदि क्षेत्रों से भ्रमण कर रामलीला भवन में वापस पहुँच कर संपन्न हुआ।अबीर गुलाल के साथ समिति के सदस्य व नगरवासी भक्ति धुन पर बाबा भोले नाथ का जयकारा लगाते हुए डोला यात्रा में चल रहे थे, समिति के लवकुश गुप्ता, महेंद्र साहू, चंद्रहास गुप्ता, संजय साहू, अमित गुप्ता, अमित पटेल, संजय गुप्ता, सिद्धार्थ साहू, प्रदीप जायसवाल, आलोक जायसवाल, कौशलेश गुप्ता, विजय गुप्ता आदि सदस्य गण शामिल रहे।

## विद्यालय प्रबंध समिति की एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ मीरजापुर।** शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण विकास खण्ड सीखड़ के ब्लाक संसाधन केन्द्र पर आयोजित कि गई। जिसमे खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश राय की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन , विद्यालय विकास योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, सामुदायिक भागीदारी, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के कार्य एवं दायित्व एवं उनकी भूमिका, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा पर व्यापक प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सम्मानित अध्यापकगण उपस्थित रहे। जिसमे ए आर पी सुनील कुमार, प्रशांत कुमार, प्रीति सागर द्वारा विन्दुवार विषयो पर प्रकाश डाला गया। बैठक में विकास खण्ड के सभी विद्यालयों के सम्मानित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग़ किया। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी लोगों को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने होली की हार्दिक शुभकामनाए दी। उक्त अवसर पर ब्लाक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सिंह, प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह, अमित सिंह,प्राध्यापिका ललीता मौर्या, मंगला सिंह, राजेश सिंह, राकेश सिंह, आनंद प्रकाश सिंह, विकास सिंह, अभिषेक सिंह, विकास चन्द्र, प्रवीण सिंह, वंदना सिंह, शकुंतला देवी, एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य रुपेश पांडेय, सहित समस्त प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## झूठी व भ्रामक खबर फैलाकर छवि धूमिल करने का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत बड़हरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने सोनौली पुलिस को शिकायती पत्र देकर एक युवक पर भ्रामक खबर फैलाकर छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। प्रधान प्रतिनिधि ने मामले में स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाई की मांग किया है। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़हरा प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार मद्धेशिया ने स्थानीय पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि लक्ष्मीनगर निवासी एक युवक उनके ग्राम पंचायत की झूठी व भ्रामक खबर फैला रहा है। झूठी व भ्रामक खबर फैलाने से ग्राम पंचायत व ग्राम प्रधान की छबि खराब हो रही है। प्रधान प्रतिनिधि ने तहरीर देकर उचित कार्यवाई की मांग किया है।

## अवकाश प्राप्त चीफ फार्मासिस्ट को दी गई विदाई



**चुनार, मिर्जापुर।** नगर के उस्मानपुर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में कार्यरत चीफ फार्मासिस्ट नूर इस्लाम के अवकाश प्राप्त करने पर उनके सहयोगियों द्वारा उनको विदाई दी गई।उपस्थित लोगों ने नूर इस्लाम के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें व्यवहार कुशल बताए हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ प्यारेलाल पूर्व चीफ फार्मासिस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी चुनार,डॉ दीपक मिश्रा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी चुनार,डॉ अमित मौर्य चिकित्सा अधिकारी डगमगपुर,डॉ दीपिका द्विवेदी चिकित्सा अधिकारी तेंदुआ कला,डॉ प्रमोद मिश्रा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेदिक जमुई, रवि कुमार सिंह पूर्व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी चुनार, डॉ राजेश चौहान पूर्व महिला चिकित्सा अधिकारी चुनार राजकीय आयुर्वेदिक,डॉ ओम प्रकाश पाठक पूर्व फार्मासिस्ट राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पचेवरा, श्रीमती कमलावती देवी स्टाफ नर्स राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चुनार, श्रीमती मंजू लता पूर्व स्टाप नर्स चुनार, प्रमोद कुमार वार्ड बॉय राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चुनार इत्यादि उपस्थित रहे।

# सामुदायिक जागरूकता एवं प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय एकदिवसीय कार्यक्रम एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला ने कहा कि मलिन बस्तियों में सामुदायिक जागरूकता एवं रोजगार हेतु प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम महाविद्यालय की गुणात्मक सुधार को बढ़ाने वाले है। इससे महाविद्यालय में निरंतर गुणवत्तापूर्ण रोजगारपरक शैक्षिक वातावरण का निर्माण होगा।राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मलिन बस्ती खैरुद्दीनपुर एवं फुलवरिया में स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली द्वारा स्लोगन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, नशा उन्मूलन, सामुदायिक पोषण, मतदाता सूची एसआईआर एवं फॉर्म 6 के प्रति ग्रामीण महिलाओं एवं नगारिकों को जागरूक किया।

साथ यूनिसेफ में कार्य कर चुकी डॉ प्रभा ने स्वयं सेवकों को सामुदायिक पोषण के फायदे बताए। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता डॉ अवधेश सिंह यादव ने प्रेरणा गीत के साथ गांधी के सेवा भाव को स्वयंसेवकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आई क्यू ए सी के प्रभारी डॉ चन्दन साहू ने मोरल स्टोरी सुना कर प्रेरित किया।कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन एवं संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ विद्या सिंह ने किया। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इसी क्रम में महाविद्यालय परिसर में एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए।



प्लेसमेंट ड्राइव में दो प्रतिष्ठित संस्थाओं– मिर्जापुर जैव ऊर्जा फार्मर्स प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड तथा वर्क फॉर एन. एस. ई– ने सहभागिता की और विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। लगभग 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक साक्षात्कार में भाग लिया, जिनमें से 12 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों पर रोजगार हेतु किया गया।

प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ चंदन कुमार द्विवेदी ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में उपलब्ध विविध रोजगार अवसरों, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ रीता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में जैव ऊर्जा के निदेशक डॉ आर.एस. सिंह,आशीष कुमार सौरभ, अनिल कुमार,डॉ नलिनी सिंह, डॉ शिव कुमार, डॉ रीता मिश्रा,डॉ अदिती सिंह,डॉ रमेश चंद्र सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।यह प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# संक्षिप्त खबरें

## क्रिकेट मैच देखने गए युवक पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरिया लवायन कला में क्रिकेट मैच के दौरान एक युवक पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।तहरीर के अनुसार, ग्राम कुरिया लवायन कला निवासी शिवा यादव उर्फ हरिमोहन यादव 24 फरवरी 2026 को दोपहर करीब दो बजे गांव के पास हो रहे क्रिकेट मैच को देखने पहुंचे थे। आरोप है कि एक टीम के हारने के बाद उन्होंने कहा कि 'दूसरा मैच भी हार जाएंगे।' इसी बात से नाराज होकर पास में खड़े नेवादा समोगर निवासी शिवा पांडे ने गाली-गलौज शुरू कर दी।पीड़ित के विरोध करने पर आरोप है कि शिवा पांडे ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान गप्पू दुबे, अनीस दुबे, अनुराग दुबे और शान्तनु पांडे सहित अन्य लोगों ने मिलकर शिवा यादव को लात-घूंसों, डंडों तथा हाथ में पहने लोहे के कड़े से बुरी तरह पीटा। हमले में युवक लहूलुहान हो गया। भीड़ बढ़ने पर सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## चौक के ठठेरी बाजार में नगर निगम ने जर्जर मकान को ध्वस्त किया



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के चौक कोतवाली क्षेत्र स्थित ठठेरी बाजार गली में नगर निगम की टीम ने एक जर्जर मकान को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई पहले से चिह्नित खतरनाक भवनों को नोटिस जारी करने के बाद की गई। नगर निगम के अनुसार भवन संरचनात्मक रूप से कमजोर था और आसपास के लोगों के लिए खतरा बन सकता था। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए बुलडोजर कार्रवाई की गई। अतिक्रमण और जर्जर भवनों पर अभियान नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण और खतरनाक भवनों के खिलाफ अभियान तेज किया है। इससे पहले चौक, सब्जी मंडी, नखास कोहना, सेवई मंडी और शाहगंज क्षेत्रों में भी कार्रवाई की जा चुकी है। प्रशासन का कहना है कि जिन भवनों को जर्जर घोषित किया गया है, उनके स्वामियों को नोटिस देने के बाद ही कार्रवाई की जा रही है। पुराने शहर के हिस्सों में जर्जर इमारतें बड़ी सुरक्षा चुनौती हैं। हादसा होने के बाद कार्रवाई करना देर होती है। क्या सभी खतरनाक भवनों का सर्वे पूरा हुआ। क्या प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था है अभियान की गति बढ़ी है। अब पारदर्शिता और मानक पालन पर नजर जरूरी है। सुरक्षा सर्वोपरि है।

## बिजन भट्टाचार्य के निधन से रामकृष्णनगर क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है



**श्रीभूमिः** 28 फरवरी (शनिवार) लगभग 11 बजे रामकृष्णनगर स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने बिजन भट्टाचार्य अंतिम सांस ली। बिजन भट्टाचार्य रामकृष्णनगर कॉलेज में 23 वर्षों तक कार्यरत रहे। उन्होंने 1974 में अपने कार्यजीवन की शुरुआत की और 2009 में सेवानिवृत्ति ली। कार्यकाल में उनकी कर्तव्यपरायणता, समयनिष्ठा और सहृदय व्यवहार के कारण वे छात्रों और सहकर्मियों के बीच अत्यंत सम्मानित और प्रिय व्यक्ति थे। व्यक्तिगत जीवन में वे सौम्य, मिलनसार और समाजभावना रखने वाले थे। परिवार के अनुसार, वे लंबे समय से वृद्धावस्था से संबंधित शारीरिक समस्याओं से पीड़ित थे। निधन के समय उनके पीछे पत्नी, तीन पुत्र, एक पुत्री, बहू, पोते-पोतियों और अनेक रिश्तेदार हैं। उनका अंतिम संस्कार रामकृष्णनगर बालिछड़ा श्मशान घाट में संपन्न हुआ। कॉलेज की ओर से शिक्षक मनोजीत पुरकायस्थ और देवज्योति शर्मा अंतिम श्रद्धांजलि देने उपस्थित थे। प्राचार्य अर्जुन देवनाथ, पूर्व प्राचार्य कृष्ण रंजन पाल, वर्तमान और पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा छात्र-छात्राओं ने शोक व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने उनके निधन पर कहा कि उन्होंने एक समर्पित और निष्ठावान व्यक्ति को खो दिया।

# केजरीवाल पर फ़ैसले के ख़िलाफ़ हाई कोर्ट पहुँची सीबीआई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगने के बाद अब सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को आरोप मुक्त करने वाले फ़ैसले के ख़िलाफ़ दिल्ली हाई कोर्ट में अपील की है। ट्रायल कोर्ट ने शुक्रवार को ही दिन में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को आरोप मुक्त कर दिया है। सीबीआई का कहना है कि निचली अदालत ने जाँच के कई अहम पहलुओं को नज़रअंदाज़ कर दिया और सबूतों को ठीक से नहीं देखा। अब हाईकोर्ट इस फ़ैसले की समीक्षा करेगा।

सीबीआई ने आधिकारिक बयान में कहा, 'ट्रायल कोर्ट के फ़ैसले में जाँच के कई पहलू या तो अनदेखे कर दिए गए हैं या उन्हें ठीक से नहीं समझा गया। इसलिए हम तुरंत हाईकोर्ट में अपील कर रहे हैं।' एजेंसी ने कहा कि उसकी जाँच में पर्याप्त सामग्री थी, लेकिन निचली अदालत ने उसे सही तरीक़े से नहीं देखा। सीबीआई ने अपील में ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है और आरोपियों के बरी होने की मांग को रद्द करने की मांग की है। हाई कोर्ट में सीबीआई की यह अपील ट्रायल कोर्ट के फ़ैसले के कुछ घंटों बाद ही दाखिल की गई। इससे पहले बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने बचाव में कहा था, 'अदालत ने सबूतों की कमी के कारण बरी किया है। यह तकनीकी मुद्दा है। सीबीआई अगला कदम उठाएगी। पार्टी फैसले का विस्तार से अध्ययन कर जवाब देगी।' इसके बाद सीबीआई के सूत्रों के हवाले से ख़बर आई कि एजेंसी इस मामले को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है और हाईकोर्ट में मजबूत दलीलें पेश करेगी।

राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को दिन में 598 पन्नों के विस्तृत आदेश में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने सीबीआई की जाँच पर कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने इस मामले की जांच करने वाले सीबीआई अधिकारी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने मामले को गलत तरीके से आगे बढ़ाया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई अधिकारी पर विभागीय कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। यह फ़ैसला सुनाते हुए जज ने सीबीआई की जांच में कई खामियां गिनाई और कहा कि हजारों पन्नों की चार्जशीट में झूठे और बिना सबूत वाले दावे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि जाँच में कोई ठोस सबूत नहीं मिला, फिर भी आरोप लगाए गए। जज ने जाँच अधिकारी की रणनीति को 'जानबूझकर की गई चालाकी' क़रार दिया। कोर्ट ने कहा, 'जाँच अधिकारी ने आरोपों को जानबूझकर 'लचीला' रखा, ताकि अगर अदालत में मामला कमजोर पड़े तो उसी गवाह को फँसा सकें जिसके बयान पर पूरा केस टिका था। इससे साफ़ होता है कि अधिकारी को पता था कि उनके आरोप कमजोर हैं और अदालत की जाँच में टिक नहीं पाएंगे।'

## टैंपो चालकों पर लाखों की ज्वेलरी चोरी का आरोप,रिपोर्ट दर्ज




**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र नैनी में टेंपो चालकों द्वारा लाखों रुपये के गहने चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने औद्योगिक थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज करने और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।मिली जानकारी के अनुसार, सत्येन्द्र दुबे पुत्र विश्वनाथ प्रसाद दुबे निवासी बी/2 21/22 शिवाजी।। पार्क, एडीए कॉलोनी,गुरुवार को अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ नैनी एडीए मोड़ से एक ऑटो में सवार हुए थे। ऑटो में चालक सहित दो अन्य युवक पहले से मौजूद थे, जो बारी-बारी से वाहन चला रहे थे।पीड़ित का आरोप है कि रामपुर के आगे मुंगारी टोल प्लाजा से पहले ऑटो चालक ने वाहन खराब होने की बात कहकर उन्हें बीच रास्ते में उतार दिया और बिना किराया लिए ही तेजी से वहां से फरार हो गया। घटना के बाद जब उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने अपना बैग चेक किया तो उसमें रखे कई लाख रुपये के गहने गायब थे। घटना की सूचना तत्काल औद्योगिक थाने में दी गई। पीड़ित ने पुलिस से मामले में जांच पड़ताल कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए गहनों की बरामदगी की मांग की है।

# मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** सरगम स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में होली का पर्व अत्यंत उत्साह और पारिवारिक सहभागिता के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी और आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का उल्लास झलक रहा था। इस आयोजन में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम और भी जीवंत व आनंदमय बन गया। नन्हे बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन द्वारा ऑर्गेनिक रंगों से होली खेलने की व्यवस्था की गई। बच्चों ने एक-दूसरे के साथ सुरक्षित तरीके से होली खेलते हुए पर्व का भरपूर आनंद लिया।

इस पहल के माध्यम से सुरक्षित एवं सकारात्मक ढंग से त्योहार मनाने का संदेश भी दिया गया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर को होली थीम पर विशेष रूप से सजाया गया था, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहा।इस अवसर पर बच्चों की माताओं के लिए भी विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। माताओं ने अपने बच्चों के साथ खेलों और रचनात्मक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर उत्सव को यादगार बना दिया। विद्यालय के प्रबंधक एस.के. मिश्रा ने बताया कि त्योहारों को सीखने और आपसी जुड़ाव का माध्यम बनाना ही विद्यालय का उद्देश्य है। वहीं प्रधानाध्यापिका ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन यह दर्शाते हैं कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक होती है।

# पुराने यमुना पुल पर सड़क हादसा, बाइक सवार दो युवक घायल; एक की हालत गंभीर

● समाजसेवी बने फहरिस्त मदद को आगे आए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना अंतर्गत पुराने यमुना पुल पर शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद दोनों युवक पुल पर घायल अवस्था में पड़े तड़प रहे थे। इसी दौरान नैनी निवासी मोहम्मद तारीख और इशरत अली प्रयागराज की ओर जा रहे थे। उन्होंने दोनों को सड़क पर घायल देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए गऊघाट स्थित एक निजी अस्पताल भिजवाया।घायलों की पहचान दिलीप शर्मा (निवासी शाहगंज) और अजय शर्मा (निवासी कटरा) के रूप में हुई है। दिलीप, अजय के साले बताए जा रहे हैं। दोनों के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया।

परिजनों के अनुसार, अजय शर्मा और दिलीप शर्मा नैनी में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से लौटते समय यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों युवक नशे की हालत में थे और तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे यह दुर्घटना हुई। दोनों युवक पेशे से हलवाई का काम करते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


# ऑनलाइन सात लाख की ठगी, जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र में एक युवती से ऑनलाइन शॉपिंग मॉल कंपनी के नाम पर लगभग 7 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस आयुक्त ने साइबर शाखा को जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नैनी के कमरबाग महेवा पूरब पत्ती निवासी जैनब नूर ने पुलिस आयुक्त को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 28 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 के बीच एक तथाकथित '10 रुपये शॉपिंग मॉल कंपनी' ने अधिक मुनाफे का लालच देकर उसे अपने व्यवसाय में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। लालच में आकर पीड़िता ने अपने पिता द्वारा बेची गई जमीन से प्राप्त धनराशि सहित अन्य रकम मिलाकर अलग-अलग तिथियों में करीब 7 लाख रुपये आरोपितों द्वारा बताए गए बैंक खातों में यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए।पीड़िता का आरोप है कि पैसा जमा करने के बाद जब उसने कंपनी से संपर्क किया तो न तो उसकी रकम वापस की गई और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। लगातार संपर्क करने पर फोन उठाना भी बंद कर दिया गया। पीड़िता ने इसे सुनियोजित धोखाधड़ी बताते हुए कहा है कि ठगों को पैसा भेजे जाने के कारण उसका स्वयं का बैंक खाता भी बंद कर दिया गया है, जिससे परिवार को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त कार्यालय से प्रकरण की जांच साइबर शाखा, नैनी को सौंपते हुए सत्यता के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, संबंधित थाना प्रभारी द्वारा एफआईआर दर्ज करने की संस्तुति भी की गई है।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन निवेश या अधिक मुनाफे के लालच में आने से पहले कंपनी की सत्यता की जांच अवश्य कर लें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में दें।

# घरेलू कलह से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या,पेड़ से लटका मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के मुंगारी, बल्लू का पूरा गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक विवाहिता का शव घर के पीछे कदम के पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मनोज यादव की शादी वर्ष 2009 में संजू देवी से हुई थी। दंपती के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। मनोज मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। झगड़े के बाद मनोज घर के पास स्थित एक मंदिर में आयोजित कीर्तन में चला गया।

इसी दौरान संजू देवी ने घर के पीछे स्थित कदम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार भोर में जब मृतका की देवरानी घर के बाहर सफाई करने निकली तो उसने पेड़ पर शव लटका देखा। उसने शोर मचाकर परिजनों को बुलाया और मनोज को सूचना दी।सूचना मिलते ही मनोज मौके पर पहुंचा और भाइयों की मदद से शव को नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फैसला लिखने के लिए बहुत थके हुए और भूखे हैं: शाम 7:10 बजे तक मामले की सुनवाई के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने हाल ही में एक ज्यूडिशियल ऑर्डर में बताया कि एक जज के लिए एक ही दिन में केस की लंबी लिस्ट को निपटाना कितना थकाने वाला हो सकता है। 24 फरवरी को डेब्ट्स रिकवरी ट्रिब्यूनल (DRT) के एक ऑर्डर के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई के बाद, जज ने तुरंत ऑर्डर पास करने के बजाय, यह कमेंट करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया, 'क्योंकि मुझे भूख लग रही है, मैं थका हुआ हूं और फैसला सुनाने में शारीरिक रूप से असमर्थ हूं, इसलिए फैसला सुरक्षित रखा जाता है। 'क्योंकि मुझे भूख लगी है, मैं थका हुआ हूँ और फ़ैसला सुनाने में शारीरिक रूप से असमर्थ हूँ, इसलिए फ़ैसला सुरक्षित रखा गया है।

कोर्ट ने दर्ज किया कि उसने मामले की सुनवाई शाम 4.15 बजे शुरू की थी और शाम 7:10 बजे खत्म की। उसने काम के घंटों के बाद मामले की सुनवाई करने का कारण भी बताया। अगस्त 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से अपील की थी कि वह याचिका पर जल्द से जल्द, बेहतर होगा कि छह महीने के अंदर फैसला करे। छह महीने का समय 24 फरवरी को खत्म हो गया। जज ने लिखा, 'आज 92 नए मामले, 101 रेगुलर मामले, 39 नए मिस. एप्लीकेशन और एडिशनल/अनलिस्टेड लिस्ट-I, II और III में लिस्टेड तीन मामले थे। आज सिर्फ सीरियल नंबर 29 तक के नए मामलों की ही सुनवाई हो सकी। हालांकि, माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ध्यान में रखते हुए इस मामले की सुनवाई शाम 4.15 बजे शुरू हुई और शाम 7.10 बजे खत्म हुई। 'गौरतलब है कि मई 2025 में जस्टिस पंकज भाटिया की एक कोऑर्डिनेट बेंच ने DRT के पास किए गए ऑर्डर को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह पिटीशनर को सुने बिना पास किया गया था। जज ने केस के मेरिट पर चर्चा किए बिना कहा था, 'पिटीशनर को सुनने का मौका देने के बाद कानून के मुताबिक नया ऑर्डर पास करने के लिए मामला DRT को वापस भेजा जाता है। ' हालांकि, अगस्त 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने नए फैसले के लिए मामला हाई कोर्ट को वापस भेज दिया। टॉप कोर्ट ने पाया कि मामले में नेचुरल जस्टिस का उल्लंघन हुआ है क्योंकि कर्जदार को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'नेचुरल जस्टिस का उल्लंघन होने के कारण, 26 मई, 2025 का ऑर्डर कायम नहीं रह सकता। इसे खारिज किया जाता है। इसके नतीजे में हाई कोर्ट के सामने संविधान के आर्टिकल 227 के तहत पिटीशन फिर से आएगी। हाई कोर्ट से रिक्वेस्ट है कि वह इस पिटीशन पर जल्द से जल्द और अपनी सुविधा के हिसाब से, बेहतर होगा कि छह महीने के अंदर, अपनी मेरिट के आधार पर फैसला करे। 'इसके बाद मामला नए सिरे से विचार के लिए जस्टिस विद्यार्थी के सामने आया।

**पद का सबसे बड़ा दुरुपयोग: अपने भाई के खिलाफ केस करने वाले जज पर सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के एक ज्यूडिशियल ऑफिसर को पुलिस कंप्लेंट फाइल करने के बजाय मजिस्ट्रेट के ज़रिए अपने ही भाई के खिलाफ जालसाजी का क्रिमिनल केस फाइल करने पर कड़ी फटकार लगाई।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने जज के क्रिमिनल लॉ को लागू करने के तरीके पर गंभीर एतराज़ जताया।कोर्ट ने कहा, 'यह कानूनी पद का सबसे बड़ा गलत इस्तेमाल है। जज को घर भेज देना चाहिए। ' कोर्ट ने क्रिमिनल केस को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया और जज की अपील पर सुनवाई करने से भी मना कर दिया।आखिरकार जज ने अपील वापस लेने का फैसला किया।

यह मामला 6 जनवरी, 2022 को ज्यूडिशियल ऑफिसर द्वारा मजिस्ट्रेट के सामने फाइल की गई एक प्राइवेट कंप्लेंट से जुड़ा है। जज ने आरोप लगाया कि उनके भाई ने अन्नामलाई यूनिवर्सिटी में जमा किए गए स्रूडिसर्टेशन पर उनके जाली सिग्नेचर किए और नकली कोर्ट सील बनाई। कंप्लेंट के आधार पर, मजिस्ट्रेट ने इंडियन पीनल कोड की धारा 468 और 471 के तहत कॉग्निजेंस लिया और प्रोसेस जारी किया।इसके बाद भाई ने कार्रवाई रद्द करने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने कॉग्निजेंस ऑर्डर और समन सहित क्रिमिनल केस को पूरी तरह से रद्द कर दिया। ऐसा करते समय, उसने माना कि ज्यूडिशियल ऑफिसर ने अपने ऑफिशियल पद का गलत इस्तेमाल किया था, जिसे उसने पर्सनल विवाद माना। उसने कहा कि किसी पर्सनल मामले में शामिल जज को किसी भी दूसरे नागरिक की तरह पुलिस कंप्लेंट फाइल करनी चाहिए और अपने पद का इस्तेमाल इस तरह से नहीं करना चाहिए जिससे प्रोसेस पर असर पड़े।

हाईकोर्ट ने आगे निर्देश दिया कि जज के खिलाफ सही एडमिनिस्ट्रेटिव एक्शन के लिए उसके फैसले की एक कॉपी चीफ जस्टिस के सामने रखी जाए।इससे नाराज़ होकर, ज्यूडिशियल ऑफिसर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट के सामने, उन्होंने कहा कि उन्होंने जालसाज़ी के शिकार के तौर पर अपनी पर्सनल हैसियत से शिकायत दर्ज की थी और किसी जज को मजिस्ट्रेट के सामने प्राइवेट शिकायत दर्ज करने से रोकने के लिए कोई कानूनी रोक नहीं है। हालांकि, जब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया, तो उसने जज के बर्ताव पर कड़ी नाराज़गी जताई और कोई राहत देने से मना कर दिया।

# भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे पर मुकदमा दर्ज, टोलकर्मी के साथ की थी मारपीट



● भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे सुरेश चौधरी के खिलाफ आगरा के अछनेरा थाने में टोलकर्मी से मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** रायभा टोल प्लाजा पर टोलकर्मी से मारपीट के मामले में भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे सुरेश चौधरी के खिलाफ शनिवार को अछनेरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। 24 फरवरी को विधायक के बेटे ने टोल प्लाजा पर कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। शुक्रवार को टोलकर्मी के भाई वीरू चौधरी ने कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी थी। शाहगंज के दौरठा नंबर-1 निवासी संजय सिंह दो साल से रायभा टोल पर कार्यरत हैं। 24 फरवरी को भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे सुरेश चौधरी टोल प्लाजा पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने बैरियर खोलने में देरी पर उससे गाली गलौज की और थप्पड़ मारे। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। मामले में अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। संजय के भाई वीरू चौधरी ने शुक्रवार को फेसबुक पर वीडियो जारी किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस विधायक के दबाव में काम कर रही है। शिकायत के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने वीडियो में चेतावनी दी कि शनिवार को वह कलक्ट्रेट पर भाई के साथ आत्मदाह करेंगे। उनका कहना है कि पुलिस लगातार समझौते का दबाव बना रही है। पुलिसकर्मी रात में घर पर आ रहे हैं। आत्मदाह की धमकी देने के बाद हरकत में आई पुलिस ने आनन-फानन में तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

# डिलीवरी ब्वॉय कर गया खेल, ई कॉमर्स साइट के कर्मचारियों से की साठगांठ; रिटर्न वाले जूते नहीं कराए जमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** डिलीवरी ब्वॉय ने जूता कारोबारी के साथ 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। ग्राहकों से वापस आने वाले पार्सल को डिलीवरी ब्वॉय ने कंपनी में जमा नहीं कराया। ऑनलाइन पोर्टल पर फर्जीवाड़ा करके वापसी दर्शाई गई है। धोखाधड़ी में ई कामर्स साइट के कर्मचारियों की साठगांठ सामने आई है। कारोबारी ने डीसीपी सिटी से शिकायत की है। पिपुल्स एक्सपोर्ट के डायरेक्टर गिरीश पिप्पल ने शिकायत में कहा है कि उनका जूतों का कारोबार है। वह ई कॉमर्स साइट के साथ भी व्यापार करते हैं। कंपनी से हर रोज जूतों के सैकड़ों पार्सल सप्लाई किए जाते हैं। ई कॉमर्स साइट कंपनी के अधिकारियों से साठगांठ करके कई डिलीवरी ब्वॉय ने उनके साथ पिछले तीन महीनों में 35 लाख रुपये के करीब धोखाधड़ी की है। पकड़े जाने पर डिलीवरी ब्वॉय ने धोखाधड़ी की बात स्वीकार की है। साथ ही कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत होने की बात कही है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने डीसीपी सिटी से शिकायत की। इस पर डीसीपी सिटी ने साइबर थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। पीड़ित के ई कॉमर्स साइट कंपनी के उच्चाधिकारियों से भी ईमेल के जरिए शिकायत की है।

**इस तरह करते थे धोखाधड़ी**

पिपुल्स एक्सपोर्ट के डायरेक्टर गिरीश पिप्पल ने बताया कि कंपनी से हर रोज आर्डर के हिसाब से ग्राहकों को सप्लाई के लिए डिलीवरी ब्वॉय को जूतों के पार्सल दिए जाते हैं। 14 फरवरी को 51 पार्सल ग्राहकों ने वापस किए, जबकि डिलीवरी ब्वॉय ने सिर्फ 27 पार्सल वापसी की ही एंट्री कराई। डिलीवरी ब्वाय ने 27 पार्सल के ओटीपी से बिना वापस किए 24 पार्सल और वापसी दिखा दिए। जानकारी होने पर जांच की तो ठगी का पर्दाफाश हुआ।

## आगरा जिले में बनने जा रही हैं चार नई सड़कें, पांच करोड़ की लागत से होगा ये काम; कई गांवों को होगा लाभ

**आगरा।** पांच करोड़ की लागत से ग्रामीण क्षेत्र की चार सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य ने ग्रामीणों की मांग को मुख्यमंत्री से अवगत कराया था। उनके प्रयासों से शासन ने चारों सड़कों के लिए पांच करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करते हुए पहली किस्त जारी कर दी है। बरौली गूजर से ठार पारौली ठार किशनलाल एवं ठार गंगाराम तक 2.70 किमी लंबी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। जिस पर 2.70 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं, बमरौली कटारा से सोनागढ़ी मार्ग पर 1.44 करोड़ और इस्लामपुर से नगला ब्रह्म होते हुए विजय मल्हैला तक 1.07 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कराया जाएगा। यह दोनों सड़क 1.70 किमी लंबी है। चौथी सड़क गढ़ी ठाकुर दास रोड से सेंट पीटर्स यूनिट दो तक 1.20 किमी लंबी सड़क का निर्माण 85 लाख रुपये से होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, क्षेत्र की समस्याओं के शीघ्र समाधान का मिला आश्वासन



**लिट्टीपाड़ा/राँची, झारखंडः-** लिट्टीपाड़ा विधानसभा के विधायक हेमलाल मुर्मू और झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास मोरहाबादी पहुँचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने लिट्टीपाड़ा और पाकुड़ जिले से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तार से रखा। मुलाकात के दौरान विधायक ने हिरणपुर प्रखंड में महिला महाविद्यालय के निर्माण, तथा लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बादल चौक-बिंझा-हाथीगढ़ P W D रोड तक बायपास सड़क निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया। साथ ही पाकुड़ जिले में बढ़ती पेयजल संकट की समस्या से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए बताया कि सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और बताई गई समस्याओं के तत्काल समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय समिति सदस्य एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू तथा हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसाक अंसारी भी उपस्थित रहे।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य अभिनव कुमार का स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही में पीजीटी अंग्रेजी के पद पर कार्यरत आचार्य अभिनव कुमार के सम्मान में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य अभिनव कुमार ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर जेएम कॉलेज, हजारीबाग में असिस्टेंट प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। कार्यक्रम में विद्यालय के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, प्रभारी राजू कुमार, वरिष्ठ आचार्य संजीव कुमार सिंह, प्रिंस, रविशंकर प्रियदर्शी सहित अन्य आचार्यगण उपस्थित रहे। सभी ने आचार्य अभिनव कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि आचार्य अभिनव कुमार की सफलता विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत, लगन और समर्पण अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय सदैव अपने आचार्यों और विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने भी आचार्य अभिनव कुमार के शैक्षणिक योगदान की सराहना की और कहा कि उनकी उपलब्धि से विद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होलिकोत्सव




**सिद्धार्थनगर-** होली के त्योहार को लेकर आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को होली से पूर्व विद्यालय में आयोजित होलिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी । वहीं कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय ने उपस्थित विद्यार्थियों को केमिकल युक्त रंगों के उपयोग न करने सहित आदि विषय को लेकर जागरूकता की शपथ दिलाई । कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या राजकुमारी पाण्डेय ने भी सभी को होली की शुभकामनाएँ दी । इस अवसर पर विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय, शोभनाथ यादव,उमेश यादव, संतोष यादव, संदीप राव, रुचि उपाध्याय, श्वेता पटवा, सरिता जायसवाल,अन्नू जायसवाल, प्रेमलता पासवान, विनय कुमार वर्मा, अमित कुमार, चंद्रावती देवी आदि मौजूद रहे।

# होली से पहले लातेहार में खाद्य सुरक्षा का सख्त अभियान, 40 किलो जलेबी नष्ट, कई प्रतिष्ठानों को नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर बीते शनिवार को होली पर्व के मद्देनज़र जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने व्यापक जांच अभियान चलाया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ. मोईन अख्तर के नेतृत्व में मेन रोड, थाना चौक और स्टेशन रोड स्थित विभिन्न मीट दुकानों, मिष्ठान भंडारों, भोजनालयों, रेस्टोरेंट और होटलों की सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, पैकेजिंग और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। मेन रोड स्थित कल्लू मीट शॉप में मीट कटिंग में उपयोग हो रहे लकड़ी के तख्ते की समुचित सफाई नहीं पाए जाने पर 500 का चालान काटा गया और साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मेन रोड स्थित मिश्रा स्वीट्स में काफी पुराने लड्डू पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। वहीं स्टेशन रोड स्थित सुनील होटल में बेची जा रही जलेबी में अखाद्य रंगों की पुष्टि होने पर लगभग 40 किलोग्राम जलेबी को तत्काल नष्ट कर दिया गया तथा सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया। मिष्ठान भंडारों में रसगुल्ला और पेड़ा में स्टार्च की मिलावट तथा जलेबी और लड्डू में अखाद्य रंगों की जांच की गई। कुछ अस्थायी भोजनालयों में बिना बैच नंबर, निर्माण तिथि और एक्सपायरी तिथि अंकित सामग्री का उपयोग पाया गया, जिस पर संबंधित संचालकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपयोग करने का सख्त निर्देश दिया गया। करीब आधा दर्जन प्रतिष्ठानों को फूड लाइसेंस लेने हेतु नोटिस जारी किया गया। डॉ. मोईन अख्तर ने बताया कि आम नागरिक खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा संचालित 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' ऐप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपायुक्त के निर्देशानुसार यह अभियान आगे भी पूरे जिले में जारी रहेगा। एफएसएसएआई के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# लोहरदगा में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**● एकजुटता, सद्भाव और नशामुक्त होली का लिया गया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोहरदगा, झारखंडः-** बीते शनिवार को नाई समाज द्वारा कर्पूरी भवन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बड़ी भागीदारी रही। पूरे आयोजन का संचालन जिला सचिव अशोक ठाकुर ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त ठाकुर विकास मोर्चा के प्रदेश महासचिव जगत प्रकाश ठाकुर एवं प्रवीण ठाकुर रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजू उर्फ (पालटा) ठाकुर, पंकज उर्फ (शास्त्री जी) ठाकुर, शिव शंकर ठाकुर, रवि उर्फ (पांडुरंगा) ठाकुर तथा संतोष ठाकुर उपस्थित रहे।


कार्यक्रम का शुभारंभ पंकज ठाकुर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं गायत्री मंत्र के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और उल्लास का माहौल बन गया। इसके बाद जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर ने मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही समाज के अन्य पदाधिकारियों ने भी सभी विशिष्ट अतिथियों का क्रमशः सम्मान किया। मुख्य अतिथि जगत प्रकाश ठाकुर ने अपने संबोधन में सभी को एकजुट होकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ होली मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी मतभेदों को भूलकर गिले-शिकवे मिटाते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर त्योहार मनाना ही सच्ची होली है। उन्होंने लोहरदगा की धरती से झारखंड के सभी जिलों के नाई समाज के भाइयों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी होली के सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। सभी ने नशामुक्त होली मनाने का सामूहिक संकल्प लिया और बिना किसी भेदभाव व द्वेष के एकजुट रहकर समाज को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा जिला सचिव अशोक ठाकुर ने की। इस अवसर पर रंजीत ठाकुर, रितेश ठाकुर, लखन ठाकुर, किशोर ठाकुर, संजय ठाकुर, कमले ठाकुर, कन्हाई ठाकुर, रामजीत ठाकुर, हेमंत ठाकुर, मुकेश ठाकुर, रामकृपाल ठाकुर, पवन ठाकुर, रतन ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, विजय ठाकुर, शंभु ठाकुर समेत बड़ी संख्या में नाई समाज के लोग उपस्थित रहे।

# हज़ारीबाग़ विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में प्रमुखता से उठाया पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के मानदेय वृद्धि का मुद्दा

**●स्थानीय स्वशासन को सशक्त करने के लिए मानदेय की समुचित समीक्षा और वृद्धि की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान हज़ारीबाग़ विधायक प्रदीप प्रसाद ने पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के मानदेय वृद्धि का महत्वपूर्ण मुद्दा सदन के पटल पर प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य प्रमुख एवं जिला परिषद सदस्य लोकतंत्र की जमीनी आधारशिला हैं। ये जनप्रतिनिधि सीमित संसाधनों के बावजूद गांव-गांव में सरकार की योजनाओं को लागू कराने, विकास कार्यों की निगरानी करने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं। अभी वर्तमान में प्रति माह जिला परिषद अध्यक्ष का वेतन मात्र 12000 रुपये, जिप उपाध्यक्ष का वेतन मात्र 10,000 रुपये, पंचायत समिति प्रमुख का वेतन मात्र 8,000 रुपये, उप प्रमुख का वेतन मात्र 4,000 रुपये, मुखिया का वेतन मात्र 2500 रुपये, और उप मुखिया का वेतन मात्र 1200 रुपये हैं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि इतने महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करने के बावजूद पंचायती राज जनप्रतिनिधियों को इतना कम वेतन मिलता है और तक मानदेय में अपेक्षित वृद्धि नहीं की गई है। यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि उनके सम्मान, मनोबल और कार्यक्षमता से जुड़ा विषय है। पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि लोकतंत्र की मजबूत कड़ी हैं। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में उनका मानदेय समयानुकूल बढ़ाया जाना आवश्यक है। मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि मानदेय की समुचित समीक्षा कर यथोचित वृद्धि सुनिश्चित की जाए, ताकि स्थानीय स्वशासन व्यवस्था और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बन सके। विधायक ने सरकार से इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की है, ताकि जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान और सहयोग मिल सके।

## टीकाकरण शिविर आयोजित

**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर क्षेत्र के बड़हरा विशुनपुर गांव में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान एएनएम सीमा कुमारी के नेतृत्व में 13 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया, वहीं 50 बच्चों को नियमित टीके लगाए गए। सुपरवाइजर राहुल कुमार की देखरेख में स्वास्थ्य कर्मियों ने टीकाकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। शिविर में स्वास्थ्य कर्मी खुशबू, ऊषा देवी एवं सीमा कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता मैनावती और शकुंतला ने घर-घर संपर्क कर लाभार्थियों को शिविर तक पहुंचाने में सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नियमित टीकाकरण से बच्चों को विभिन्न गंभीर बीमारियों से सुरक्षा मिलती है तथा गर्भवती महिलाओं का समय पर टीकाकरण सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करता है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे टीकाकरण के प्रति जागरूक रहें और निर्धारित तिथि पर अपने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीका अवश्य लगवाएं।

# रंगों में रंगा श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, होली समारोह में दिखा बच्चों का उत्साह

**●होली प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है, इसे सद्भाव और सकारात्मक सोच के साथ मनाएं : प्रधानाचार्य कैलाश कुमार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल परिसर में होली का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय का वातावरण रंगों, संगीत और खुशियों से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्सव को यादगार बना दिया। समारोह के दौरान बच्चों ने होली के पारंपरिक और आधुनिक गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ सहभागिता करते हुए उन्हें सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को आपसी सद्भाव, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों ने भी अपने संदेश में विद्यार्थियों को परंपराओं का सम्मान करने, मिलजुलकर रहने और जीवन में सदैव प्रसन्न रहने की सीख दी। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला। अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा कार्यक्रम का समापन आनंदमय वातावरण में हुआ।

# आगामी त्यौहार के दृष्टिगत बलवा ड्रिल का अभ्यास

**कानपुर।** आज दिनांक 28-02-2026 को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस. एम. कासिम आबिदी के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग, भीड़ को नियंत्रित करने की रणनीति, फॉर्मेशन ड्रिल, आंसू गैस के उपयोग, लाठीचार्ज की प्रक्रिया तथा त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अभ्यास का उद्देश्य त्यौहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को पूर्णतः तैयार रखना है।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुंडू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुंडू में होली महोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे माहौल और उत्सवी वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में बच्चों एवं शिक्षकों ने मिलकर होली के पारंपरिक रंगों के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह पर्व आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की भी सलाह दी। होली महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने पारंपरिक होली गीतों पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया। शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे विद्यालय में पारिवारिक वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर दिलीप कुमार यादव, सिकंदर कुमार यादव, आलोक कुमार वर्णवाल, सूरज कुमार, विनय कुमार, दीपक कुमार, संदीप कुमार, मनु कुमार, भारती कुमारी, रानी कुमारी, सबिला, अंशु कुमारी एवं बिंदु देवी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। शिक्षक आलोक कुमार वर्णवाल ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भारतीय परंपराओं से जुड़ाव को भी मजबूत करते हैं।

## धनवार पंचायत में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन आज, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में होगा आयोजन

**समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता को मजबूत करना उद्देश्य : राजेंद्र प्रसाद**

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** रंगों के पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में आज, रविवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कोरियाडीह शिव मंदिर प्रांगण में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद करेंगे। पंचायत परिवार की ओर से जारी आमंत्रण में धनवार पंचायत के सभी सम्मानित नागरिकों, माताओं, बहनों, युवा साथियों, अभिभावकों एवं गणमान्य व्यक्तियों से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। आयोजकों ने कहा कि यह समारोह आपसी प्रेम, भाईचारा, एकता एवं सौहार्द को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। साथ ही बरही क्षेत्र के सभी पत्रकार बंधुओं से भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर सामाजिक सौहार्द के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया है। पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि होली के इस पावन अवसर पर समाज में सद्भाव, समरसता और एकजुटता का संदेश प्रसारित करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। आयोजकों ने सभी लोगों से हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ शामिल होने की अपील की है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर 'चिल्ड्रन पैराडाइज़' में विज्ञान का उत्सव का हुआ आयोजन, छात्रों की प्रतिभा ने जीता सबका दिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर चंदवा अंतर्गत अलौदिया स्थित विद्यालय चिल्ड्रन पैराडाइज़ में शनिवार को भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रधानाध्यापक की मां बसंती देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे और छात्रों के नवाचार, रचनात्मकता तथा वैज्ञानिक सोच की खुले दिल से सराहना की। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 6 तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं कला से जुड़े विविध विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप ठाकुर, अंजलि मैम, वरिष्ठ शिक्षक सुभाष डे, मुनेश्वर सर, सत्येंद्र सर, विज्ञान शिक्षिका श्वेता कुमारी, संजीत सर, जूली मैम, गुलिस्तां परवीन एवं अनुराधा कुमारी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। कक्षा 1ली के नन्हें विद्यार्थियों-सनाया प्रवीण, सोनाक्षी, प्रिंस और शिवम सहित अन्य बच्चों ने 'सेंस ऑर्गन' विषय पर सुंदर मॉडल तैयार किए। वहीं कक्षा 5 वीं की आफिया और निशा ने 'जल शुद्धिकरण ' पर कार्य करते हुए पानी को स्वच्छ बनाने की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया।

कक्षा 6 के फरहान और मोहित ने 'पेरिस्कोप' का कार्यशील मॉडल बनाया, जबकि प्रज्ञा, सुषमा और नीलू ने पवन चक्की का मॉडल प्रस्तुत कर अक्षय ऊर्जा के महत्व को समझाया। इसी कक्षा की अतिफा और अंजनी ने 'पृथ्वी और चंद्रमा का घूर्णन' विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कक्षा 4 की छात्रा आरसी एवं उनकी सहेलियों ने 'वॉटर साइकिल' को मॉडल के माध्यम से दर्शाया। जया, आरोही तथा अन्य छात्राओं ने आर्ट एंड क्राफ्ट की आकर्षक वस्तुएँ बनाकर प्रदर्शनी में रंग भरा, जिसमें छोटे बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सूरज और आशीष द्वारा 'प्रकाश की सीधी रेखा में गमन' पर आधारित मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे प्रदर्शनी का सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट माना गया। कक्षा 3 के विद्यार्थियों ने मानव शरीर के 'श्वसन तंत्र' और 'उत्सर्जन तंत्र' के कार्यों को मॉडल के माध्यम से समझाया। सक्षम और उनके साथियों ने 'स्मार्ट सिटी' की अवधारणा को दर्शाते हुए आधुनिक तकनीक आधारित शहर का सुंदर प्रतिरूप प्रस्तुत किया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने 'जलने के लिए हवा की आवश्यकता ', 'हवा की दिशा होती है ', 'वायु दबाव ', वायुमंडलीय दबाव, इमल्शन गतिविधि,बैटरी कार और एटीएम

जैसे विषयों पर भी कार्यशील एवं जानकारीपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए, जिससे उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा और समझ का परिचय मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य प्रदीप ठाकुर ने कहा कि विज्ञान दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशक्ति और नवाचार की भावना विकसित करना है। उन्होंने सभी छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रदर्शनी ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने पर बच्चे न केवल पढ़ाई में बल्कि नवाचार और सृजनात्मकता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

# भजन संध्या के साथ दो दिवसीय श्याम महोत्सव संपन्न, विधायक मनोज कुमार यादव हुए शामिल

**●फूलों की होली, भक्ति जागरण और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के ग्राम करियातपुर में फाल्गुन एकादशी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय श्याम महोत्सव भजन संध्या और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शांतिपूर्वक एवं भव्य रूप से संपन्न हो गया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा और बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने कार्यक्रम में भाग लिया। महोत्सव की शुरुआत बाबा श्याम की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-पाठ एवं मंत्रोच्चार के साथ की गई। इसके बाद रांची से आए कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को पूरी रात भक्ति रस में डुबोए रखा। प्रसिद्ध भजन गायक शुभम भास्कर ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते और बाबा श्याम के जयकारे लगाते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान श्याम भक्तों ने फूलों की होली, गुलाल वर्षा और इत्र वर्षा कर आध्यात्मिक वातावरण में होली का आनंद भी लिया। वहीं श्रद्धालुओं के लिए श्याम रसोई के माध्यम से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लजीज व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा श्याम से सभी श्रद्धालुओं पर कृपा बनाए रखने तथा क्षेत्र में अमन-चैन और शांति की कामना की। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद सहप्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, नंदकिशोर गुप्ता, पिंटू केसरी, रवि केसरी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दो दिवसीय श्याम महोत्सव को सफल बनाने में करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, संजय केसरी, दीपक केसरी, सुजीत केसरी, दीपू केसरी, बसंत कुमार, अशोक केसरी, भीम केसरी, प्रमोद केसरी, पवन केसरी, ओमप्रकाश केसरी, संतोष प्रजापति, राजकुमार रविदास, रामकुमार दास, लालजी रविदास, टिंकू भगत, सुनील केसरी, प्रदीप केसरी, शिवम केसरी, रंजीत ठाकुर समेत अनेक ग्रामीणों एवं श्याम भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जल टंकी से कई महीनों से जलापूर्ति ठप, ग्रामीण महिलाओं में गहरा रोष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया से लगभग 8 किलोमीटर दूर बसतकुंडी पंचायत के लखीपोखर जुगून टोला में स्थित जल टंकी पिछले कई महीनों से खराब पड़ी हुई है। जलापूर्ति ठप रहने के कारण क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। 28 फरवरी को पानी भरने पहुंची महिलाओं ने बताया कि जल टंकी महीनों से गैर-कार्यशील है, जिसके कारण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गर्मी के मौसम के आते ही समस्या और बढ़ने की आशंका है। महिलाएँ मजबूरन टंकी के पास स्थित एक नलकूप से पानी ला रही हैं। ग्रामीण पुरुषों ने भी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि टोले में मात्र दो नलकूप हैं, जो गर्मी के दिनों में बहुत कम पानी देते हैं। ऐसे में जल टंकी का खराब रहना पूरे टोले के लिए गंभीर पेयजल संकट का कारण बन गया है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार लाखों रुपए खर्च कर जल टंकी बनवाती है ताकि लोगों को बेहतर पेयजल उपलब्ध हो सके, लेकिन मरम्मत न होने के कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों एवं जल एवं स्वच्छता विभाग से मांग की है कि खराब जल टंकी की जल्द-से-जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से राहत मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### समाधान थाना दिवस में दर्ज कराई गई 7 शिकायतें




**कोंच(जालौन)**- कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 7 शिकायतें दर्ज की गई। थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने आए हुए फरियादियों की समस्याएं शिकायतें गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 7 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारियों को सौंपते हुए आवश्यक जांच और कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, आपसी रंजिश और सीमांकन से संबंधित सामने आई। इस मौके पर कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक लल्लूराम रावत, राजस्व विभाग से लेखपाल सुयश पाठक, अखिलेश कुशवाहा, दिनेश मिश्रा, प्रेमकिशोर निरंजन, संजना, हेमलता आदि अंकिता श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

### शिव गुप्ता ने जेईई मेन में किया कोंच टॉप



**कोंच(जालौन)**- नगर के होनहार छात्र शिव गुप्ता ने जेईई-मेन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उसने 96.47 अंक हासिल किए हैं जो नगर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्र शिव गुप्ता की इस उपलब्धि पर शनिवार को विद्यालय परिवार ने उसे विद्यालय में सम्मानित किया। प्रधानाचार्य एनडी जोशी ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय तंत्र का हमेशा से यह मानना रहा है कि उत्कृष्ट शिक्षा के साथ साथ उत्कृष्ट संस्कार भी बच्चे के भविष्य निर्माण में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में दो गिरफ्तार



**कोन (सोनभद्र)**। थाना कोन पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 25 फरवरी को दो युवकों ने नाबालिग को घर छोड़ने का झांसा देकर मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और उसे बरवाखाड़ गांव के जंगल में ले गए। वहां अश्लील हरकत करते हुए जबरन कपड़े खींचने का प्रयास किया गया। मामले में चाँचीकला निवासी श्यामविहारी चौहान की तहरीर पर थाना कोन में संबंधित धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने नामजद आरोपित मुस्तफा रजा (26) पुत्र करार हुसैन तथा सईदा हुसैन (18) पुत्र वाजुद्दीन निवासी देवाटन, थाना कोन को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी चाँचीकला उपनिरीक्षक लालजी यादव व हेड कांस्टेबल राजेश यादव शामिल रहे।

### मदनपुर पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** जिले में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मदनपुर थाना पुलिस ने शनिवार को दो लंबे समय से वांछित वारंटियों को गिरफ्तार करनेमेंसफलताप्राप्त कीहै। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में वांछित और वारंटी अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में मदनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में दबिश दी गई। मदनपुर थानाध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गोराखुर्द में कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को धर दबोचा। पकड़े गए वारण्टियों में ग्राम गोराखुर्द निवासी हरप्रसाद व जमना पुत्रगण स्व.पुनु पाल बताये गये हैं।

# तहसील से पावर हब तक, आधी सदी का साक्षी बना देवगढ़ की गोद में बसा ललितपुर

**●वर्ष 52 संघर्ष की मिट्टी से उभरा 'पावर और वाटर हब'**

**83 वर्षों की प्रतीक्षा, 52 वर्षों की विकास यात्रा और अब आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम (1974-2026)**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** 1 मार्च 2026 को ललितपुर अपना 52वां स्थापना दिवस मना रहा है। यह अवसर केवल एक प्रशासनिक वर्षगांठ नहीं, बल्कि उस जनभावना, संघर्ष और धैर्य का प्रतीक है जिसने 83 वर्षों तक तहसील से जिला बनने की लड़ाई लड़ी।1891 में ब्रिटिश शासन द्वारा तहसील का दर्जा मिलने के बाद भी ललितपुर लंबे समय तक झांसी जनपद का हिस्सा रहा। स्वतंत्रता के बाद जनआंदोलनों और क्षेत्रीय अस्मिता की मांग ने जोर पकड़ा और अंततः 1 मार्च 1974 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा ने तुवन मैदान से ललितपुर को जिला घोषित किया। ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक गौरवललितपुर का नामकरण रानी ललिता देवी के नाम से जुड़ा है। किंवदंती के अनुसार महाराज सुम्मेर सिंह यहाँ स्थित तालाब में स्नान कर रोगमुक्त हुए और उसी के बाद इस क्षेत्र को रानी ललिता के सम्मान में ललितपुर कहा गया। यह केवल एक नाम नहीं, बल्कि राजसी परंपरा, लोककथाओं और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। प्रशासनिक विस्तार से बदली तस्वीर1974 में सीमित प्रशासनिक ढांचे से शुरू हुआ यह जिला आज 5 तहसीलों –ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, मड़ावरा और पाली – तथा 6 विकास खंडों में विस्तृत है। जिला बनने के बाद सरकारी कार्यालयों, न्यायिक व्यवस्थाओं, शिक्षा संस्थानों और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थापना ने स्थानीय लोगों को झांसी या अन्य शहरों पर निर्भरता से काफी हद तक मुक्त किया। इससे क्षेत्रीय प्रशासनिक सशक्तिकरण हुआ और निर्णय प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर तेज हुई। कनेक्टिविटीः पिछड़े कोने से राष्ट्रीय कॉरिडोर तककभी प्रदेश का अंतिम छोर कहे जाने वाला ललितपुर आज एनएच-44 और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़कर उत्तर-दक्षिण आर्थिक गलियारे का हिस्सा बन चुका है। बेहतर सड़क संपर्क ने कृषि उत्पादों, खनिजों और ऊर्जा आपूर्ति को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया। आने वाले वर्षों में यह कनेक्टिविटी औद्योगिक निवेश के लिए सबसे बड़ा आधार साबित हो सकती है।

जल प्रबंधन- सूखे से जल-सरप्लस तकराजघाट, माताटीला, गोविंद सागर, जामनी और रोहिणी जैसे बांधों ने ललितपुर को बांधों का जिला बना दिया। बुंदेलखंड जो कभी सूखे के लिए बदनाम था, वहीं ललितपुर ने जल प्रबंधन के माध्यम से सिंचाई क्षमता बढ़ाकर कृषि उत्पादन में स्थिरता लाई। दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि ने किसानों की आय में सुधार किया। हालांकि भविष्य की चुनौती यह है कि जल



संरक्षण और भूजल स्तर के संतुलन को बनाए रखने के लिए माइक्रो-इरिगेशन और ड्रिप तकनीक को और बढ़ावा दिया जाए। ऊर्जा हब के रूप में पहचान1980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट और सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना ने ललितपुर को ऊर्जा मानचित्र पर स्थापित किया है। विद्युत उत्पादन ने न केवल राजस्व बढ़ाया, बल्कि जिले को औद्योगिक निवेश के लिए आकर्षक बनाया।अब आवश्यकता है कि ऊर्जा आधारित उद्योग, जैसे–फूड प्रोसेसिंग, सीमेंट, और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट–स्थापित कर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए।

खनिज संपदा- अवसर और संतुलनग्रेनाइट और रॉक फॉस्फेट की खदानों ने आर्थिक गतिविधियों को गति दी है।खनन से राजस्व और रोजगार बढ़ा, लेकिन पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। भविष्य की रणनीति में सस्टेनेबल माइनिंग और हरित पुनर्वास नीति को प्राथमिकता देना होगा।

पर्यटन- अतीत से भविष्य की ओर, देवगढ़ का दशावतार मंदिर, जैन मंदिर समूह, महावीर स्वामी अभयारण्य, नीलकंठेश्वर मंदिर, तुवन सरकार जैसे स्थल ललितपुर को धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन का केंद्र बनाते हैं।यदि बुनियादी सुविधाओं, होटलों और प्रचार-प्रसार को बेहतर किया जाए तो ललितपुर बुंदेलखंड का प्रमुख पर्यटन सर्किट बन सकता है। इससे स्थानीय हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। चुनौतियाँ अभी बाकी हैंमड़ावरा और महरौनी जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक पिछड़ापन,युवाओं का पलायन,कौशल विकास संस्थानों की कमी,स्वास्थ्य सेवाओं का ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित पहुंच।

समाधान की दिशा- प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क और बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल अथॉरिटी का विस्तार यदि समयबद्ध तरीके से लागू होता है, तो अगले 10 वर्षों में ललितपुर रोजगार के नए अवसरों का केंद्र बन सकता है।साथ ही, कौशल विकास केंद्रों और स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाओं पर विशेष ध्यान देना होगा।

संघर्ष से स्वाभिमान तक ललितपुर की 52 वर्ष की यात्रा बताती है कि संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि प्रबंधन और इच्छाशक्ति की जरूरत होती है।यह जिला आज पावर और वाटर हब की पहचान बना चुका है, लेकिन अगला लक्ष्य होना चाहिए। रोजगार और पर्यटन हब बनना।स्थापना दिवस केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की रणनीति तय करने का अवसर है।

ललितपुर का अगला दशक - विकास, संतुलन और आत्मनिर्भरता का दशक हो। 52वें स्थापना दिवस पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं!

# नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्डों और बस स्टैंड का किया औचक निरीक्षण



**● बस स्टैंड की प्याऊ और शौचालय में मिली गंदगी, सफाई के निर्देश**

**वार्डों में पाइप लाइन का काम जल्द पूरा करने की दी मोहलत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने शनिवार को पालिका टीम और जल निगम के अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों और सार्वजनिक स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता जांची और जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

**वार्ड नं. 5 व 11 में पाइप लाइन और सड़कों का बुरा हाल**

अध्यक्ष ने वार्ड संख्या 5 (झांसीपुरा) और वार्ड संख्या 11 (सिविल लाइन तृतीय) का भ्रमण किया। झांसीपुरा में माता मंदिर के पास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मोती मंदिर मार्ग पर जल निगम द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे मिले। मोहल्लेवासियों ने शिकायत की कि कई दिनों से गड्ढे न भरे जाने के कारण आवागमन बाधित है और पेयजल की भारी किल्लत है। इस पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जल निगम के अधिकारियों को होली पर्व के तत्काल बाद सड़क मरम्मत और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 मार्च तक पाइप लाइन डालने का कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

**बस स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव, यात्रियों ने जताई व्यथा**

होली के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए अध्यक्ष ने बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया। यात्रियों ने बताया कि प्रतीक्षालय में पंखे नहीं हैं और शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। मौके पर अध्यक्ष ने प्रतीक्षालय में तत्काल नए पंखे और लाइट लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही, बस स्टैंड पर स्थित प्याऊ में गंदगी देख उन्होंने सफाई निरीक्षक को फटकार लगाई और पानी की टंकी की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

**पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत**

निरीक्षण के दौरान वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी समस्याओं को रखा। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि शहर के विकास और जनसुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गौरवशाली 52 वर्ष जब मुख्यमंत्री बहुगुणा ने घोषणा कर ललितपुर को बनाया था जिला

**●1 मार्च 1974 को तुवन मंदिर के मैदान से हुई थी ऐतिहासिक घोषणा**

**आज उत्साह के साथ मनाया जा रहा स्थापना दिवस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड के हृदय स्थल ललितपुर के लिए आज का दिन ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। आज से ठीक 51 वर्ष पूर्व, 1 मार्च 1974 को ललितपुर को पृथक जनपद का दर्जा मिला था। स्थापना के 52वें वर्ष में प्रवेश करने पर समूचे जनपद में हर्ष का माहौल है और लोग उस ऐतिहासिक पल को याद कर रहे हैं जब ललितपुर की तकदीर बदली थी। वरिष्ठ स्तंभकार सिद्धार्थ शर्मा के अनुसार जिला निर्माण की गाथा 1 मार्च 1974 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन



यशस्वी मुख्यमंत्री स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा के आगमन के साथ शुरू हुई थी। ललितपुर के श्रीतुवन मंदिर मैदान पर एक विशाल आमसभा आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता तत्कालीन नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्व. पं. रामनारायण शर्मा कर रहे थे। इसी मंच से जब ललितपुर को जिला बनाने की पुरजोर मांग उठी, तो मुख्यमंत्री बहुगुणा ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मंच से ही घोषणा की। आज से आप लोग जिला ललितपुर लिखना शुरू कर दो, मैं आज से ललितपुर को जिला घोषित करता हूँ। आज मैं बोल करके जा रहा हूँ, उस दौर के गवाह बताते हैं कि मुख्यमंत्री बहुगुणा ने खेल की शब्दावली का प्रयोग करते हुए स्व. रामनारायण शर्मा को संबोधित कर कहा था कि शर्माजी, हॉकी के खेल की तरह अन्य लोग डी तक तो गेंद लेकर आते थे परंतु गोल नहीं कर पाते थे, आज मैं गोल करके जा रहा हूँ। उनकी इस घोषणा के साथ ही पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था। घोषणा के बाद 13 मार्च 1974 को ललितपुर जिला आधिकारिक रूप से क्रियान्वित हुआ। तत्कालीन जॉइंट मजिस्ट्रेट रवि माथुर को ललितपुर के पहले जिलाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इस पूरे घटनाक्रम और जिला निर्माण की विस्तृत गाथा को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं युवक कांग्रेस के पहले जिलाध्यक्ष अशोक रिछारिया ने भी ऐतिहासिक साक्ष्यों के साथ संजोया है। आज ललितपुर अपनी विकास यात्रा के 52वें साल में कदम रख रहा है। इस खास मौके पर जनपदवासियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए उन विभूतियों को याद किया जिनके संघर्षों से यह जिला अस्तित्व में आया।

# बी- पैक्स नगवां पर ग्रामीणों को जोरदार प्रदर्शन, किया चुनाव रद्द कराने की मांग

**●ग्रामीणों ने लगाया सचिव के ऊपर धांधली का आरोप, किया कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र** – नव सृजित विकास खण्ड कोन अंतर्गत ससनई बहु. उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति ( बी - पैक्स) नगवां में ग्राम पंचायत सदस्यों / समिति के सदस्यों सहित स्थानीय लोगों ने सहकारी समिति के चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाया है। शुक्रवार को बी पैक्स नगवां पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिंडारी विदेश निषाद के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन करते हुए चुनाव रद्द कराने की मांग किया है।प्रदर्शन में



मुख्य रूप से ग्राम प्रधान राजेश्वर, संतोष और जगत नारायण, बालेश्वर यादव पूर्व प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव द्वारा बगैर सूचना दिये अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के दृस्टीकोण से शुक्रवार को खानापूर्ति की गई है। जिसके क्रम में ग्राम पंचायत सदस्यों सहित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र लिखकर सहकारी समिति के चुनाव में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए चुनाव रद्द कराने की मांग किया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार चुनाव की समय-सारणी और संबंधित जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। सचिव ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नियमों को ताक पर रखते हुए गुपचुप तरीके से अपने पसंदीदा लोगों के लिए चुनाव संपन्न कराया,ग्रामीणों ने इस पूरी प्रक्रिया को गैर-कानूनी बताते हुए संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया है। इस बावत एडीसीओ से सेल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नहीं हो सका।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ककरी में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया होली मिलन समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –एनसीएल ककरी परियोजना आवासीय परिसर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, ककरी के प्रांगण में शनिवार को होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक उल्लास के साथ रंगों के पावन पर्व का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष लालसाराम, सदस्य एवं अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक प्रवक्ता हेमंत योगी द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने उपस्थित मुख्य अतिथियों का परिचय कराया। उन्होंने अपने संबोधन में होली के आध्यात्मिक और सामाजिक



महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कोषाध्यक्ष ने अपने संबोधन में अनुशासन और प्रेम के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि ईर्ष्या और द्वेष को भुलाकर एक होने का पर्व है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएँ दीं। होली की खुशियों को दोगुना करते हुए प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय के समस्त आचार्यों एवं कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह के इस पावन अवसर पर विद्यालय के संगीताचार्य विमलेश्वर सिंह ने होली गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर समस्त आचार्य गण और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर इं. राजीव रेजा को दी विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- खंड विकास कार्यालय कोंच में तकनीकी सहायक के पद पर पदस्थ इं.राजीव रेजा के सेवानिवृत्त हो जाने पर शनिवार को ब्लॉक कार्यालय में संयोजित किए गए विदाई समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि इं.राजीव रेजा ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली, समयबद्धता और व्यवहार कुशलता विभाग के लिए प्रेरणादायी रही। एडीओ हरीशंकर, प्रशांत श्रीवास्तव, कुसुम निरंजन, सुनील बाबू, राजेन्द्र दुबे, रवि बाबा, सचिव नरेंद्र, वसीम, पूनम, शिल्पी, निधि, आकांक्षा, पवन तिवारी आदि स्टॉफ सदस्यों ने भी रेजा के कार्यों की सराहना करते हुए आगामी सामाजिक पारी के लिए



उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्टॉफ सदस्यों ने रेजा का तिलक और माल्यार्पण कर अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व श्रीफल भेंट किए। वहीं इन भावुक क्षणों के बीच रेजा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी सेवाकाल में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहा जिसे वह कभी विस्मृत नहीं कर सकेंगे। उन्होंने सहयोग देने के लिए सभी सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्टॉफ सदस्यों के अलावा ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### होली पर्व पर स्कूल बंद होने से पूर्व बच्चों ने जमकर खेली होली

**कोंच(जालौन)**- रंगों के उल्लास से परिपूर्ण होली पर्व को लेकर शनिवार को स्कूलों की छुट्टी हो गई है लेकिन बंद होते स्कूलों में बच्चों ने एक दूसरे पर रंग और गुलाल खेल कर खूब मस्ती की। बाजारों में भी बच्चे अपने बड़ों के साथ रंग और पिचकारियां खरीदने में उन्हें अपनी पसंद और नापसंद बताते हुए देखे गये। लगभग सभी स्कूलों में होली पर्व की छुट्टी के पूर्व शनिवार को बच्चों का आखिरी दिन था जिसको देखते हुए स्कूल प्रशासन ने उन्हें होली खेलने की छूट दे दी जिसके बाद स्कूली बच्चे एक-दूसरे पर रंगों और गुलाल की बौछार करने लगे। घंटों होली खेलने के बाद वे रंगों में सराबोर होकर अपने घरों को पहुंचे। इधर, बाजारों में भी बच्चे रंग, गुलाल और पिचकारियों की खरीद करते दिखे ताकि 3 मार्च को वह अपने संग साथियों के साथ जमकर धमाल कर सकें। सूरज ज्ञान न्यू सिटी स्कूल, माई होम, मदर्स प्राइड, ऐबेनेजर, पं. रामस्वरूप रावत विद्यालय सहित लगभग सभी स्कूलों में बच्चों ने जमकर होली खेली।

# कर्नाटक संपर्क क्रान्ति एक्सप्रेस में जेबकतरा सक्रिय

**●यात्री के पार किए 13,500 रुपये**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रेल यात्रा के दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के सामान और नकदी पर हाथ साफ करने वाले गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। ताजा मामला झांसी-मिरज रेल मार्ग पर चलने वाली चंडीगढ़-यशवंतपुर कर्नाटक संपर्क क्रान्ति एक्सप्रेस (22686) से सामने आया है, जहां एक यात्री की जेब से अज्ञात उचक्के ने 13,500रुपये कीनकदीउड़ादी।जानकारी के अनुसार महाराष्ट्रके कोल्हापुर निवासी राजेश मिश्रा अपने परिवार के साथ झांसी से मिरज की यात्रा कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि वह ट्रेन की जनरल बोगी में सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने चलती ट्रेन में वेंडर से चाय ली और पैसे चुकाए, उस वक्त उनके पास नकदी सुरक्षित थी। लेकिन कुछ ही देर बाद जब उन्होंने अपनी जेब चेक की, तो उनके होश उड़ गए। उनकी पैंट की जेब में रखे 500-500 रुपये केकुल 27 नोट (कुल 13,500 रुपये) गायबथे।पीड़ित राजेश मिश्रा के मुताबिक, जनरल बोगी में यात्रियों की भारी भीड़ थी, जिसके कारण वह पूरी यात्रा के दौरान खड़े होकर सफर कर रहे थे। इसी भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात बदमाश ने बड़ी सफाई से उनकी जेब काट ली। चोरी का अहसास होने पर उन्होंने कोच में नीचे तलाश की और आसपास के यात्रियों से भी पूछताछ की, लेकिन रुपयों का कोई पता नहीं चला।घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी ललितपुर ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी गई है।

# जैन विश्व भारती संस्थान में सरल मानक संस्कृतम पर राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

**●संस्कृत को जनसुलभ और व्यावहारिक बनाने पर विशेषज्ञों ने दिया जोर**

**नई दिल्ली और राजस्थान के विद्वान रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के प्राकृत एवं संस्कृत विभाग द्वारा सरल मानक संस्कृतम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा को उसके प्राचीन स्वरूप से निकाल कर सरल, व्यावहारिक और जन सुलभ बनाकर




व्यापक प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करना था। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. जिनेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि संस्कृत मात्र एक प्राचीन भाषा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, दर्शन और महान ज्ञान परंपरा की मूल आधारशिला है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी के लिए संस्कृत को संवाद योग्य और उपयोगी बनाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्य अतिथि श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. दिनेश कुमार यादव ने संस्कृत के वैश्विक महत्व और इसके शैक्षणिक आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस कार्यशाला को मानकीकृत संस्कृत शिक्षण की दिशा में एक अत्यंत उपयोगी पहल बताया। विशिष्ट अतिथि एनसीईआरटी नई दिल्ली के डा.देवकीनंदन शर्मा ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संस्कृत को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखकर बोलचाल की भाषा के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।वरिष्ठ प्रो.दामोदर शास्त्री ने रोचक उदाहरणों के माध्यम से सरल संस्कृत के प्रयोगों को स्पष्ट किया। वहीं, राजस्थान संस्कृत अकादमी की पूर्व अध्यक्षा सुषमा सिंघवी ने प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वह संस्कृत को अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में अपनाकर इसके संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं।संचालन डा. सब्यसाची सारंगी ने किया, जबकि डा.सत्यनारायण भारद्वाज ने आभार जताया।

# संक्षिप्त खबरें

## केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में 35 जवानों की हुई पदोन्नति



**घाटमपुर।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल घाटमपुर में जीटीपीपी यूनिट में पदस्थ 35 जवानों को कांस्टेबल से सीनियर कांस्टेबल पद पर पदोन्नति किया गया, पदोन्नति प्रदान करने का कार्य क्रम एनयूपीपीएल, जीटीपीपी यूनिट परिसर में आयोजित सैनिक सम्मेलन के दौरान संपन्न हुआ, यह पदोन्नति ईकाई प्रभारी उपसमादेस्टा, उप कमांडेंट सूरज राय,, तथा उपेंद्र कुमार सहायक समादेष्टा, फायर,की गरिमा मयी उपस्थित में प्रदान की गई,,इस अवसर पर पदोन्नति कर्मियों को नई जिम्मेदारी के निर्वाहन हेतु प्रेरित किया गया, तथा कर्तव्यनिष्ठा अनुशासन एवं समर्पण के साथ दायित्व निभाने का संदेश दिया गया,, कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पदोन्नति कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी उत्क्रष्ट कार्य करते हुए संगठन की प्रतिष्ठा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे,, सैनिक सम्मेलन सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## कुष्ठ रोगी खोजी महा अभियान के तहत् सीएचसी बिधनू में प्रशिक्षण

**घाटमपुर।** कुष्ठ रोगी खोजी महा अभियान के अंतर्गत शनिवार को बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम चिकित्सा अधीक्षक डॉ नीरज सचान की उपस्थिति में आयोजित किया गया,इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को घर घर सर्वे के माध्यम से संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान , प्रारम्भिक लक्षणों की जानकारी संदिग्ध मरीजों को चिन्हित करने की प्रक्रिया तथा समय पर उपचार उपलब्ध कराने के बारे में विस्तार से बताया गया, अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य छिपें हुए रोगियों को खोजकर उन्हें शीघ्र इलाज से जोड़ना और समाज फैली भ्रांतियों को दूर करना, है चिकित्सा अधीक्षक डॉ नीरज सचान ने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है समय पर पहचान और नियमित दवा से मरीज़ सामान्य जीवन जी सकता है, उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अपील की वे सर्वे के दौरान सजगता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें,,ताकि कोई भी मरीज छूट न सकें, प्रशिक्षण में आशा, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आबादी के बीच डंप हो रहा कूड़ा, लोग परेशान



**सिद्धार्थनगर-** नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर 13 पंडित दीनदयाल नगर के इटवा - तुलसीपुर मार्ग के बगल नगर पंचायत के सफाई ठेकेदार गला-सड़ा कूड़ा जमा कर रहे हैं। इससे आसपास के लोग परेशान हैं। वार्ड सभासद शाहिद व वार्डवासी मोहम्मद अख्तर, हकीकुल्लाह, हामिद, लालजी चौधरी, अवधेश श्रीवास्तव और सपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह आदि का कहना है कि आबादी के बीच कूड़े का ढेर लगाना चिंता का विषय है और संक्रामक रोग फैलने की आशंका है, वार्डवासियों ने शनिवार को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मांग की है कि इस समस्या से निजात दिलाई जाए। इस संबंध में ईओ अखिलेश दीक्षित का कहना है कि सफाई कर्मचारियों को नोटिस दे दिया गया कि आज से वहां पर कूड़ा नहीं गिराया जाएगा।

### दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार, बानपुर पुलिस की कार्रवाई

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार थाना बानपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 32/2026, धारा 85, 80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त ग्राम वीर निवासी अतीश उर्फ कृष्णकांत पुत्र अमोद पाल एवं अमोद पाल पुत्र जानकी प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। वांछितों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक विपिन डेडा शामिल रहे।

# गुम हुए मोबाइल फोनों की ट्रैकिंग एवं बरामदगी की कार्यवाही को और अधिक सुदृढ बनाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** दिनांक 28.02.2026 को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा कार्यालय पर सेन्ट्रल जोन के अंतर्गत समस्त थानों पर नियुक्त नामित नोडल अधिकारीगण एवं संबंधित पुलिस कर्मियों की समीक्षा बैठक आहूत कर CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सतत मॉनिटरिंग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। समीक्षा के दौरान गुम हुए मोबाइल फोनों की ट्रैकिंग एवं बरामदगी की कार्यवाही को और अधिक सुदृढ़ एवं परिणामोन्मुख बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर निर्देश दिए गए। CEIR पोर्टल पर नियमित लॉगिन सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त सूचनाओं/अलर्ट का समयबद्ध परीक्षण कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाए।

ट्रेस किए गए मोबाइल फोनों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करते हुए प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए। शासन द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। कार्य की नियमित समीक्षा कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाए, जिससे तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके। पुलिस उपायुक्त ने निर्देश दिए कि CEIR पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल फोनों की बरामदगी की कार्यवाही को प्राथमिकता पर संचालित किया जाए तथा पोर्टल की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, साइबर शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि साइबर प्रकरणों में प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों का समयबद्ध परीक्षण कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा पीड़ितों को यथाशीघ्र राहत प्रदान करने हेतु संवेदनशीलता एवं सक्रियता के साथ कार्य करें।

# बाल वैज्ञानिकों ने 100 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए

**● विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, अतिथियों ने सराहा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को त्रिपाठी नगर डेरवा के लॉजिकल एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपनी कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए 100 से अधिक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए।प्रदर्शनी का शुभारंभ बाघराय के स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र निरीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने छात्रों द्वारा प्रदर्शित वैज्ञानिक मॉडलों का निरीक्षण किया। डाक्टरों की टीम ने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान का है और ऐसी प्रदर्शनियां वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता तथा नवाचारों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।डाक्टरों की टीम ने छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को नई खोज करने और निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शिव सागर शुक्ला ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय की भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया।

विद्यालय के मेधावी छात्रों ने विभिन्न स्टालों पर सौ से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों में प्रोजेक्टर, वेंडिंग मशीन, वाटर साइकिल, वाटर फिल्टर, एस्केलेटर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, शहर और गांव के बीच अंतर, बैलेंस डाइट, पौधों के भाग, वैक्यूम क्लीनर, स्मार्ट सिटी, विंड मिल पावर प्लांट, फ्री एनर्जी जनरेटर और थ्री डी होलोग्राम जैसे नवाचार शामिल थे।उपस्थित अतिथियों ने लायंस क्लब के अध्यक्ष संतोष पांडेय, डॉ वाईयन गुप्ता, डॉ राम पांडेय,डॉ शिवानी शुक्ला, डॉ उमाकांत ओझा,डॉ सगीर,और लायंस क्लब के नीलेश कुमार मिश्रा आदि ने इन मॉडलों की वैज्ञानिक क्षमता और रचनात्मकता की सराहना की। इस दौरान विद्यालय के कॉर्डिनेटर धीरज पांडेय ,अकाउंटेंट धर्मेंद्र शुक्ला, विनोद मिश्रा, कार्यक्रम संचालक सुशील तिवारी, सुशील मिश्रा, एक्टिविटी इंचार्ज कविता, पायल, पिंकी, अनुपमा कल्पना,बिजरानी, शुभा,कोमल, आरती, पूनम, सीमा, शिवम मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर में 286 किसानों को मिले डीजल पंप सेट : मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत हुआ वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित 2015-16 से उथले नलकूप पर पम्पसेट स्थापना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद सिद्धार्थनगर के लिए कुल आवंटित 344 पम्पसेट के सापेक्ष 286 पम्पसेट का वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। बिना गारन्टी के 05 लाख तक ऋण उद्योग स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान सम्मान निधि देकर अच्छे ढंग से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को सिंचाई करने में काफी असुविधा होती थी। खर्च कम करने के उद्देश्य से पम्पसेट का वितरण किया जा रहा है। जिससे किसानों को सिचांई करने में आसानी होगी तथा बचत भी होगी। जब किसान समृद्ध होगा तभी देश व प्रदेश विकसित होगा ।

सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई सिद्धार्थनगर द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानो के मध्य दी गयी तथा सिंचाई सुविधा का लाभ लेकर किसानो को नकदी फसल जैसे फल, गन्ना, सब्जी, केला की खेती करने हेतु प्रेरित किया गया तथा शेष 58 डीजल पम्पसेट की आपूर्ति प्राप्त होते ही होली बाद वितरण होने का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, गौरव कुमार सिंह प्रवेश कुमार, विनोद कुमार त्रिपाठी अवर अभियन्ता शेषनरायन मिश्र, जमाल अहमद, सन्तोष कुमार पंकज चौधरी, रमेश कुमार सिंह बोरिंग टेक्नीशियन, अब्दुल खालिक आदि उपस्थित रहे ।

### सीबीएसई बोर्ड के 12वीं की रसायन विज्ञान में 2767 छात्रों ने दी परीक्षा

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड 12 वीं की परीक्षाएं प्रतापगढ़ के सात परीक्षा केंद्रों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आत्रेय एकेडमी, संस्कार ग्लोबल स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल तथा जेएमजी पब्लिक स्कूल कालाकांकर में हुई। शनिवार को कक्षा 12 वीं के केमिस्ट्री का पेपर हुआ। इस परीक्षा में प्रतापगढ़ के 47 सीबीएसई के विद्यालयों के 2818 परिक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिसमें 2767 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। छात्रों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 10 बजे तक पहुंचना अनिवार्य था, क्योंकि 10 बजे के बाद परीक्षा केंद्रों का प्रवेश बंद करने का निर्देश सीबीएसई ने दिया है।सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा ऑब्जर्वर की देख रेख में सकुशल सम्पन्न हुई। केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों में से कुछ ने प्रश्न पत्र को बहुत सीधा और सरल बताया तथा कुछ ने मॉडरेट कहा। सभी प्रश्न एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक से ही लिए गए थेन्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयरपर्सन डॉ.शाहिदा ने बताया कि सीबीएसई 12 वीं की अगली परीक्षा 09 मार्च को गणित विषय की होगी। सीबीएसई 10 वीं की अगली परीक्षा 02 मार्च को हिंदी की होगी।

# क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले : राज्यसभा सांसद

**●प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिलान्यास समारोह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** बढ़नी ब्लाक के अहिरौला में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भुतहवा में नए भवन का शिलान्यास शनिवार को राज्यसभा सांसद बृजलाल ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के आम जनमानस को चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं मिले । इसके लिए उन्होंने कई पीएचसी में भवन निर्माण के लिए अपनी सांसद निधि से धन आवंटित किया है।इसी क्रम में अहिरौला में भी 69.50 लाख रुपए की लागत से पीएचसी का भवन बनेगा। जिसमें लेबर रुम,स्टाफ रुम इत्यादि के निर्माण होगा। इससे नेपाल से सटे दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएचसी के चिकित्सक भवन निर्माण की देखरेख करते रहें। निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए।इस दौरान सीएमओ डा.रजत चौरसिया, परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,अपना दल एस के जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर चौधरी, एमओआईसी डा.अविनाश चौधरी,जेई सिडिको वैभव सिंह,ग्राम प्रधान लालसिंह चौधरी,मयंक शुक्ल,जेपी शर्मा,अजय यादव,श्याम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# श्री रामकथा का भंडारे के साथ हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर क्षेत्र के कमसार गांव के राम-जानकी मन्दिर पर चल रहे नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा का समापन श्री धाम अयोध्या से पधारी कथावाचिका ज्योति किशोरी ने श्री राम राज्याभिषेक के वर्णन के साथ अत्यंत हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। समापन दिवस पर पूरा गांव जय श्री राम के जयघोष और भक्तिमय भजनों से गुंजायमान रहा। इस आध्यात्मिक आयोजन ने न केवल कमसार बल्कि आसपास के क्षेत्रों को भक्ति मय का माहौल बना दिया। कथावाचिक ने भगवान श्रीराम के जीवन के आदर्शों, त्याग, मर्यादा और धर्म स्थापना के प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राम राज्य केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि न्याय, प्रेम, करुणा और समरसता का प्रतीक है। कथा के माध्यम से श्रोताओं को बताया गया कि मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से आज के युवाओं को धैर्य, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेनी चाहिए। अंतिम दिन श्री राम राज्याभिषेक का आकर्षक मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के विग्रहों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन और तिलक किया गया। जैसे ही राज्याभिषेक की घोषणा हुई, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। इस आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा। कथा की पूर्णाहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## डीएम ने वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीपीपैट वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की, साथ ही उन्होने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं उनकी सतत निगरानी की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम एवं वीवीपैट के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय उपस्थित रहे।

# अवध एकेडमी में साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अवध एकेडमी में साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने वैज्ञानिक विचारों और क्राफ्ट कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर और गुब्बारे उड़ाकर साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया।अवध एकेडमी के प्रबंधक वजीह उद्दीन हैदर और प्रिंसिपल नायाब बेगम ने मुख्य अतिथि डॉ. नीरज त्रिपाठी को बुके देकर और शाल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. नीरज त्रिपाठी, अवध अकैडमी के प्रबंधक और प्रिंसिपल ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी और मशहूर वैज्ञानिकों के चित्र पर माला पहनकर और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान और क्राफ्ट में छात्रों की रुचि को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। यह प्रदर्शनी छात्रों को अपने विचारों को प्रदर्शित करने का एक अच्छा अवसर है। डॉ. त्रिपाठी ने आगे कहा कि विद्यालय परिवार शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में सदैव काम करती रही है। हम छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल और क्राफ्ट आइटम प्रदर्शित किए, जिनमें सोलर एनर्जी, जल संरक्षण, राम मंदिर, जल शोधन प्रक्रिया, और दीपावली में सजावट से जुड़े आर्ट के मॉडल शामिल थे।विद्यालय परिवार में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में मुख्य रूप से लता पांडेय,गीता सिंह, शिफा, गौरी, नहीदा, नाज, सादफ, ऐमान, नेहा, वंदना, उषा श्रीवास्तव,उषा रावत, शाहीस्ता, सना, रवि अग्रहरी, मोहम्मद अरमान, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे।

# विद्यालय विकास में एसएमसी का सहयोग आवश्यकः रामू प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** किसी भी विद्यालय के विकास में विद्यालय प्रबंध समिति का सहयोग बहुत आवश्यक है, बिना उनके सहयोग के विद्यालय का विकास, और बच्चों के शिक्षा जैसे मूल अधिकार का शत प्रतिशत क्रियान्वयन संभव नहीं है। इसलिए विद्यालय के समितियों का चयन/गठन वहां के छात्र छात्राओं के अभिवावकों के मध्य से ही किया जाता है। ताकि उनकी निगरानी में विद्यालय की सुरक्षा और उसका सर्वांगीण विकास हो सके। ये बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद ने शनिवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर के सभागार में आयोजित एक दिवसीय विद्यालय प्रबंध समिति के प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अध्यक्ष/उपाध्यक्ष तथा प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्य के सहयोग से ही 6 से 14 वय वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन संभव होगा, तथा नामांकन के पश्चात उन सबकी उपस्थिति और ठहराव भी सुनिश्चित होगा, मध्यान्ह भोजन और डीबीटी से प्राप्त धनराशि से ड्रेस, जूता मोजा, बैग, स्वेटर, कॉपी कलम के मद में सही-सही उपभोग होगा। और एसएमसी के सदस्यों के सहयोग से ही विद्यालय की संपत्ति सुरक्षित रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान समिति के गठन, कार्य और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई द्य प्रशिक्षण का कुशल संचालन प्रशिक्षक शफीकुर्रहमान, मशहूर आलम, अशोक चौधरी, संदीप प्रभाकर ने किया। प्रशिक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष में जलालुद्दीन, फ़ैयाज अहमद, संजय, पुनीता, सुनीता आदि के अलावा शिक्षक अब्दुल अजीज, बेचन प्रसाद, जग्गल प्रसाद, अब्दुल मोबीन, केशव मणि मिश्र, नगमा बानो, रुचि त्यागी, रेनू मालिक, वंदना सिंह, सीमा मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# होली-रमजान त्योहार को लेकर प्रशासन अलर्ट

**●आगामी पर्वो को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** आगामी होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा हिंदू-मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक पुलिस लाइन के में आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के प्रतीक हैं। ऐसे में सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे त्योहारों को मिल-जुलकर मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि बाजारों में सुरक्षा, साफ-सफाई और निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। डीएम ने कहा होलिका दहन ग्रामसभा के निर्धारित स्थलों पर ही किया जाय, किसी के व्यक्तिगत जमीन पर न किया जाय।डीएम ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि डीजे निर्धारित ध्वनि मानकों के आधार पर ही बजाया जाए। यदि जांच के दौरान डीजे तय मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने प्रशासन की कार्यशैली की खुलकर सराहना की। डेरवा के एक ज्वैलरी व्यापारी ने जिलाधिकारी द्वारा कैंप लगाकर शस्त्र लाइसेंस वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और जनहितकारी बताया।बैठक के अंत में प्रशासन और व्यापार मंडल के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने, नियमित संवाद स्थापित करने तथा किसी भी समस्या के त्वरित समाधान पर सहमति बनी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व शांति समिति के सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

# होली व रमजान के त्यौहारों को लेकर जिलाधिकारी ने धर्मगुरुओं व प्रबुद्धजनों के साथ की शान्ति समिति की बैठक

**●होली व रमजान के त्यौहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं जनपदवासीः जिलाधिकारी**

**आयोजन स्थल व सोशल मीडिया पर पुलिस करेगी कड़ी निगरानी, अराजकता फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही**

**निर्धारित मानक के अनुसार बजाये जायेंगी डीजे, उल्लंघन करने पर प्रभावी कार्यवाही करने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के धर्मप्रमुखों व प्रबुद्धजनों साथ शान्ति समिति की बैठक कर आमागी होली व रमजान के त्यौहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाये जाने की अपील की, साथ ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को त्योहारों के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान अशान्ति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, इसके अलावा पुलिस अधिकारी होलिका दहन हेतु चिन्हित स्थलों पर सतत् निगरानी रखें, कोई भी अराजक तत्व उत्पात न मचाये। त्यौहार पूरी शान्ति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने अलग अलग क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी तैनात किये हैं जो प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेगें। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपील की कि ललितपुर में हमेशा आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाये जाते रहे हैं, इस वर्ष भी हमें इस परम्परा को कायम रखना है, आप सभी अपने-अपने लोगों तक प्रशासन का यह संदेश पहुंचाएं, साथ ही उन्हें समझाये कि त्यौहार के दौरान किसी भी तरह की अराजकता न हो।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि होली के दौरान कोई भी शराब पीकर हुरदंग न मचाये, इसके लिए प्रत्येक होली दहन स्थल पर पुलिस बल तैनात करें, साथ ही सोशल मीडिया पर भी गहन निगरानी रखें, यदि कोई धर्म, सम्पदाय या किसी विशेष वर्ग या व्यक्ति को लेकर भड़काऊ पोस्ट डालता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इसके अलावा डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्धारित मानक के अनुसार डीजे बजाने के निर्देश दिये जायें, यदि इसका उल्लंघन हो तो तत्काल प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए। साथ ही शराब बंदी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें।

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजन स्थलों पर पीस कमेटी की बैठकें कर लें, साथ ही अराजक तत्वों पर नजर रखें, यदि कोई त्यौहार में या सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाता है तो उससे सख्ती से निपटें। इसके अलावा सभी सार्वजनिक स्थलों पर चैंकिंग अभियान चलाएं।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल संस्थान, स्वास्थ्य व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

